राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-319
लखनऊ, मंगलवार 09 जुलाई 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पर्यटन का गढ़ बनकर उभरा है यूपी : जयवीर सिंह 03

किसी सूरत में नहीं बदलेगा देवभूमि का स्वरूप : सीएम धामी 12

## संक्षिप्त समाचार

### दो महिला नक्सली सहित चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा/रायपुर।** सुकमा जिले में सक्रिय दो महिला नक्सली सहित चार नक्सलियों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में एएसपी नक्सल ऑप्स मनीष रात्रे के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित नक्सली कई वारदातों में शामिल रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''नियद नेल्ला नार '' योजना से प्रभावित तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव व नक्सली हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय दो महिला नक्सली सहित चार नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

### केजरीवाल की याचिका पर हाईकोर्ट का ईडी को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की हफ्ते में 4 बार वकीलों से मिलने की मांग की याचिका पर सोमवार (8 जुलाई) को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने मामले को लेकर तिहाड़ अधिकारियों और ईडी को नोटिस जारी किया है। केजरीवाल ने याचिका में कहा था कि उनपर देशभर में 35 अलग-अलग मामले चल रहे हैं। फिलहाल उन्हें हफ्ते में 2 ही बार वकीलों से मिलने की अनुमति है। उन्हें कम से कम 4 बार वकीलों से मिलने की इजाजत मिलनी चाहिए। केजरीवाल ने जेल में 2 अतिरिक्त मीटिंग की याचिका पहले ट्रायल कोर्ट में लगाई थी।

### जैन गुफाएं हमारी अनमोल विरासत : राष्ट्रपति मुर्मू

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर ओडिशा दौरे पर हैं। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने भुवनेश्वर में उदयगिरी पहाड़ी स्थित जैन गुफाओं के समूह का भ्रमण किया। राष्ट्रपति ने कहा कि इस दौरान उन्होंने भारतीय संस्कृति और विरासत का अनुभव किया। मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, ष्ओडिशा के भुवनेश्वर में उदयगिरि पहाड़ी पर स्थित जैन गुफाएं प्रारंभिक भारतीय रॉक-कट वास्तुकला के दुर्लभ नमूने हैं।

# भवनों के व्यावसायिक उपयोग पर ज्यादा हाउस टैक्स वसूलेगी सरकार

▸ नगर पालिका परिषदों नगर पंचायतों में भी लागू होगी व्यवस्था

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** प्रदेश सरकार बड़े शहरों की तरह छोटे शहरों में भी भवनों का व्यावसायिक उपयोग कर ज्यादा मुनाफा कमाने वालों से दो से तीन गुना तक हाउस टैक्स लेगी। अभी तक यह व्यवस्था केवल नगर निगम वाले 17 शहरों में ही लागू थी। अब नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में भी इसी तरह हाउस टैक्स की वसूली की जाएगी।



प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस बाबत मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद उप्र. नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 जारी कर दी है। इसके आधार पर अब नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में भी हाउस टैक्स की वसूली होगी। इन शहरों में रहने वाले भवन स्वामी स्वयं अपना हाउस टैक्स तय कर निकायों में जमा कर सकेंगे।

**इन लोगों से की जाएगी सामान्य हाउस टैक्स की वसूली**

नियमावली के अनुसार, सरकारी छात्रावास, राजकीय या सहायता प्राप्त संस्थानों, स्वीमिंग पुल, क्रीड़ा केंद्र, जिम, शारीरिक स्वास्थ्य केंद्र, थियेटर केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम वाले, संगीत व नृत्य केंद्र से नियत दर के समान हाउस टैक्स लिया जाएगा। इसी क्रम में लघु औद्योगिक इकइयां, एकल स्क्रीन सिनेमाघर, 120 वर्ग फीट या 11.14 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की चाय की दुकान, दूध, डबलरोटी, अंडे, धोबी, लांड्री, फल, सब्जी, फोटो स्टेट, हेयर ड्रेसर व दर्जी की दुकान वालों से सामान्य हाउस टैक्स की वसूली की जाएगी।

**इन लोगों से दोगुना हाउस टैक्स वसूलने की तैयारी**

वहीं, मेडिकल स्टोर, प्रत्येक प्रकार के वाणिज्यक काम्प्लेक्स, स्थापित बाजारों में स्थित दुकानें, टेंट हाउस, भवन निर्माण सामग्री की दुकान और निजी कोचिंग संचालकों से दोगुना हाउस टैक्स लिया जाएगा। उदाहरण के लिए सामान्य भवन का जितना हाउस टैक्स होता है, इन भवनों से इसका दोगुना हाउस टैक्स वसूलने की तैयारी है।

## सेना के वाहन पर आतंकी हमला, चार जवान शहीद

▸ छह लोग घायल, दो महीने में सेना के वाहन पर दूसरा अटैक

एजेंसी

**श्रीनगर।** आतंकियों ने सेना के इस वाहन पर हमला किया। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम मचहेड़ी क्षेत्र में तलाशी ले रही थी, जब आतंकियों ने उन पर फायरिंग की। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार (8 जुलाई) को आतंकियों के हमले में 4 जवान शहीद हो गए। 6 घायल हैं। घटना लोहि मल्हार ब्लॉक के मचहेड़ी क्षेत्र के बडनोटा गांव की है।

पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम मचहेड़ी क्षेत्र में दोपहर 3.30 बजे तलाशी ले रही थी, तभी आतंकियों ने घात लगाकर ग्रेनेड से हमला किया। फायरिंग भी की। इसके बाद सेना ने पूरे इलाके को घेर लिया है। आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ जारी है। सेना के अफसर ने बताया, इस हमले में 10 जवान घायल हुए थे। इनमें से चार की जान चली गई। 6 का अभी इलाज चल रहा है। पहले 2 और कुछ समय बाद 4 जवानों के घायल होने की खबर आई थी। यह 2 महीने में सेना के वाहन पर दूसरा आतंकी हमला है। इससे पहले 4 मई को पुंछ के शाहसितार इलाके में एयरफोर्स के काफिले पर हमला हुआ था, जिसमें कॉर्पोरल विक्की पहाड़े शहीद हो गए थे और 4 अन्य जवान घायल हो गए थे। आतंकियों ने सुरक्षाबलों के दो वाहनों पर भारी फायरिंग की।

## समाजवादी पार्टी वृक्षारोपण सप्ताह के तहत मेदनीपुर में 151 पौधों का रोपण



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सोमवार को समाजवादी पार्टी वृक्षारोपण सप्ताह के उपलक्ष्य में मेदनीपुर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य, विकास यादव पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा, पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मानस भट्टाचार्य, हबीबुल रहमान खान प्रदेश महासचिव पश्चिम बंगाल, अशोक राम, प्रभाकर जायसवाल, कृष्णकांत जायसवाल, यश जायसवाल, प्रद्युम्न जायसवाल, वसीम खान, अफरोज अंसारी व सैकड़ों कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में 151 पौधों का रोपण किया गया। अन्य जिलों में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया की अधिक से अधिक पौधारोपण करें ताकि वातावरण को अच्छा रखना सफलता हासिल हो।

### बोनस अंक व आयु सीमा में छूट देने को सुप्रीम कोर्ट ने माना सही, एसएलपी खारिज

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रबोधक भर्ती-2008 में राज्य सरकार की ओर सरकारी शैक्षणिक परियोजनाओं में काम कर चुके अभ्यर्थियों को बोनस अंक व आयु सीमा में छूट देने के प्रावधान को सही माना है। वहीं इस संबंध में हाईकोर्ट की ओर से 21 मई, 2010 को दिए आदेश को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश महेश चन्द बारेठ व अन्य की एसएलपी को खारिज करते हुए दिए।सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सरकारी शैक्षणिक परियोजनाओं में शिक्षकों को बोनस अंक व आयु में छूट देने का राजस्थान सरकार का फैसला उचित था और ऐसे में खंडपीठ के आदेश में किसी भी तरह का दखल देने की जरूरत नहीं है। एसएलपी में राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें एकल पीठ के 7 जनवरी, 2009 के आदेश को बरकरार रखते हुए खंडपीठ ने अपील खारिज कर दी थी।

## यूपी में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, चार आईएएस अफसरों का हुआ तबादला

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर योगी सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए आज यानी सोमवार को कई आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए हैं। आईएएस अनुराग जैन सीडीओ अम्बेडकरनगर को महराजगंज का नया सीडीओ बनाया गया है। इन अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। जल्द ही यह अफसर अपना नया कार्यभार संभालेंगे।

बता दें कि लोकसभा चुनाव के बाद से योगी सरकार एक्शन मोड पर आ गई थी। चुनाव के बाद से ही तबादलों का सिलसिला शुरू हो गया है। सरकार ने अब तक कई आईएएस, कई आईपीएस और कई पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। आज यानी सोमवार को भी चार आईएएस के तबादले किए गए है। इन अधिकारियों में



आईएएस अनुराग जैन, आईएएस अनिल कुमार सिंह, आईएएस अनिल सिंह, अपर प्रबंध निदेशक यूपीएसआरटीसी प्रणता ऐश्वर्या के नाम शामिल है। आईएएस अनुराग जैन सीडीओ अम्बेडकरनगर को महराजगंज का नया सीडीओ बनाया गया है। आईएएस अनिल कुमार सिंह सीडीओ लखीमपुर खीरी का तबादला सीडीओ महराजगंज किया गया था। उन्होंने अभी प्रभार नहीं संभाला है। आईएएस अनिल सिंह को अपर निबंधक बैंकिंग सहकारिता बनाया गया है। अपर प्रबंध निदेशक यूपीएसआरटीसी प्रणता ऐश्वर्या को सीडीओ अम्बेडकरनगर बनाया गया।

### स्पिनर कुलदीप यादव ने सीएम से की भेंट



टी-20 विश्वकप विजेता टीम के सदस्य कुलदीप यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इसे एक शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है। कुलदीप यादव ने टीम के विजेता बनने के सफर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और टीम इंडिया के प्रमुख स्पिनर हैं।

## नीट यूजी में परीक्षा की पवित्रता से हुआ समझौता : उच्चतम न्यायालय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने स्नातक स्तर की मेडिकल समेत कुछ अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दौरान कथित अनियमितताओं को एक स्वीकृत तथ्य मानते हुए सोमवार को कहा कि इसकी व्यापकता तय होने के बाद फैसला किया जा सकता है कि संबंधित परीक्षा दोबारा कराने की जरूरत है या नहीं।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़,न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि इस परीक्षा की पवित्रता से समझौता हुआ। पीठ ने केंद्र सरकार,



परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच प्रगति संबंधी विवरण 10 जुलाई तक अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देशक दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 11 जुलाई को करेगी। परीक्षा देने वाले कुछ संबंधित छात्रों ने बड़े पैमाने पर परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए दोबारा परीक्षा आयोजित कराने की मांग करते हुए अलग-अलग दायर की हैं, जबकि कुछ ने याचिका दायर इसका (दोबारा परीक्षा) विरोध किया है।

## मास्को पहुंचने पर पीएम मोदी का भव्य स्वागत

एजेंसी

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूस की राजधानी मास्को पहुंचने पर देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की। श्री मोदी का विमान स्थानीय समयानुसार पौने तीन बजे मॉस्को के वनुकोवो अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरा।

रूसी सरकार ने उन्हें दुर्लभ सम्मान देते हुए प्रथम उप प्रधानमंत्री श्री मंतुरोव को श्री मोदी की अगवानी के लिये भेजा। गौरतलब है कि यह पहला मौका था कि जब श्री मंतुरोव ने किसी विदेशी शासनाध्यक्ष की हवाईअड्डे पर अगवानी की है। इससे पहले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मॉस्को यात्रा के दौरान श्री मंतुरोव से कनिष्ठ उप प्रधानमंत्री ने उनकी अगवानी की थी। श्री मोदी को रूसी सशस्त्र सेनाओं की एक संयुक्त टुकड़ी ने सलामी गारद पेश की और



इसके बाद श्री मंतुरोव श्री मोदी के साथ एक ही कार में सवार हो कर होटल के लिए रवाना हो गये। रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने श्री मोदी के सम्मान में स्थानीय समयानुसार शाम सात बजे से नौ बजे के बीच निजी रात्रिभोज एवं बैठक का आयोजन किया है।

प्रधानमंत्री 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूस के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 8-9 जुलाई को मॉस्को की आधिकारिक यात्रा पर आये हैं। मॉस्को में प्रधानमंत्री क्रेमलिन में अज्ञात सैनिक की कब्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे और उसके बाद मॉस्को में प्रदर्शनी स्थल का दौरा करेंगे। इन कार्यक्रमों के बाद दोनों नेताओं के बीच एक एकांत में बातचीत होगी, जिसके बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति श्री पुतिन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। श्री मोदी नौ जुलाई को दोपहर बाद मास्को से विएना जाएंगे। ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के निमंत्रण पर श्री मोदी 9-10 जुलाई को ऑस्ट्रिया में रहेंगे। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की ऑस्ट्रिया की पहली यात्रा होगी। भारत से आखिरी प्रधानमंत्री ऑस्ट्रिया की यात्रा पर 40 वर्षों पहले हुई थी।

### गाजीपुर में दंपति समेत परिवार के तीन सदस्यों की हत्या

**मऊ।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के नंदगंज क्षेत्र में घर पर सो रहे पति-पत्नी व पुत्र की गला रेत कर हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि बीती रात कुसुम्हीकला के खिलवा मौजा निवासी मुंशी बिंद (45), उनकी पत्नी देवांती (40) घर के बाहर झोपड़ी में सो रहे थे जबकि बड़ा पुत्र रामाशीष (20) घर के अंदर सो रहा था, जिनकी अज्ञात हमलावरों ने गला रेतकर हत्या कर दी। घटना का पता तब चला जब मृतक मुंशी बिंद का छोटा बेटा आशीष गांव में ही आयोजित एक आर्केस्ट्रा कार्यक्रम देखकर वापस घर लौटा तो उसने माता-पिता को घर के बाहर लहूलुहान देखा। जब वह घर के अंदर भाग कर बड़े भाई को जगाने गया तो वह भी रक्त रंजित पाया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया सुनियोजित हत्या प्रतीत हो रही है।

## मणिपुर को लेकर केंद्र सरकार संवेदनशील नहीं : राहुल गांधी

▸ असम के बाढ़ पीड़ितों व मणिपुर हिंसा के पीड़ितों से मिले राहुल

एजेंसी

**इंफाल/गुवाहाटी।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार (8 जुलाई) को असम-मणिपुर का दौरा किया। उन्होंने असम के बाढ़ पीड़ितों और मणिपुर हिंसा के पीड़ितों से मुलाकात की। राहुल ने मणिपुर के हालात पर राज्य की गवर्नर अनुसुइया उइके से भी मुलाकात कर अपना पत्र सौंपा।

राहुल की आधे घंटे ज्यादा समय तक गवर्नर से चर्चा हुई। इसके बाद राहुल पार्टी के कार्यालय पहुंचे और वहां प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मणिपुर के हालात पर



चिंता जताई। राहुल ने कहा कि मणिपुर में मेरा तीसरा दौरा है। मुझे लगा था कि यहां के हालात में सुधार हुआ होगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ है। ग्राउंड लेवल पर कोई इम्प्रूवमेंट नहीं है। मणिपुर को लेकर केंद्र सरकार बिल्कुल भी संवेदनशील नहीं है। मुझे नहीं लगता कि यहां के हालात सुधरेंगे। राहुल ने कहा कि में रिलीफ कैंप में गया और हिंसा पीड़ित लोगों की बातें सुनीं। लोगों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिया है। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि नफरत से कोई रास्ता नहीं निकलेगा।

# सपा प्रतिनिधि मंडल ने जांच में पाया कि पीड़ित के साथ हुआ अन्याय

**सत्ता पक्ष के दबाव में पुलिस ने पीड़ित के खिलाफ लिख दिया केस**

समृद्धि न्यूज

**कमालगंज/फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने पहुंचकर जांच पड़ताल में पाया कि सपा के ब्लाक अध्यक्ष के साथ अन्याय हुआ है। न्याय दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी उच्च अधिकारियों से बात करेगी तथा पीड़ित की हर सम्भव मदद की जायेगी।

कमालगंज ब्लॉक के ग्राम नगला जोध में सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा गठित किये गये प्रतिनिधि मंडल ने सपा के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद पाल के घर पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अरविंद



ग्राम नगला जोध में मौजूद सपा प्रतिनिधि मंडल

पाल के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। बात करने के उपरांत दूसरे पक्ष की भी बात सुनी गई और विवादित जमीन भी देखी गई जहां अरविंद पाल के अनुसार गलत तरीके से दूसरे पक्ष ने खिड़की और गेट लगवाए व उनके परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट की। वहीं क्षेत्राधिकारी, नायब तहसीलदार एवं थानाध्यक्ष दलबल के साथ मौजूद रहे। उनकी मौजूदगी में प्रथम दृष्टया प्रतिनिधिमंडल ने अरविंद पाल के साथ अन्याय होना पाया।

इस मौके पर **पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू** ने दोनों पक्षों की बात सुनकर दोनों पक्षों को

▸ पीड़ित कार्यकर्ता को न्याय दिलाने के लिए सपा प्रतिबद्ध : डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

▸ पूर्व सांसद ने दोनों पक्षों से बीच का रास्ता निकालने की कही बात

समझाने का प्रयास किया व जमीन को लेकर खड़े विवाद को बीच का रास्ता निकालने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा की प्रथम दृष्टया मामला यह प्रतीत होता है कि अरविंद पाल के साथ गलत हुआ और इन्हें न्याय मिलना चाहिए।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी का कोई कार्यकर्ता अपने आप को अकेला ना समझे समाजवादी पार्टी हर कार्यकर्ता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा वह अपने कार्यकर्ता के साथ गलत नहीं होने देंगे। प्रदेश सचिव एवं अमृतपुर से विधानसभा प्रभारी डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि वह और उनकी पार्टी अपने कार्यकर्ता के साथ हुए अन्याय को लेकर उच्च अधिकारियों से बात करने के लिए और उसे न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह चाहते हैं कि पीड़ित को उचित न्याय मिले और उसकी जमीन वापस मिले। किसी किसी भी पार्टी कार्यकर्ता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। कार्यकर्ता की लड़ाई पूरी दमदारी के साथ लड़ी जायेगी और अपनी बात को प्रशासन के समक्ष रखेंगे। जरुरत पड़ी, तो आंदोलन का रास्ता भी अपनाया जा सकता है। **डॉ नवल किशोर शाक्य** ने कहा कि शासन और प्रशासन से अपील है कि पीड़ित को न्याय अवश्य दिया जाए। समाजवादी पार्टी हर पीड़ित के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। गांव के पिछड़े लोगों को दबाया न जाए। पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि वह उच्च अधिकारियों से भी अपील करते हैं कि मामले की गंभीरता को देखते हुए बगैर सत्ता पक्ष के दबाव में आए पीड़ित को न्याय दिलाने का काम करें।

**प्रदेश सचिव सर्वेश अंबेडकर** ने कहा यह मामला सत्ता संरक्षण का लगता है, जबकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है फिर भी यह जरूर दिख रहा है कि सत्ता पक्ष के सहयोग से पीड़ित सपा ब्लॉक अध्यक्ष के परिजनों के साथ मारपीट की गयी। उसी पर पुलिस द्वारा मुकदमा भी लिख दिया गया। यह सरासर अन्याय है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, भोजपुर विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष बृजेश पाल ने प्रतिनिधिमंडल में मौजूद रहकर पीड़ित परिवार को पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा दिलाए जाने की अपील की। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव डॉ0 सुभाष पाल, राजेंद्र पाल, राकेश दिवाकर राका, नफीस अहमद, अनुराग यादव, अशोक अंबेडकर, बंटी यादव, शिव शंकर शर्मा, अत्ताउल्लाह, इरफान खुर्शीद, गौरव यादव, शिवम यादव, अखिल कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे। जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने बताया कि आज की रिपोर्ट प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रदेश नेतृत्व को भेज दी जाएगी।

### उत्तर प्रदेश में 13 जुलाई तक बारिश की संभावना

**कानपुर।** उत्तरी पूर्वी हवाओं से तापमान बढ़ गया है जिससे उत्तर प्रदेश के लोगों को उमस भरी गर्मी परेशान करने लगी है। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी 13 जुलाई तक हल्की से मध्यम व भारी बारिश स्थानीय स्तर पर होती रहेगी। चंद्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर एसएन सुनील पांडे ने सोमवार को बताया कि मानसून की अक्षय रेखा समुद्र तल पर बीकानेर, सीकर, ग्वालियर, सीधी, डाल्टनगंज, कोंटाई और फिर पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी से होकर गुज़र रही है। पश्चिमी विक्षोभ एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तरी पाकिस्तान और आस-पास के इलाकों में 3.1 किमी की ऊंचाई पर है, जिसमें मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक द्रोणिका है, जिसकी धुरी समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर लगभग 72 डिग्री पूर्व देशांतर के साथ 32 डिग्री उत्तरी अक्षांश के उत्तर में बनी हुई है।

# नदी उफनाने से कई गांव जलमग्न, कटान रोधी कार्य बहा



**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पहाड़ी व मैदानी क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश के बाद नदियां उफान पर है। धौरहरा तहसील क्षेत्र में उफनाई घाघरा व शारदा नदियों का पानी गांवों में भर गया है जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है । क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांव जलमग्न हो गए हैं जिनमें एक से डेढ़ फिट पानी भर गया है। तहसील प्रशासन गांवों में भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले बाढ़ पीड़ितों की मदद कर रहा है। धौरहरा तहसील क्षेत्र के ईसानगर ब्लाक के कैरातीपुरवा के गांव बंशी बेली, पौंड पुरवा , शीतला

**▸ घाघरा नदी में बह रहा 2.77 लाख क्यूसेक पानी**

पुरवा, लोधपुरवा, भंडारी पुरवा, मझरी आदि सभी गांवों में स्थित बेहद खराब है। बनबसा बैराज से छोड़े गए पानी से क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। रविवार देर रात से ही इन गांवों में उफनाई नदियों का पानी पहुंचने लगा।

जिससे गांवों में एक से डेढ़ फिट पानी लोगों के घरों तक पहुंच गया। सोमवार सुबह एसडीएम राजेश कुमार , तहसीलदार आदित्य विशाल , नायब तहसीलदार शशांक शेखर मिश्रा , लेखपाल शशांक शेखर शुक्ला , लेखपाल नितेश मिश्रा आदि कैराती पुरवा गांव पहुंचे जहां अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन देने के साथ ही लंच पैकेट वितरित करवाने के निर्देश सम्बन्धित को दिए।

> कैरातीपुरवा में बाढ़ खण्ड द्वारा करवाए गए कटान रोधी कार्य का एक किनारा करीब तीस मीटर कट गया है । जिसे बाढ़ खण्ड को ठीक करवाने के लिए कहा गया है, गांव में निरीक्षण कर बाढ़ पीड़ितों को लंच पैकेट वितरित करवाने के लिए क्षेत्रीय राजस्व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।
>
> **आदित्य विशाल, तहसीलदार धौरहरा**

### कैराती पुरवा में 30 मीटर बहा कटान रोधी कार्य

धौरहरा क्षेत्र में प्रति वर्ष घाघरा व शारदा नदियां कटान कर तबाही मचाती है । कटान से बचाव के लिए प्रति वर्ष बाढ़ खण्ड कटान रोधी कार्य करवाता है। इसी क्रम में बाढ़ खण्ड द्वारा इस वर्ष करवाया गया कटान रोधी काम करीब तीस मीटर बह गया। ग्रामीणों से जानकारी मिलने के बाद एसडीएम राजेश कुमार ने गांव पहुंच कर स्थिति का जायजा लेने के साथ ही बाढ़ खण्ड को बहे कटान रोधी कार्य को ठीक करवाने के निर्देश दिए हैं। कटान रोधी करवाए गए कार्य को कोई छति नही पहुंची है। वह सुरक्षित है। नदी में 2.77 हजार क्यूसेक पानी बह रहा है जिसके तेज बहाव के चलते जीवो बैग को ढकने के लिए डाली गई मिट्टी बह गई है जिसे पानी कम होते ही ठीक करवा दिया जाएगा।

**–एचआर वर्मा एई बाढ़ खण्ड शारदानगर**

# युवक की डूबने से मौत, पीएम के लिए भेजा शव

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में हुई मूसलाधार बरसात के दौरान एकत्रित हुए पानी के बहाव में साइकिल से बैंक जा रहा युवक अनियंत्रित होकर गहरे पानी मे जाकर डूब गया जिसकी जानकारी होने पर सैकड़ों लोगों के साथ पुलिस मौके पर पहुचीं जहां गोताखोरों की मदद से उसकी खोज की गई तबतक उसकी सांसें थम चुकी थी।

अचानक हुई घटना के बाद परिवार में चीखपुकार मच गई वही शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कस्बा धौरहरा से बबुरी मार्ग पर बने रपटा पुल पर करीब दो फिट पानी की धारा बह रही है। जिसमें सोमवार सुबह



धौरहरा कुम्हेना पिपरिया निवासी मनोज (28) पुत्र हरद्वारी सायकिल से उसी में होकर बैंक में पैसे लेने जा रहा था कि साइकिल समेत पानी के बहाव में रपटा पुल के नीचे गिरकर डूब गया।

जिसकी जानकारी होते ही मौके पर तत्काल पहुचीं कोतवाली पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरो के माध्यम से उसकी खोजबीन शुरू की गई जो काफी देर बाद साइकिल समेत मिल तो गया पर तबतक उसकी सांसें थम चुकी थी। अचानक घटित हुई घटना की जानकारी होते ही जहां मृतक के परिवार में चीखपुकार मच गई वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। ज्ञात हो मृतक की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी जिससे एक पुत्री भी है।

# बीडीओ ने बाढ़ क्षेत्रों का दौरा कर दिया मदद का भरोसा



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लगातार बारिश और नदियों में छोड़े जा रहे पानी से बन रहे बाढ़ के हालात का बीडीओ ने सोमवार को जायजा लिया।

उन्होंने बाढ़ प्रभावित गांवों का नाव से दौरा कर परेशान परिवारों को सतर्क रहने और सुरक्षित जगहों पर जाने को कहा। साथ ही प्रशासन की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिया। विकास खण्ड क्षेत्र के बरसोला कलां, तिकुनियां, रननगर, इंदरनगर, खैरटिया और दीपनगर गांवों में मोहाना और कौड़ियाला आदि नदियों की वजह से बन रहे बाढ़ के हालात देखने खण्ड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह के साथ ग्राम विकास अधिकारी आसिफ खान सोमवार को पहुंचे। उन्होंने मोहाना और कौड़ियाला नदियों में पानी की स्थिति देखी। साथ ही उन गांवों तक गए जहां पानी पहुंच गया है। कुछ घरों में भी पानी पहुंच गया है। वहाँ नाव से पहुंचे बीडीओ ने उनका हालचाल लिया तथा हर संभव मदद का भरोसा दिया। उधर लगातार बरसात से लालपुर के पास माइनर का बंधा टूटने से गांव में पहुंच रहे पानी से जलभराव रोकने को बीडीओ जयेश सिंह ने जेसीबी से बंधे को ठीक कराया। इसके साथ ही अदलाबाद जाकर शारदा नदी का जलस्तर देखा और ग्रामीणों से बात कर सतर्क रहने को कहा। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत मुड़ा बुजुर्ग का जायजा लिया जहाँ लगभग ९ मजरे जैसे निषादनगर, तरनागर, प्रतापगढ़ शंकरी गौढ़ी आदि गाँव बाढ से प्रभावित हो गये है जिसमे ग्राम पंचायत अधिकारी उपदेश वर्मा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार, हल्का लेखपाल ने मिल कर नाव डलवाये जिससे आवगमन बाधित ना हो, साथ ही तहसील प्रशासन लांच पैकेट भी बटवाये गये।

## इस्कान लखीमपुर ने मनाई भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा

**लखीमपुर खीरी।** शहर के इस्कान मंदिर द्वारा जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मंदिर परिसर में सैंकड़ों भक्तों की अगुवाई में धूम धाम से सम्पन्न हुआ। इसकी शुरुआत प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र व माता सुभद्रा जी को छप्पन भोग अर्पित कर की गई, उपरांत इसके सभी भक्तों ने कीर्तन, जप व प्रभु की आरती की। इस्कान लखीमपुर के संचालक सुनील मुकुंद प्रभु ने बताया कि मंदिर परिसर में कार्यक्रम के दौरान जगन्नाथ जी की रथ झांकी भी सजाई गई जिसमें सैंकड़ों भक्तों ने सहभागिता कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस विशेष अवसर पर इस्कान लखीमपुर द्वारा सभी भक्तों के लिए भव्य प्रसादम की भी व्यवस्था की गई। समस्त जानकारी मन्दिर मीडिया प्रभारी नूतन मिश्रा व स्पर्श सिन्हा ने दी।

# गांव-गांव में पाइप लाइन लोगों के लिए बनी अभिशाप

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गांव के विकास के लिए जल निगम द्वारा डाली गई लाइन गांव वालों के लिए मुसीबत बन गई है। जिससे लोगों को रास्ते से निकलने में बहुत ही ज्यादा परेशानी हो रही है। लेकिन जिम्मेदार लोगों पर इसका कोई भी असर नहीं पड़ रहा है। पहला मामला पसगवॉ विकासखंड की ग्राम पंचायत रामपुर ग्रांट का है। रंजीतपुर बंगाली कॉलोनी पनाहपुर में पाइपलाइन डालने के लिए जहां पर ठेकेदार द्वारा खोदी गई पाइप लाइन को कई दिनों से ऐसे ही छोड़ दिया गया है जिससे रोड के किनारे पड़ी मिट्टी बरसात होने के कारण पूरे रोड पर आ गई है जिसके कारण दो पहिया वाहन साइकिल सवार और पैदल चलने वाले लोग रोजाना मिट्टी में फिसल कर गिरते हैं और चोटिल होते हैं?




ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इसकी सूचना संबंधित जेई को दी जा चुकी है लेकिन जिम्मेदारों के कान पर जू तक नहीं रेग रही है शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

यहां पर स्थित संविलियन विद्यालय पनाहपुर के प्रधानाचार्य सब्बन खान का कहना है कि रोड से विद्यालय के लिए आए रास्ते को भी ठेकेदारों द्वारा खोद दिए जाने के कारण विद्यालय आने वाले बच्चों को बहुत ही परेशानी हो रही है बच्चे कीचड़ से निकलकर व मुश्किल विद्यालय पहुंचते हैं जिनमें से कई बार बच्चे कीचड़ में गिर भी जाते हैं। ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत शिशोरा नासिर में है। यहां के मजरा बरैची जहां के ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा गांव में कभी भी कोई भी सफाई कार्य नहीं कराया जाता है जिसके कारण पूरे गांव में भीषण गंदगी फैली है और बरसात के मौसम में पूरे गांव में दलदल बनी हुई है जरा सी बारिश होने में ही गलियों में 1 फीट से ऊपर पानी भर जाता है और पैदल चलने वाले साइकिल और मोटरसाइकिल से निकलने वाले लोग रोजाना फिसल कर गिरते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रही सही कसर जल निगम वालों ने पूरी कर दी पाइपलाइन डालने के लिए खोदे गये गढ्ढे कई दिनों तक नहीं भरे गए। अभी पिछले दिनों इनमें फंसकर एक भैंस काफी घायल हो गई थी जिसको ग्रामीणों द्वारा बहुत ही मुश्किल से निकाला गया। इसके बाद ग्रामीणों ने खुद ही रास्ते को ईटों से बराबर किया।

**▸ ग्रामीण बोले कई बार सूचना जेई को दी जा चुकी है लेकिन जिम्मेदारों के कान पर जू तक नहीं रेग रहा**

# ज्वैलर्स की दुकान में चोरी होने के दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**▸ घटना की रात बीटीएस की रेंज में आए मोबाइल नंबर की हो रही है जांच**

**▸ चोरी का मुकदमा दर्ज कराकर खुलासे के लिए मोहम्मदी सर्किल की तीन टीमें लगातार खुलासे को लेकर कर रही काम**

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में शनिवार रात सराफा और किराना व्यापारी राजेश गुप्ता की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने सराफा और किराना की दुकानों से 800 ग्राम सोना, 32 किलोग्राम चांदी के लाखों की कीमत के जेवर, बीड़ी सिगरेट, गुटखा और 10 लाख की नकदी पर हाथ साफ कर दिया था। रविवार सुबह घटना का पता चलते ही क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गयी।

उचौलिया क्षेत्र में अतीत की अब तक की सबसे बड़ी चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह मौके पर पहुंचे।

बड़ी चोरी की घटना की खबर जिले के आला अफसरों तक पहुंची तो सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह और बाद में एएसपी नैपाल सिंह मौके पहुंचे। सीओ मोहम्मदी ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराकर खुलासे के लिए मोहम्मदी सर्किल की तीन टीमें गठित की वहीं जिले की कई टीमें लगातार खुलासे को लेकर काम कर रही है। क्राइम ब्रांच, सर्विलांस टीम, स्वाट काम कर रही है। घटना की रात बीटीएस की रेंज में आए मोबाइल नंबर की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने राजेश गुप्ता की दुकान पर काम करने वाले नौकरों से भी पूछताछ की है।

> सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की घटना में अभी कुछ खास प्रगति नहीं हुई है। मोहम्मदी सर्किल की तीन टीमों के अलावा बीटीएस टीम, क्राईम ब्रांच टीम लगी हैं। व्यापारी के नौकरों से पूछताछ की गयी है।

# पत्रकार विनोद गुप्ता का हार्टअटैक से निधन, छाई शोक की लहर

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी जिले के निघासन थाना क्षेत्र के लुधौरी गांव के रहने वाले दैनिक अख़बार से जुड़े युवा पत्रकार साथी विनोद गुप्ता का आज हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। इससे पहले कभी उनको हार्ट से संबधित कोई समस्या नही थी। सुबह करीब 10 बजे अचानक से उनको सीने में दर्द हुआ परिजन इलाज के लिए नजदीकी सीएचसी निघासन लेकर पहुंचें वहां पर कोई हार्ट का डॉक्टर नही है। वहां के डाक्टरों ने हालत गम्भीर होने पर उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, रास्ते में ही उनका निधन हो गया। क्षेत्रफल की दृष्टि से सूबे के सबसे बड़े जिले में



हार्ट अटैक से यह कोई पहली मौत नही है इससे पहले भी कई लोग हार्ट अटैक से अपनी जान गवां चुके हैं। जनपद वासियों के लिए यह दुर्भाग्य की बात है कि केंद्र से लेकर राज्य में डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी यूपी के सबसे बड़े जिला लखीमपुर खीरी में हार्ट का कोई डॉक्टर नही है। जिले के लोग काफी अरसे से हार्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टर की तैनाती की मांग कर रहे हैं पर कोई सुनने वाला नही है। विनोद अपने पीछे अपनी पत्नी व दो बेटी एक बेटे को छोड़कर इस दुनिया को अलविदा कह कर चले गए।

# जलभराव से सांपो की बढ़ी उपस्थिति ग्रामीण भयभीत



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तराई क्षेत्र में बसे उत्तर प्रदेश के जिला लखीमपुर खीरी बरसात के महीने में मानो कुछ क्षेत्रवासियों के लिए अभिशाप बन जाता है।

जहां धौरहरा तहसील के दर्जनों गांव घाघरा व शारदा नदियों के उफान और तेज बारिश के चलते जलमग्न रहते है ऐसे में आम जनमानस को न सिर्फ जल भराव की समस्या को झेलना पड़ रहा है बल्कि जल भराव में बहकर आने वाले काले जहरीले सांप के भी खतरे का भय बना रहता है। धौरहरा तहसील क्षेत्र अंतर्गत खमरिया में हल्की बरसात के चलते तालाब में तब्दील हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया में मरीज और तीमारदारों को इलाज के लिए जान जोखिम पर डालकर आना पड़ रहा है। जान का जोखिम सिर्फ मरीजों को ही नहीं बल्कि वहां इलाज करने वाले चिकित्सा कर्मियों को भी बना रहता है क्योंकि भारी जल भराव में स्वास्थ्य केंद्र के भवन के आसपास काले जहरीले सांप मंडराते दिखाई देते हैं। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि इस बात की जानकारी उन्होंने उच्च अधिकारियों को कई बार दी है।इससे पूर्व भी पिछले वर्ष महिला स्वास्थ कर्मी को सांप ने काट लिया था। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि अगर यही समस्या बनी रही तो यहां ड्यूटी कर पाना मुश्किल हो जाएगा। बता दें 40 गांव के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया में अपना इलाज करवाने आते हैं।

बरसात के महीने में और नदियों के कटान के चलते अस्पताल परिसर में जल भराव हमेशा बना रहता है और आने वाले मरीजों तथा तीमारदार समेत चिकित्सा कर्मियों को सर्प दंश का भय हमेशा व्याप्त रहता है।

> सीएचसी अधीक्षक पंकज कुमार भार्गव ने बताया कि समस्या से संबंधित उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका हूं।

# एसडीएम तहसीलदार लगातार कर रहे तराई क्षेत्र का दौरा

**▸ बाढ़ के पानी की चपेट में आए दर्जनों गांव, धरी रह गईं प्रशासन की परियोजनाएं**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील गोला क्षेत्र के बिजुआ इलाके के दर्जनों गांव सोमवार को बाढ़ के पानी की चपेट में आ गए। प्रशासन द्वारा बनाया गया बझेड़ा में बंधा तेज बहाव में कट गया पानी बंधे है के ऊपर से बहता हुआ नजर आया। बिजुआ एवं फूलबेहड क्षेत्र के सैकड़ों गांव में बाढ़ की चपेट में आ गए। निरीक्षण को पहुंचे गोला एसडीएम ने बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



पहाड़ों पर कई दिन हुई लगातार बारिश के बाद उत्तराखंड के बनबसा बैराज से कई बार पानी छोड़ा गया जिस कारण सोमवार को बिजुआ एवं फूल बेहड़ क्षेत्र के सैकड़ो गांव बाढ़ के पानी की चपेट में आ गए। जहां तक नजर जा रही है वहां तक मटमैला पानी ही नजर आ रहा है शारदा नदी का वहाव इतनी तेज है कि दूर तक डराने वाली आवाज सुनाई दे रही है। सड़कें कट चुकी हैं फसलें जलमग्न हो चुकी हैं। घरों में पानी भर चुका है लोग मायूसी के साथ अपने घरों में भरा पानी देख रहे हैं। भारी मानसून की बारिश और पहाड़ों से आने वाले पानी के चलते शारदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच चुका है। ऐसे में पलिया भीरा राजमार्ग दो दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। सरकार की तरफ से कटान रोकने के लिए लगाई गई बांस वाली और सीमेंट की बोरियों से बनाई गई ठोकरें जिनमें कुछ बची हैं और कुछ पानी में समा गई हैं। सोमवार को गोला एसडीम विनोद कुमार गुप्ता व क्षेत्रीय लेखपाल अविनाश मिश्रा ने तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव जौहरा गुजारा, पूजा गांव मुड़िया, आषाढी, बेलहा सिकटिहा,रामनगर,डंबल टांडा, बझेड़ा, रेवतीपुरवा, रूरा सुल्तानपुर, करसौर, का स्थलीय भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने निकटवर्ती बाढ़ चौकी में शिफ्ट होने का अनुरोध किया।

तहसील प्रशासन द्वारा पूजा गांव के मजरा मुड़िया, करसौर, रूरा सुल्तानपुर में कम्युनिटी किचन के जरिए लंच पैकेट वितरित किया। प्रशासन की ओर से उनके आवागमन हेतु नाव भी लगाई गई। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दौरान बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भी पहुंचया गया। तहसील प्रशासन की ओर से लोगों के आवागमन हेतु नाव भी लगाई गई हैं।

# परिवार परामर्श केन्द्र में पांच जोड़े की सुलह समझौते से हुई विदाई

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

परिवार परामर्श केन्द्र मे परिवारों को विघटन से रोक कर सुलह समझौते से आपसी मनमुटाव को समाप्त कराके विदाई कराने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।

बताते चले कि जिसमें पति पत्नी मे मतभेद होने के बाद एक दूसरे पर शिकायते करते है और इतना ही नही काफी काफी समय से अलग भी रह रहे हैं जिससे परिवारों में विघटन जैसी स्थित उत्पन हो रही है। ऐसे मामलों मे परिवार परामर्श केन्द्र के काउन्शलर के सहयोग से पुलिस विभाग के कर्मचारियो द्वारा सुलह समझौते का प्रयास कराया जाता है।

**▸ परिवार परामर्श केन्द्र के काउन्शलर के सहयोग से पुलिस विभाग के कर्मचारी करते है सुलह समझौते का प्रयास**

इसी क्रम में 05 जोड़े पति पत्नी मे अथक प्रयास से बिदाई कराई गयी है और बिदा किये गये दांपतियो का कुशलक्षेम मालूम करने के लिए पुनः अग्रिम तिथि नियत करके बुलाया गया। इस तरह से मनमुटाव समाप्त कराके बिदाई कराने का काफी सराहनीय कार्य परिवार परामर्श केन्द्र के द्वारा किया जा रहा है।

# विद्यालय में हुए जलभराव को लेकर बीडीओ ने जल निकासी का दिया निर्देश

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड कस्ता कॉलोनी प्राथमिक विद्यालय में लगातार हो रही बरसात के कारण जल भराव की स्थिति बन गई थी जल भराव होने के उपरांत जल भराव की सूचना मिलने पर खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार ने तत्काल प्रभाव से ग्राम पंचायत अधिकारी धीरेंद्र वर्मा तथा ग्राम प्रधान अजमेर अली से बरसाती जल निकास की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश जारी किए गए। ग्राम प्रधान अजमेर अली एवं ग्राम पंचायत अधिकारी धीरेंद्र वर्मा ने



तत्काल प्रभाव से प्रांगण का पानी निकलवाने की व्यवस्था कराई गई अब नव निहाल बच्चे सुगमता से विद्यालय जाकर अपना पठन-पाठन कर सकेंगे।

# जेसीआई इण्डिया, मण्डल 3 के मिडकॉन में लखीमपुर खीरी ने लहराया परचम



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जेसीआई संगठन के मण्डल 3 का मिडकॉन पीलीभीत में संपन्न हुआ था। जेसीआई लखीमपुर खीरी से संस्थाध्यक्ष कुमार उत्कर्ष के नेतृत्व में 13 सदस्यीय टीम ने सहभागिता की। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की चेयरमैनशिप मण्डल उपाध्यक्ष जेसीआई लखीमपुर के कनिष्क बरनवाल द्वारा की गई। अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली को दर्शाते हुये मध्य सत्र के इस विशेष मण्डलीय कार्यक्रम में जेसीआई लखीमपुर के सदस्यों ने धूम मचा दी और 18 पुरस्कारों को अपने नाम किया। पुरस्कारों की श्रंखला में मुख्य रूप से सर्वश्रेष्ठ उपाध्यक्ष हेतु शुभम टण्डन, सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु उपविजेता पुरस्कार, स्टार लॉम व सर्वश्रेष्ठ रीज़न लॉम हेतु उपविजेता, रीज़न के सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष हेतु कुमार उत्कर्ष को उपविजेता, मण्डल उपाध्यक्ष एक्सीलेंस अवार्ड दिलीप बरनवाल, प्रबंधन क्षेत्र में विजेता पुरस्कार अमित अग्रवाल, इसके साथ मिडकॉन में सर्वाधिक सहभागिता हेतु भी जेसीआई लखीमपुर को पुरस्कृत किया गया।

कुल 18 पुरस्कार अपने नाम करके जेसीआई लखीमपुर ने अपनी धाक कायम रखी। मीडिया प्रभारी आर्येन्द्र पाल सिंह ने बताया कि समाजसेवी गतिविधियों, प्रशिक्षण व प्रबंधन क्षेत्र में जेसीआई लखीमपुर सदैव अग्रणी भूमिका में रहा है। इस वर्ष कुमार उत्कर्ष के नेतृत्व में संस्था की टीम नित नूतन आयामों को छू रही है। पीलीभीत में आयोजित हुये इस मिडकॉन कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष कुमार उत्कर्ष, मण्डल उपाध्यक्ष कनिष्क बरनवाल, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विशाल सेठ, पूर्व मण्डलाध्यक्ष राममोहन गुप्ता, मण्डल निदेशक सौरभ गुप्ता, सुमित शर्मा, विश्वास सेठ ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाई व इन पुरस्कारों के साक्षी बने।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**मितौली खीरी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार एवं अधीक्षक डॉक्टर देवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत विकासखंड मितौली के सभागार में बाल विकास परियोजना अधिकारी की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी वर्कर्स के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली के सभागार में आशाओं तथा आंगनवाड़ी वर्कर्स को दस्तक अभियान में कार्य करने हेतु उनको दस्तक अभियान के दौरान आशा के साथ मिलकर घर-घर जाकर बुखार टीवी मलेरिया फाइलेरिया कुष्ठ रोग आदि बीमारियों के लक्षण वाले व्यक्तियों की खोज एवं लोगों को साफ सफाई हेतु जागरूक करने के लिए प्रशिक्षित किया गया, इस दौरान मलेरिया पर्यवेक्षक सौरभ शुक्ला बीपीएम मोहम्मद तय्यब सिद्दीकी अमित सक्सेना बीएमसी यूनिसेफ पारस शुक्ला आईसीडीएस कोऑर्डिनेटर सत्येंद्र पांडे उपस्थित रहे।

# खेल-खेल में लोडेड राइफल से अचानक चली गोली, 12 साल के बच्चे की मौत

**▸ राइफल को जब्त जांच के लिए फोरेंसिक प्रयोगशाला में भेजी गई**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कृष्णा नगर इलाके में गोली लगने से 12 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। यह घटना रविवार रात को हुई।

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पीड़ित शिवा सिंह अपने मामा संजय सिंह की राइफल से खेल रहा था, जो प्रेम नगर इलाके में अपने किराए के घर में थी, तभी उसमें से गोली चल गई। डीसीपी (दक्षिणी क्षेत्र) तेज प्रताप सिंह ने बताया कि संजय सिंह मूल रूप से जालौन का रहने वाला है और वर्तमान में शहर में सुरक्षा गार्ड के रूप में नौकरी की तलाश कर रहा था। वह अपने बहनोई बलबीर सिंह के पास रहने आया था, जो सेना में सेवारत है और प्रेम नगर में रहता है।

डीसीपी तेज प्रताप सिंह ने बताया कि परिवार के सदस्यों के बयानों के आधार पर प्रारंभिक जांच के अनुसार, संजय ने लोडेड राइफल कमरे में छोड़ दी थी और सब्जी खरीदने के लिए बाजार गया था। शिवा को बंदूक मिली और अनजाने में गोली चल गई, जिससे गोली उसके पेट में जा लगी। अधिकारियों ने यहां बताया कि गोली की आवाज सुनकर शिवा की बहनें रेणु और नीतू पड़ोसियों के साथ उसकी मदद के लिए दौड़ीं और उसे लोकबंधु अस्पताल ले गईं। उसे केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एडीसीपी (दक्षिण क्षेत्र) शशांक सिंह ने कहा कि हमने जांच के लिए एक फील्ड यूनिट और एक वरिष्ठ अधिकारी को अपराध स्थल पर भेजा है। राइफल को जब्त कर लिया गया है और जांच के लिए फोरेंसिक प्रयोगशाला में भेज दिया गया है।

# उत्तर प्रदेश के 948 विरासत वृक्षों को संवारेगी योगी सरकार

**75 जनपदों में 100 वर्ष से अधिक आयु के 28 प्रजाति के वृक्षों को विरासत वृक्ष किया गया घोषित**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार विरासत वृक्ष अंगीकरण योजना के तहत सूबे के 948 विरासत वृक्षों को संवारेगी। 100 वर्ष से अधिक आयु के 28 प्रजाति के वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित किया गया है। यह वृक्ष प्रदेश के सभी 75 जनपदों में हैं।

योगी सरकार पेड़-पौधों के जरिए भी विरासत का सम्मान करने को प्रतिबद्ध है। काशी में सर्वाधिक 99, प्रयागराज में 53, हरदोई में 37, गाजीपुर में 35 और उन्नाव में विभिन्न प्रजातियों के 34 विरासत वृक्ष हैं। सरकार विलुप्त हो रही वृक्ष प्रजातियों के संरक्षण व पौराणिक, ऐतिहासिक अवसरों, महत्वपूर्ण घटनाओं, अति विशिष्ट व्यक्तियों के स्मारकों, धार्मिक परंपराओं व मान्यताओं से जुड़े वृक्षों को संरक्षित कर जन सामान्य में इसके प्रति जागरूकता पैदा कर रही है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन द्वारा विरासत, हेरिटेज वृक्षों के चयन और अभिलेखीकरण हेतु दिशा-निर्देश दिया गया है। वहीं, लखनऊ और वाराणसी के क्रमशः दशहरी आम व लंगड़ा आम के मातृ वृक्ष, फतेहपुर का बावन इमली, मथुरा के इमलीतला मंदिर परिसर का इमली वृक्ष, प्रतापगढ़ का करील वृक्ष, बाराबंकी में स्थित एडनसोनिया वृक्ष, हापुड़ व संत कबीर नगर में अवस्थित पाकड़ वृक्ष, सारनाथ का बोधि वृक्ष, बाबा झारखंड के नाम से प्रसिद्ध अंबेडकर नगर का पीपल वृक्ष एवं आर्डिनेंस क्लॉथ फैक्ट्री शाहजहांपुर में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ा पीपल वृक्ष शामिल है।

**28 प्रजातियों मे यह वृक्ष हैं शामिल**

उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड ने गैर वन क्षेत्र (सामुदायिक भूमि) पर अवस्थित सौ वर्ष से अधिक आयु की 28 प्रजातियों को विरासत वृक्ष घोषित किया है। इनमें अरु, अर्जुन, आम, इमली, कैम, करील, कुसुम, खिरनी, शमी, गम्हार, गूलर, छितवन, चिलबिल, जामुन, नीम, एडनसोनिया, पाकड़, पीपल, पीलू, बरगद, महुआ, महोगनी, मैसूर बरगद, शीशम, साल, सेमल, हल्दू व तुमाल शामिल हैं। इसमें बरगद प्रजाति के 363 व पीपल प्रजाति के 422 वृक्ष हैं। सीएम योगी के गृह जनपद गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में हनुमान मंदिर, काली मंदिर के समीप व गौशाला के अंदर बरगद व पाकड़ वृक्षों सहित पूरे जनपद में 19 वृक्ष विरासत वृक्ष घोषित किए गए हैं।

## खबरें एक नजर में

### पीएमजी केके यादव को दी गई विदाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीएमजी केके यादव ने डाक सेवाओं के बारे में जनजागरूकता और भागीदारी को बढ़ाया ।प्रशासन के साथ सामाजिक व साहित्यिक सरोकरों से जुड़े अधिकारी विरले ही मिलते हैं। ऐसे अधिकारी न सिर्फ विभाग को नई पहचान देते हैं बल्कि अपनी सक्रियता से समाज में भी विशिष्ट मुकाम हासिल करते हैं। यह उदगार पीएमजी वाराणसी कृष्ण कुमार यादव के स्थानांतरण पश्चात अहमदाबाद के लिये भारमुक्त होने के बाद विदाई समारोह में वक्ताओं ने व्यक्त किये गये। इस अवसर पर ऑल इण्डिया पोस्टल ऑफिसर्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी एवं वाराणसी पूर्वी मंडल के प्रवर डाक अधीक्षक राजीव कुमार ने कहा कि अपने तीन वर्ष नौ माह के शानदार कार्यकाल में पोस्टमास्टर जनरल श्री यादव ने डाक सेवाओं को न सिर्फलोगों से जोड़ा बल्कि उसे व्यापक आयाम भी प्रदान किये। विभागीय कार्यों में तत्परता के साथ –साथ सामाजिक और साहित्यिक सरोकारों से अटूट लगाव, उन्हें एक संवेदनशील और लोकप्रिय अधिकारी के रूप में प्रतिष्ठित करता है।

### ऋषि का सद्साहित्य सन्मार्ग में चलने की शक्ति प्रदान करता है

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्माक्यूटिकल्स सांइस अयोध्या रोड, लखनऊ'' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 413वाँ ऋषि वांड्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्रा श्री जितेन्द्र सिंह ने अपने पूर्वजों की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र–छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को (हिन्दी) अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्ज्ञान व्यक्ति को सन्मार्ग पर चलाता है''। संस्थान के निदेशक डॉ. करूणा शंकर शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, सर्वश्री, देवेन्द्र सिंह, विजय, जितेन्द्र सिंह एवं संस्थान के निदेशक डॉ. करूणा शंकर शुक्ला, विभागाध्यक्ष डॉ. अमित निगम, डॉ. वंदना सिंह, संकाय सदस्य, अधिकारीगण एवं छात्र–छात्रायें मौजूद थे।

### एलयू तीन छात्रों का आईआईएम के एमबीए कोर्स में चयन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के तीन प्रतिभाशाली छात्रों का चयन देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान में एमबीए कोर्स के लिए हुआ है। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि 2022 बैच के ऋषभ अग्रवाल का चयन आईआईएम सिरमौर में जबकि 2024 बैच की अदिति एवं पार्थ पांडेय का चयन क्रमशः आईआईएम काशीपुर एवं आईआईएम रांची में एमबीए कोर्स के लिए हुआ है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व की बात है। छात्रों ने कड़ी मेहनत और समर्पण के माध्यम से सिद्ध किया है कि वे किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं। छात्रों की यह सफलता विश्वविद्यालय के अन्य छात्रों को भी प्रेरित करेगी और उन्हें उच्चतम शैक्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित करेगी। अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. ए. के. सिंह ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की प्रतिबद्धता और कठिन परिश्रम का परिणाम है।

### खाद्यान्न का मुफ्त वितरण 20 जुलाई तक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अन्तर्गत जुलाई के सापेक्ष आवंटित खाद्यात्र का नि:शुल्क वितरण आगामी 20 जुलाईतक किया जायेगा। नि:शुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। राशन दुकानदार अपनी उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने बताया कि अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहूं एवं 21 किग्रा चावल कुल 35 किग्रा तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 02 किग्रा गेहूं एवं 03 किग्रा चावल कुल 05 किग्रा का वितरण किया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा इस योजना के अन्तर्गत आच्छादित गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने और राष्ट्रीय एकरूपता के उद्देश्य से एनएफएसए में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को जनवरी से 05 वर्ष के लिए नि:शुल्क खाद्यात्र उपलब्ध कराया जा रहा है।

### निषाद राज बोट योजना के लिए पांच करोड़ मंजूर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मछुआ समुदाय के कल्याण के लिए संचालित निषाद राज बोट योजना के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में रुपए 499.9808 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में मत्स्य विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक मत्स्य को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण व्यय अनुमोदित कार्य योजना एवं योजना हेतु निर्धारित दिशा निर्देशों गाइडलाइंस एवं संगत नियमों के अनुसार किया जाएगा तथा व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। निषादराज वोट योजना प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में निवास करने वाले मछुआ समुदाय के ग्राम सभा के तालाबों के पट्टाधारकों, मछुआरों को नाव क्रय करने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान किए जाने हेतु संचालित है। इस योजना के तहत मछुआ समुदाय के ग्राम सभा के तालाबों के पट्टाधारकों मछुआरों को जल स्रोतों से मत्स्य आखेट, मत्स्य आहार के पोषण एवं मत्स्य संपदा के रखरखाव व प्रबंधन हेतु उन्हें नाव आदि उपलब्ध कराए जाने की कराई जाती है।

# 13 मेडिकल कॉलेजों को नहीं मिली मान्यता

**मान्यता न मिलने की वजह कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षकों व अन्य संसाधनों की कमी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के सभी 13 मेडिकल कॉलेजों को नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी)ने मान्यता देने से इनकार कर दिया है। इसकी वजह कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षकों एवं अन्य संसाधनों की कमी है। यह चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए जबरदस्त झटका है। क्योंकि इन कॉलेजों को मान्यता मिलती तो प्रदेश में एक साथ एमबीबीएस की 1300 सीटें बढ़ जातीं। अभी यहां सरकारी क्षेत्र की एमबीबीएस की 3828 और निजी क्षेत्र की 5450 सीटें हैं।

प्रदेश में हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना है। इसके तहत करीब सालभर पहले 13 स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हुए। इन कॉलेजों की मान्यता के लिए एनएमसी में आवेदन किया गया। एनएमसी की टीम ने 24 जून को स्थलीय निरीक्षण कर कमियां गिनाईं। फिर इसे दूर करे के लिए सप्ताहभर बाद वर्चुअल बैठक हुई। कुछ कमियां दूर की गईं, लेकिन संकाय सदस्यों (फैकल्टी)की कमी की वजह से प्रदेश के सभी 13 कॉलेजों को मान्यता देने से इनकार कर दिया है। अब संबंधित कॉलेजों के प्रधानाचार्य को नए सिरे से अपील करने का निर्देश दिया गया है।

**इन जिलों में बने हैं कॉलेज**

स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज कुशीनगर, कौशांबी, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, पीलीभीत, ओरैया, सोनभद्र, बुलन्दशहर, गोंडा, बिजनौर, चंदौली और लखीमपुर खीरी जिले में बने हैं। सत्र 2024-25 में इन कॉलेजों को एमबीबीएस पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी थी।

**अब आगे क्या है रास्ता**

सभी मेडिकल कॉलेज कमियां दूर कर एनएमसी में अपील कर सकते हैं। अपील के लिए 15 दिन का समय है। ज्यादातर मेडिकल में भर्ती प्रक्रिया चल रही है, लेकिन जहां 50 फीसदी से ज्यादा पद खाली हैं वे निर्धारित समय में भर पाएंगे इस पर संशय है।

**प्रमुख कॉलेज जहां खाली हैं पद**

एनएमसी की ओर से कॉलेजों को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि फैकल्टी के कहां कितने फीसदी पद खाली हैं। इसके तहत कुशीनगर में 85.7 फीसदी, गोंडा में 84.70 फीसदी, सोनभद्र में 74 फीसदी, कौशांबी में 72.79 फीसदी, कानपुर देहात में 76.50 फीसदी, चंदौली में 65 फीसदी, ललितपुर में 64.70 फीसदी , औरैया में 68 फीसदी, बुलंदशहर में 48 फीसदी, सुल्तानपुर में 47 फीसदी पद खाली हैं। यही स्थिति अन्य मेडिकल कॉलेजों का भी है। कई कॉलेजों में सीटी स्कैन मशीन, ब्लड सेपरेशन यूनिट आदि भी नहीं हैं।

**एक तर्क यह भी**

चिकित्सा शिक्षा विभाग के सूत्रों की मानें तो एनएमसी की ओर से वर्ष 2023 में एमबीबीएस की 100 सीट पर पहले वर्ष के लिए 50 फैकल्टी की अनिवार्यता की गई थी। इसके बाद साल दर साल फैकल्टी बढ़ाने का विकल्प था, लेकिन अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। पहले साल में फैकल्टी की अनिवार्यता 50 से बढ़ाकर 85 कर दी गई है।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार**

प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा को बढावा देने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। कोशिश थी कि प्रदेश में 1300 सीटें बढ़ जाएं। एनएमसी ने निरीक्षण के बाद मान्यता नहीं दी है। जिन कमियों की वजह से मान्यता रुकी है, उसे दूर किया जा रहा है। दोबारा अपील की जाएगी।

– ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री

# पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव को दी भावभीनी विदाई



समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल के रूप में कृष्ण कुमार यादव ने डाक सेवाओं को दिए नए आयाम। प्रशासन के साथ-साथ सामाजिक व साहित्यिक सरोकरों से जुड़े अधिकारी विरले ही मिलते हैं। ऐसे अधिकारी न सिर्फ विभाग को नई पहचान देते हैं बल्कि अपनी सक्रियता से समाज में भी विशिष्ट मुकाम हासिल करते हैं। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव के स्थानांतरण पश्चात अहमदाबाद के लिये भारमुक्त होने के बाद विदाई समारोह में वक्ताओं ने व्यक्त किये।

डाक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कृष्ण कुमार यादव को भावभीनी विदाई दी और उनके नये दायित्वों के बारे में शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ऑल इण्डिया पोस्टल ऑफिसर्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी एवं वाराणसी पूर्वी मंडल के प्रवर डाक अधीक्षक राजीव कुमार ने कहा कि अपने तीन वर्ष नौ माह के शानदार कार्यकाल में पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव जी ने डाक सेवाओं को न सिर्फ लोगों से जोड़ा बल्कि उसे व्यापक आयाम भी प्रदान किये। विभागीय कार्यों में तत्परता के साथ-साथ सामाजिक और साहित्यिक सरोकारों से अटूट लगाव, उन्हें एक संवेदनशील और लोकप्रिय अधिकारी के रूप में प्रतिष्ठित करता है। सहायक निदेशक आरके चौहान और बृजेश शर्मा ने कहा कि इस दौरान न सिर्फ विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति के मामले में वाराणसी परिक्षेत्र ने नए आयाम स्थापित किये, बल्कि डाक सेवाओं के बारे में जनजागरूकता और भागीदारी भी बढ़ी।

# पर्यटन का गढ़ बनकर उभरा है यूपी : जयवीर

**▸ पर्यटन विभाग ने सीएमईई के सहयोग से किया डेस्टिनेशन इमेज पर्सेप्शन पर शोध**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग ने आईआईएम लखनऊ द्वारा संचालित सेंटर फॉर मार्केटिंग इन इमर्जिंग इकोनॉमीज सीएमईई में 'डेस्टिनेशन इमेज पर्सेप्शन' विषय पर एक शोध परियोजना के पूरा होने की घोषणा की है। इस शोध को प्रो. सत्य भूषण दास, प्रो. प्रियंका शर्मा और मोहन कृष्णन ने मार्केट एक्सेल रिसर्च एजेंसी के सहयोग से किया है।

अध्ययन में उत्तर प्रदेश के विविध पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। इस शोध द्वारा प्राप्त जानकारी उत्तर प्रदेश में पर्यटन के भविष्य को आकार देने में बहुमूल्य साबित होगा। हम स्वच्छता, बेहतर परिवहन सुविधाओं और बजट अनुकूल आवास पर ध्यान केंद्रित कर पर्यटन अनुभव को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश 'पर्यटन का गढ़' बनकर उभरा है, जिसमें बेहतर बुनियादी ढांचा, कनेक्टिविटी और सुविधाएं हैं। यूपी अपने 12 पर्यटन सर्किटों के साथ पर्यटकों को एक अवसर प्रदान करता है कि वे इच्छानुसार गंतव्य का चयन कर सकें। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है, कि हर पर्यटक,आगंतुक सुखद अनुभव और पुनः वापस आने की इच्छा लेकर जाए। जयवीर सिंह ने बताया कि शोध, पर्यटन नीति 2022 के तहत किया गया है, जिसके तहत पर्यटन विभाग द्वारा 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी गई है। इसमें यात्रियों को उत्तर प्रदेश के प्रमुख गंतव्यों में भ्रमण के लिए प्रेरित करने वाली विशेषताओं के बारे में जागरूक करने के लिए गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों तरीकों को सम्मिलित किया गया है। रिसर्च में घरेलू पर्यटन के गंतव्यों के चयन से संबंधित रुझानों को समझने का प्रयास किया गया है। शोध में पाया गया है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म यात्रियों को भ्रमण के लिए प्रेरित करने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। उत्तर प्रदेश घूमने आए ज्यादातर पर्यटक प्रियजनों के साथ सुखद समय बिताने के लिए आते हैं, जिससे प्रदेश की एक ऐसी छवि बनती है जहां पर्यटक फैमिली फ्रेंडली टूरिज्म संभव है। उत्तर प्रदेश का आगरा शहर ऐतिहासिक इमारतों के लिए प्रसिद्ध है। बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधाजनक यात्राओं के जरिए जल्द पहुंचा जा सकता है। मथुरा, वृंदावन, वाराणसी और प्रयागराज आगंतुकों को अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है। धार्मिक स्थलों पर अपेक्षाकृत आसानी से पहुंचा जा सकता है। शोध में सामने आया कि, पर्यटक गंतव्य स्थलों के चयन में क्षेत्र के समृद्ध रीति-रिवाज, त्योहारों और धार्मिक गतिविधियों को प्राथमिकता पर रखते हैं, यही वजह है कि अयोध्या के प्रति आकर्षण तेजी से बढ़ा है। प्रसिद्ध शहर कानपुर को कम पैसे में यात्रा करने के लिए आदर्श गंतव्य के रूप में देखा जाता है। वाराणसी 'लक्जरी डेस्टिनेशन' के रूप में अलग पहचान बना रहा है। लखनऊ अपने ऐतिहासिक स्मारकों, इमारतों के साथ-साथ प्रसिद्ध रेस्तरां के लिए जाना जाता है।



**मुख्यमंत्री योगी से उनके सरकारी आवास पर मेघालय के राज्यपाल फागू चौहान ने शिष्टाचार भेंट की।**

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने दिया पुरानी पेंशन की पैरवी करने का आश्वासन

लखनऊ,08 जुलाई 2024 (यूएनएस)। भारतीय लोक सेवा एम्प्लॉइज फेडरेशन (इप्सेफ) के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र के नेतृत्व में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात कर कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। रक्षामंत्री ने मंत्रिपरिषद की बैठक में पुरानी पेंशन की पैरवी करने का आश्वासन दिया और कहा कि उम्मीद है कि निर्णय कर्मचारियों के पक्ष में ही होगा। राजनाथ से मिलने से पहले इप्सेफकी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली विश्वविद्यालय एंड कॉलेज कर्मचारी यूनियन कार्यालय में रविवार को संपन्न हुई। वीपी मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में 20 राज्यों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में पारित प्रस्ताव की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार मिश्र ने बताया कि कर्मचारियों की मांग है कि सरकार पुरानी पेंशन योजना लागू करे, स्थाई राष्ट्रीय वेतन आयोग गठित करे, महंगाई भत्ते का 50 फीसद मूल वेतन–पेंशन में शामिल किया जाए। निकायों में कार्यरत हर तरह के ठेका कर्मचारियों को नियमित किया जाए। सभी केन्द्रीय स्वायत्तशासी निकायों के कर्मचारियों को 2014–15 से देय बोनस बकाया राशि समेत भुगतान किया जाए। कोरोना काल में मारे गये कर्मचारियों के एक आश्रित को पांच फीसद की सीमा से अलग अनुकम्पा आधार पर बिना शर्त नियुक्ति प्रदान की जाए।

# जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में एलुमनाई मीट का आयोजन, छात्रों ने किया स्वागत

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल ने 8 जुलाई को एक एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया जिसमे बीते कई सत्र के छात्रों को आमंत्रित किया गया था द्य वर्तमान शैक्षिक सत्र के कक्षा 11 और 12 के छात्रों नें इस एलुमनाई मीत की मेजबानी की और पुराने छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया। शाम के कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के गीत से हुई, जिसने परंपरा की एक झलक पेश की।

उपस्थित लोगों ने जीवंत बैंड प्रदर्शन और छात्रों द्वारा प्रदर्शित मनमोहक नृत्य का आनंद लियाए जिसने शाम को और भी खुशनुमा बना दिया। भूतपूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक अपने विश्वविद्यालय के अनुभवों को साझा कियाए इस बात पर विचार करते हुए कि जीडी गोयंका में बिताए गए समय ने उनके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन को कैसे प्रभावित किया और उन्होंने वर्तमान छात्रों के लिए व्यावहारिक और उत्पादक सलाह, कहानिया और अनुभव साझा किए द्य प्रश्न और उत्तर सत्र में संभावित अवसरों और साझा पहलों के बारे में बातचीत हुईए जिसका उद्देश्य अपने अर्जित किये अनुभव से औरो को भी लाभ पहुँचाना था द्य पूर्व छात्रों ने छात्रवृत्ति कार्यक्रमोंए पाठ्येतर कौशल और विकास के लिए समर्थन दिया और साथ ही वर्तमान छात्रों को उसी शैक्षणिक उत्कृष्टता से लाभान्वित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। स्कूल के चेयरमैन श्री सर्वेश गोयल और प्रिंसिपल डॉ. प्रेरणा मित्रा ने सभा को संबोधित किया और पूर्व छात्रों को उनके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। सभी पूर्व छात्रों को स्मृति स्वरूप उपहार दिए गए, जो स्कूल और उसके छात्रों के बीच स्थायी बंधन का प्रतीक है।

**निर्देश** | **पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक में कहा**

# पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं तक समय से पहुंचे छात्रवृत्ति

**▸ दिव्यांगों को हुनरमंद बनाने के लिए प्रदान करें प्रशिक्षण**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने सोमवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने की कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए।

साथ ही शादी अनुदान योजना के अंतर्गत आने वाले आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कर लाभार्थियों को योजना का लाभ शीघ्र प्रदान करने के निर्देश दिए। मंत्री ने विभागों के रिक्त पदों को शीघ्रता से भरने के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिन रिक्तियों की तैनाती अन्य विभागों के माध्यम से होनी है, वहां पर पत्राचार कर तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने विभागों में रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरने के निर्देश दिए हैं और इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए उच्च गुणवत्ता वाली संस्थाओं का चयन किया जाए, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार हो और युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं द्वारा स्वरोजगार या रोजगार प्राप्त करने के आंकड़े तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे योजना की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जा सके। दिव्यांगजन मंत्री ने दिव्यांगजन के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने दिव्यांग पेंशन, कुष्ठावस्था पेंशन, शादी प्रोत्साहन, दुकान निर्माण, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजन इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों के लिए संचालित स्कूलों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। दिव्यांगजनो को हुनरमंद बनाने के लिए उन्हें कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। इसके साथ ही, दिव्यांगजनो के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया जाए । विशेष मेलों के आयोजन के लिए राज्य निधि का उपयोग किया जाए।

# बेलहा-बेहरौली तटबन्ध का जल शक्ति मंत्री ने किया निरीक्षण

- राहत व बचाव कार्य में धन की कमी आड़े नहीं आएगी
- बाढ़ को लेकर प्रदेश सरकार संवेदनशील



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जलशक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत ग्राम बौण्डी पहुंचकर घाघरा नदी के बांये तट पर स्थित बेलहा-बेहरौली तटबन्ध के कि.मी. 55.700 पर निर्मित स्पर की सुरक्षा कार्य की परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरयू ड्रेनेज खण्ड के प्रमुख अभियन्ता संदीप कुमार ने बताया कि घाघरा नदी के बायें तट पर स्थित बेलहा-बेहरौली तटबन्ध की कुल लम्बाई 95.00 कि.मी. है। तटबन्ध के कि.मी. 55.700 पर निर्मित स्पर नम्बर 01 की सुरक्षा हेतु रू. 375.05 लाख की लागत से कटान रोधी कार्य कराया गया है। इस कार्य से बौण्डी सिलौटा, बेहटा, चूड़ामणि, रानीबाग, छत्रपुरवा, तारापुरवा आदि ग्राम पंचायत की 8700 की जनसंख्या लाभान्वित होगी वहीं 6690 हेक्टेयर कृषि भूमि की सुरक्षा होगी। प्रमुख अभियन्ता श्री कुमार ने बताया कि तटबन्ध के ग्राम समूह कोढ़वा, करैहना एवं पिपरी की कटान से सुरक्षा हेतु रू. 447.80 लाख की लागत से कटान रोधी कार्य कराया गया है। यह कार्य पूर्ण हो चुका है। इस परियोजना से जहां 7600 की जनसंख्या लाभान्वित होगी वहीं 6375 हेक्टेयर कृषि भूमि की सुरक्षा होगी।

तटबन्ध के निरीक्षण के दौरान जल शक्ति मंत्री श्री सिंह ने मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना अन्तर्गत ग्राम सिदधा, दरियापुर कला एवं रामापुर किन्धौली के लाभार्थियों प्रागदत्त, मुनऊ, करमचन्द, बिट्टा देवी, शिवपति, गुड्डू, मनीराम, मुन्शीलाल, मुलुकराज व इन्द्रपाल से संवाद कर उनकी बोरिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विधायक महसी सुरेश्वर सिंह के प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह उर्फ गोलू भईया, ब्लाक प्रमुख फखरपुर के प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, पार्टी पदाधिकारी रणविजय सिंह, मुख्य अभियन्ता संजय त्रिपाठी, अधीक्षक अभियन्ता जे.पी. यादव, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश कुमार सिंह, अधि.अभि. ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी महसी अनिल कुमार सिंह, अधि.अभि. जल निगम कमला शंकर, खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर अजय प्रताप सिंह, सहायक अभियन्ता बी.बी. पाल, अवर अभि. जितेन्द्र कुमार वर्मा, थानाध्यक्ष बौण्डी ज्ञान सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### आपदा के समय पीड़ितजन को पहुंचाई जाए त्वरित मदद

जल शक्ति मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बाढ़ को लेकर अत्यन्त संवेदनशील है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बाढ़ प्रभावित जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ बाढ़ पूर्व की गई तैयारियों की समीक्षा की जा चुकी है। इसके अलावा बाढ़ के लिए नामित नोडल अधिकारी भी क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। तटबन्धों की सुरक्षा के लिए सभी परियोजनाएं पूर्ण कर ली गई है। संभावित बाढ़ के दौरान तटबन्धों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सामग्री उचित स्थानों पर डम्प कर ली गई है। बाढ़ के दौरान जन-धन की हानि को न्यून से न्यूनतम करने के लिए सरकार द्वारा पुख्ता प्रबन्ध किये गये हैं। बाढ़ प्रभावित जनपदों के अधिकारियों को संभावित बाढ़ के दृष्टिगत पूरी सजगता व सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं। बेलहा-बेहरौली तटबन्ध के निरीक्षण के दौरान जल शक्ति मंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से भ्रमणशील रहकर तटबन्धों का जायज़ा लेते रहे। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया जाय कि रेन कट की आवश्यक मरम्मत भी करते रहें। श्री सिंह ने कहा कि बाढ़ के दौरान आपदा व राहत कार्यों के संचालन में धन की कमी आड़े नहीं आयेगी। बाढ़ प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। जलशक्ति मंत्री श्री सिंह ने प्रभारी डीएम रम्या आर व तहसील प्रशासन के अधिकारियों से राहत व बचाव कार्यों के लिए की गई तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि आपदा के समय पीड़ितजन को त्वरित मदद पहुंचाई जाय।

# यशोधरा फाउंडेशन करेगा बिना दवाओं के इलाज




**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

यशोधरा हेल्थ रिजॉर्ट एंड वैलनेस ट्रस्ट, श्रावस्ती की स्थापना दिवस/प्रथम वर्षगांठ बड़े ही उल्लास पूर्वक टाउन हॉल, गोंडा में मनाया गया। इस मौके पर दवा रहित उपचार विषय पर एक संगोष्ठी भी आयोजित हुई। समारोह के मुख्य अतिथि यशोधरा फाउंडेशन के संस्थापक व सीएमओ श्रावस्ती डॉ. ए.पी. सिंह रहे। अध्यक्षता रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षक सैयद हाकिम अली ने किया। समारोह का सफल संयोजन गोंडा के वरिष्ठ पत्रकार व सेवा भारती, गोंडा के जिलाध्यक्ष डा. ओंकार पाठक ने तथा संचालन रविंद्र कुमार पांडेय ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कवि अवधेश कुमार सिंह की सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ओंकार पाठक व मुख्य अतिथि डा. ए.पी. सिंह ने यशोधरा हेल्थ रिजॉर्ट एंड वैलनेस ट्रस्ट की स्थापना व पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला।

गोष्ठी के दौरान आरएसएस के जिला संघ चालक श्रीमान सिंह ने कहा कि यशोधरा हेल्थ एंड वैलनेस ट्रस्ट द्वारा दवा रहित इलाज के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है, जो एक पुनीत कार्य है। एससीपीएम ग्रुप की अध्यक्षा अलका पांडेय ने कहा कि यह ट्रस्ट ड्रगलेस थेरेपी को बढ़ावा दे रहा है, जो वर्तमान में बहुत ही उपयोगी साबित होगा। भिनगा के डॉ. विश्वनाथ मिश्र ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा का वास होता है। अतः मनुष्य का स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। इसके लिए लोगों को अपने दिनचर्या में योग व प्राणायाम को शामिल करना पड़ेगा। श्रावस्ती के भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि यशोधरा ट्रस्ट से मेरा निजी लगाव है, क्योंकि इसकी स्थापना सीएमओ डॉ. ए.पी. सिंह द्वारा मेरे ही ग्राम सभा में किया गया है। इसके माध्यम से निश्चित ही मेरे ग्राम सभा के लोगों को दवा रहित उपचार की सुविधा मिलेगी। एलबीएस पीजी कॉलेज की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने कहा कि आज प्रिकासन इज बेटर दैन क्योर फंडे पर कार्य करने की जरूरत है।

उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग के पूर्व सदस्य व रिटायर्ड प्रोफेसर शेर बहादुर सिंह ने कहा कि यशोधरा हेल्थ रिजॉर्ट द्वारा दवा रहित चिकित्सा का चलाया जा रहा अभियान मानव जीवन के लिए अत्यंत ही उपयोगी साबित होगा।

सीएमओ गोंडा डॉ. रश्मि वर्मा ने कहा कि यशोधरा फाउंडेशन का ड्रग लेस थेरेपी का कार्य बहुत ही सराहनीय है। निश्चित ही यह मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही भारत को विश्व गुरु बनाने में सहयोगी बनेगा।

समारोह के मुख्य अतिथि यशोधरा फाउंडेशन के संस्थापक व सीएमओ श्रावस्ती डॉ.ए.पी. सिंह ने कहा कि मेरी जब श्रावस्ती जनपद में सीएमओ के पद पर तैनाती हुई तो वहां की परिस्थितियों को देखने के बाद तय कर लिया कि अगले 10 साल मुझे किन बिंदुओं पर कार्य करना है, उसी का एक प्रकल्प यशोधरा रिजॉर्ट एंड वैलनेस ट्रस्ट है। जिसमें लोगों को दवा रहित उपचार के बारे में जानकारी देकर उन्हें स्वस्थ रखने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न बीमारियों में लोगों को इलाज हेतु अत्यधिक धन खर्च करना पड़ता है। उन्ही बीमारियों को हमारा फाउंडेशन बिना दवाओं के ठीक करने का कार्य करेगा।

# बहला फुसलाकर महिला को भगा ले जाने के मामले में एक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

जिले के कौड़िया थाना क्षेत्र में शादी करने की नियत से दो बच्चों की मां को बहला फुसला कर अपने साथ ले जाने वाले के विरुद्ध पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। थाना कौड़िया अंतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने अंकुल निषाद ग्राम सकेथू नकहा थाना खीरी जनपद खीरी लखीमपुर के विरुद्ध विवाहिता के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

तहरीर में कहा गया है की परिवार के भरण पोषण के लिए वह मजदूरी मेहनत करने बीते 29 जून को अयोध्या गया था। दो पुत्रियों के साथ उसकी पत्नी घर पर थी। 30 जून की रात्रि करीब 11 बजे अंकुल निषाद उसके घर पहुंचा तो उसकी दोनों पुत्रियां सो रही थी। जिसका फायदा उठाकर वह उसकी पत्नी को शादी करने की नियत से बहला फुसला कर अपने साथ चलने के लिए राजी कर लिया। आरोप है की दोनों पुत्रियों को सोता छोड़कर वह घर में रखा एक सोने का हार, दो जोड़ी झुमकी, एक बेंदी, दो अंगूठी, दो जोड़ी पायल, एक मोबाइल व 60,000 रुपये नकद के साथ उसकी पत्नी को अपने साथ लेकर चला गया है। पीड़ित ने पत्नी को बरामद करते हुए आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कौड़िया ने बताया की मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# 10 दिन बीतने के बाद भी देहात कोतवाल ने नहीं दर्ज की महिला की प्राथमिकी

- शिकायत के एक सप्ताह बाद भी आरोपी घूम रहे खुलेआम
- पीड़िता को दे रहे धमकी, मुकदमा न लिखाने व सुलह का बना रहे दबाव

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में एक पीड़ित महिला थाना और पुलिस अधीक्षक के दरबार में लगातार न्याय की गुहार लगा लगा कर गई थक एएसपी पूर्वी मनोज कुमार ने थाने पर पीड़िता को भेजा था पीड़िता का आरोप है कि थाना प्रभारी केवल जांच के नाम पर सप्ताह भर से मामले में हिलाहवाली कर रहे है।ग्रमीणो में चर्चा है की कोटेदार के दबंगाई के वजह से थाना प्रभारी मामले में ढील देकर सुलह का दबाव बनवा रहे हैं।पीड़िता ने दबंग कोटेदार के लड़के द्वारा किये गये अश्लील हरकत की शिकायत की थी जिसपर दबंगों ने व उसके भाईयों ने धमकाना और जाति सूचक शब्दों से सुलह न होने पर जिन्दा जला देने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक को शिकायत पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने दबंग कोटेदार के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए पुलिस अधीक्षक गोन्डा से दिनांक 29/06/2024 को शिकायत पत्र देकर कार्यवाही की मांग की थी परन्तु लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक पीड़िता को न्याय नहीं मिला। वही पिड़िता का आरोप है कि जबरन सुलह का दवाब बनाया जा रहा है।पीड़िता ने पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एएसपी पूर्वी मनोज कुमार से अपनी पीड़ा बताई थी।

एएसपी पूर्वी मनोज कुमार ने कोतवाली देहात को मामले में तत्काल जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे, निर्देश के बाद भी आरोपी पर पुलिस मेहरबान नजर आ रही है और कार्यवाही न होने से पीड़िता को आरोपी व उसके भाई धमका रहे हैं, जिसकी शिकायत पीड़िता ने पुलिस उपमहानिरीक्षक से मिलकर शिकाययती पत्र देकर किया है।यही हाल पुलिस विभाग का योगी राज में है पुलिस अधिकारियों को शिकायत पत्र देकर अश्लील हरकत से परेशान पीड़िता ने आवाज तो उठाई लेकिन दबंगों के रसूख और धनबल के आगे पुलिस के जिम्मेदार नतमस्तक दिख रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### विद्यानगर खड़ंजा निर्माण में भ्रष्टाचार उजागर



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिले के विकासखंड मनकापुर में ग्राम पंचायत विद्यानगर में विकास के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।ग्राम पंचायत विद्यानगर के मजरा पण्डित पुरवा में कच्चे रास्ते को खड़ंजा निर्माण के नाम पर लाखो रुपये खर्च किये गए और आधा अधूरा खड़ंजे का निर्माण हुआ।इस बीच मानसूनी बारिश में पड़ने वाले बुलबुले ने विद्यानगर ग्राम पंचायत में विकास की कलयी खोल कर रख दिया है।वही विद्यानगर ग्राम पंचायत के मजरा पंडित पुरवा में बनी सड़क के ध्वस्त होने से जहां लाखो रुपये का वारा न्यारा हो गया है।वहीं खरंजा निर्माण के नाम पर कोरम पूरा किये जाने से ग्रामवासियों के लोगों के बीच धीरे धीरे प्रधान के विरुद्ध गुस्सा पनपने लगा है।कॉम्पेंशन के अभाव में बारिश की पानी में खड़ंजा से मिट्टी बह जाने से खड़ंजा के नाम पर कहीं-कहीं केवल ईंट शेष रह जाने से आवागमन तक बाधित हो जा रहा है कुल मिलाकर योगी सरकार के सात निश्चय योजना पार्ट टू के तहत खड़ंजा निर्माण के नाम कोरम पूरा किया गया है कहा जाये तो अतिशयोक्ति नहीं होगी वही ग्राम पंचायत विद्यानगर माजरा पंडित पुरवा ग्राम वासी संजय पाठक ने जिला अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से निर्माण में गुणवत्ता खराब होने की शिकायत की है।और शिकायत में बताया है कि जहाँ खड़न्जा का निर्माण कार्य ग्राम प्रधान आलोक और सेक्रेटरी विनय गुप्ता द्वारा दो सौ मीटर का कार्य पिछले तीन महीनों से कराया जा रहा है।वह कार्य घटिया और अधूरा कराया गया है।बारिश होने की वजह से और घटिया कार्य कराने की वजह से रास्ते की हालत बिल्कुल खराब हो चुकी है,जिससे ग्रामवासियों का आना-जाना मुश्किल हो गया है।और खड़ंजा निर्माण में गुणवत्ता की जाँच कराकर सम्बन्धित प्रधान और सेक्रेटरी के खिलाफ कार्यवाही करने की कृपा करें और रास्ते को ठीक कराया जाये जिससे लोगों को आने-जाने में राहत मिल सके।

### स्टाफ नर्स सहयोगियों से करती हैं असिस्ट व्यवहार

- नहीं जानती हैं चिकित्सा कार्य, विभाग फिर भी मेहरबान

**गोंडा,समृद्धि न्यूज।** जनपद गोंडा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह में तैनात स्टाफ नर्स को लेकर कार्यवाही न होने से विभागीय कार्यशैली पर लोगों की उंगलियां उठनी शुरू हो गई हैं।बताया जाता है कि अस्पताल में तैनात स्टाफ नर्स अनुपमा त्रिपाठी एंटी रेबीज वैक्सीन भी लगाना नहीं जानती। और चिकित्सा कार्यों में उपस्थित डॉक्टरों का सहयोग भी नहीं करती हैं। तथा विभाग द्वारा साथ में काम करने के लिए लगाए गए सहयोगियों से असिस्टता पूर्वक अभद्र व्यवहार भी करती हैं। जिसके संबंध में चिकित्सा अधीक्षक ने एक नहीं अनेकों बार मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोंडा को पत्र लिखकर मामले से अवगत कराया,उसके बावजूद भी स्टाफ नर्स के विरुद्ध आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जनपद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह में तैनात स्टाफ नर्स अनुपमा त्रिपाठी को लेकर स्थानीय अस्पताल में काफी खींचातानी मची हुई है। स्टाफ नर्स के द्वारा प्रसव के लिए आयी प्रसूता के परिजनों से जबरदस्ती वसूली व अभद्र व्योहार की शिकायत भी लगातार मिलती रही है। स्टाफ नर्स की कार्यशैली को लेकर मरीज से तीमारदार तथा डॉक्टर तक सभी स्तब्ध हैं। जिसको लेकर लगातार मिल रही शिकायतों को संज्ञान में लेकर प्राथमिक चिकत्सा अधिकारी रुपईडीह डॉक्टर वीर बहादुर सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी गोंडा रश्मि वर्मा को मामले से अवगत कराते हुए कार्यवाही के लिए कई बार पत्र लिख कर संस्तुती करने बावजूद भी अनुपमा त्रिपाठी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई।जिससे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। और विभाग की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है।इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमें कोई जानकारी नहीं थी जानकारी हमें हुई है इसकी जांच कर करके कार्रवाई की है

# बाल विवाह, बालश्रम एवं नशा मुक्ति के सम्बन्ध में चलाया जागरूकता अभियान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के कुशल निर्देशन एवं नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह द्वारा मय कांस्टेबल आशुतोष यादव, कांस्टेबल सुनील चन्द्र व महिला कांस्टेबल रीना चौधरी एवं देहात संस्था के साथ बाल संरक्षण सम्बन्धी जन जागरुकता अभियान चलागा गया। सामाजिक कुप्रथाओं पर अंकुश लगाने के आशय से थाना रामगांव क्षेत्र के मरीमाता मन्दिर में जन जागरूकता अभियान चलाते हुये सभी दुकानदारों को हिदायत दी गई कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए क्योंकि ऐसा करना दण्डनीय अपराध है। चेकिंग के दौरान कोई भी बालक/ किशोर श्रम कार्य करते नहीं पाया गया । इसके अतिरिक्त मन्दिर के पुजारियों एवं वहां पर मौजूद आम जनमानस को बाल विवाह न करने व कराने के सम्बन्ध में जागरुक किया। थाना एएचटी, एसजेपीयू द्वारा चेतावनी दी गयी कि भविष्य में जो कोई बाल विवाह व बालश्रम करवाता पाया जाता है उनके विरुद्ध नियमानुसार दण्डात्मक विधिक कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी।

# सड़क निर्माण के समय पुलों का नहीं हुआ निर्माण

- अधिकारियों की उदासीनता का दंश झेल रहे ग्रामीण
- जल निकासी के लिए मुख्य सड़क पर पुलों के निर्माण कराए जाने तथा विभागीय कार्रवाई की हुई मांग

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



जिले के रूपईडीह विकासखंड क्षेत्र में मुख्य सड़क का निर्माण करते समय पुलों का निर्माण ना कराए जाने से पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की उदासीनता का दंश ग्रामीण झेल रहे हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जल निकासी के लिए मुख्य सड़क पर पुलों के निर्माण कराए जाने तथा जांच कराकर संबंधित अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र में भारी बारिश होने से कई गांवों व मजरों में घुसे पानी से ग्रामीणों की परेशान होने पर मुख्य सड़क को काटकर जिम्मेदार अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। मामला विकासखंड रूपईडीह के ग्राम पंचायत पुरैनिया से जुड़ा है। जहां क्षेत्र में कई दिनों से भारी बारिश होने के कारण गांवों व मजरों में जल भराव हो गया है। ग्राम पंचायत पुरैनिया के मजरा पासी पुरवा में जल भराव होने से ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को काट दिया और आरोप लगाते हुए कहा कि एक साल पहले पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा सड़क निर्माण कराते समय जल निकासी की व्यवस्था नहीं कराई गई। ग्रामीणों ने बताया कि आर्यनगर गोकरननाथ शिवाला मार्ग से पुरैनिया नौव्वागाव मार्ग का निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के द्वारा कराया गया, लेकिन जल निकासी के लिए जगह जगह पुल का निर्माण नहीं कराया गया। जिससे भारी बारिश होने पर गांवों व मजरों में जल भराव बना हुआ है तथा घरों में पानी घुस रहा है जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जल निकासी न होने पर मुख्य सड़क को काटकर पानी का निकास किया जा रहा है और जिला प्रशासन से मुख्य सड़क पर जगह जगह पुल के निर्माण कराए जाने की मांग की है।

# लगातार हो रही बारिश से बढ़ा नदियों का जलस्तर

- कई गांवों में घुसा पानी, ग्रामीण अपने हाथों से तोड़ रहे अपना घर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में पहाड़ों व मैदानी इलाकों में लगातार हो रही बारिश से जिले में सरयू व घाघरा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नानपारा व मिहीपुरवा तहसील के तटीय इलाकों में बसे कई ग्रामों में बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है। जिला प्रशासन की ओर से तटीय इलाकों में बसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने का कार्य किया जा रहा है। बाढ़ के साथ ही कटान से कई ग्रामीणों के घर नदी के मुहाने पर आ गए हैं।लोग अपने हाथों से अपना मकान तोड़ने को मजबूर हैं।

**शिक्षक ने पानी मे फंसे दिव्यांग बच्चे को सुरक्षित निकाला बाहरः-** बेसिक शिक्षा विभाग के खेल अनुदेशक कुसुमेन्द्र कुमार सिंह ब्लॉक विशेश्वरगंज उच्च प्राथमिक विद्यालय गिन्धरिया सुबह अपनी स्कूल ड्यूटी के लिए जा रहे थे। तभी देखा कि एक दिव्यांग बालक घुटनों से ज्यादा चल रहे तेज पानी में रास्ते को पार कर रहा है और पानी में फंस गया है। तब अनुदेशक शिक्षक द्वारा उस दिव्यांग बच्चे को सुरक्षित पानी से निकालकर किनारे पर पहुंचाया गया।

### एसडीएम तहसीलदार कर रहे हैं दौरा

जिला प्रशासन की ओर से तटीय इलाकों में बसे ग्राम के लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है। मिहींपुरवा तहसील में उपजिलाधिकारी संजय कुमार व तहसीलदार अंबिका चौधरी ने तटीय इलाकों का दौरा कर बाढ़ के हालात का जायजा लिया।

### बैराजों से छोड़ा जा रहा है पानी

नेपाल के पहाड़ों पर हो रही बारिश गेरूआ व कौड़ियाला नदी उफान पर है। इसके चलते जिले में स्थित बैराजों से लगातार पानी डिस्चार्ज हो रहा है।जिसके चलते घाघरा व सरयू नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को गिरिजापुरी, शारदा व गोपियां बैराज से 433199 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है।

### गृहस्थी के साथ अन्य स्थानों पर जाने को है मजबूर

जिले से होकर बहने वाली सरयू व घाघरा नदी लगातार हो रही बारिश से उफ़ान पर हैं। नानपारा तहसील के शिवपुर ब्लाक के पास स्थित पसियन पुरवा समेत कई ग्रामों में तेजी से बाढ़ का पानी फैल रहा है। सरयू नदी के कटान से कई मकान नदी में समाहित होने की कगार पर है।लोग अपने हाथों से अपने मकानों को तोड़कर गृहस्थी के साथ ही ईट को लेकर अन्य स्थानों पर जाने को मजबूर हैं।

# पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध महिलाओं का प्रदर्शन

- दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर जागरूक महिला मंच ने सौंपा ज्ञापन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जागरूक महिला मंच के तत्वाधान पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ हो रहे अनुचित एवं असभ्य व्यवहार के विरोध में गृह मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली, कूचबिहार और उत्तर दिनाज़पुर (चोपरा) में हुई घटना से अत्यंत व्यथित होकर हम आप को यह ज्ञापन प्रेषित कर रहे है। पीड़ित महिलाओं के शारीरिक और मानसिक उपचार और उनके पुनर्वसन की प्रभावी व्यवस्था की जाए। इस अत्यंत संवेदनशील स्थिति का संज्ञान लेते हुए शीघ्रातिशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करे जिससे पश्चिम बंगाल में न्याय और विधि नियम की पुनः स्थापना हो सके। ज्ञापन देने वालों में सुनीता सिंह, अरुण लता श्रीवास्तव, स्मृति सिंह,प्राची मिश्रा, स्मिता श्रीवास्तव, ममता रस्तोगी, सुनीता गुप्ता, तमन्ना त्रिपाठी, रंजीता श्रीवास्तव,रेखा सिंह, रीना सिंह,रागिनी आदि शामिल रहे।

# पीडीए पौधरोपण अभियान के तहत सपा जिला उपाध्यक्ष ने लगाए पौध

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश मे चलाए जा रहे पीडीए पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत कैसरगंज मे पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।सपा के जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव ने अपने सहयोगियो के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। सपा जिला उपाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण बेहद आवश्यक है। पीडीए द्वारा चला जा रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत यहां पौधों का रोपण किया गया है। पीडीए का पौधारोपण अभियान आगे चलकर मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर गौरव गुप्ता सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

# एफपी-एलएमआईएस : एक सफल पहल जो बढ़ा रही है परिवार नियोजन सामग्री की उपलब्धता

- बिना बाधा, बनी रहती है आपूर्ति श्रृंखला
- वित्तीय वर्ष 2023-24 में 9 लाख से अधिक परिवार नियोजन साधनों की हुई सप्लाई
- स्टॉक की वास्तविक स्थिति से अवगत रहते हैं स्वास्थ्य कर्मी
- अनावश्यक भंडारण और कमी दोनों से मिल रही निजात
- दूर-दराज क्षेत्रों में भी रहती है परिवार नियोजन साधनों की पहुंच

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जनपद में एफपी-एलएमआईएस (परिवार नियोजन लॉजिस्टिक प्रबंधन सूचना प्रणाली) पोर्टल ने परिवार नियोजन साधनों की कमी की समस्याओं को काफी हद तक हल कर दिया है। इस अत्याधुनिक प्रणाली ने स्वास्थ्य कर्मियों को स्टॉक की स्थिति को वास्तविक समय में ट्रैक करने में मदद की है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं और फार्मासिस्टों को पोर्टल पर सामग्री की मांग और अवशेष की जानकारी भरने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया है। इस पहल से जहां लाभार्थियों को सही समय पर साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है वहीं स्वस्थ्य केन्द्रों पर अनावश्यक भंडारण या कमी की समस्याएं दूर हो रही हैं। एफपी-एलएमआईएस की पहल से ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में भी कंडोम, गर्भनिरोधक गोलियाँ, कॉपर-टी और अन्य गर्भनिरोधक साधन आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। जनपद मुख्यालय से 45 किमी दूर बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में स्थापित शिवपुर का बेलामकंद इसका एक बेहतर उदाहरण है। यहां पंजीकृत 200 से अधिक लाभार्थियों के लिए औसतन 300 अलग-अलग परिवार नियोजन के साधनों की आवश्यकता हर माह होती है। केंद्र की एएनएम भानमती कहती हैं पहले परिवार नियोजन साधनों के लिए प्रार्थना पत्र लिखना पड़ता था और कई बार इस पर कोई कार्रवाई भी नहीं होती थी लेकिनएफपी - एलएमआईएस के आने से हमारा काम बहुत आसान हो गया है। अब हम इस पोर्टल पर साधनों की डिमांड भरते हैं और यह हमें समय से उपलब्ध हो जाती है। इससे हम अपने लाभार्थियों को पीपीआईयूसीडी, छाया व अंतरा इंजेक्शन जैसी सेवाएं निरंतर प्रदान कर पाते हैं।

**क्या है एफपी - एलएमआईएसः-** एफपी एलएमआईएस एक डिजिटल प्रणाली है, जो स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य वितरण केंद्रों के बीच परिवार नियोजन साधनों की आपूर्ति श्रृंखला का प्रबंधन करती है। इसे 2017 में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के परिवार नियोजन प्रभाग द्वारा विकसित किया गया और 2018 में लागू किया गया। इसका उद्देश्य सही समय और स्थान पर आवश्यक 9 प्रकार के साधनों - कंडोम, माला-एन, छाया, आकस्मिक गर्भनिरोधक गोलियां, कॉपर-टी, महिला नसबंदी के ट्यूबल रिंग, अंतरा इंजेक्शन और प्रेगनेंसी टेस्ट किट की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, ताकि स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

**आंकड़े बताते हैं साधनों की आवश्यकताः-** नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2019- 21 के आंकड़ों के अनुसार, हमारे जिले की कुल अनमेट नीड 27.6% है, यानी 27.6प्रतिशत दंपति परिवार नियोजन की सेवा तो चाहते हैं लेकिन किन्ही कारणों से उनकी पहुंच साधनों तक नहीं हो पाती। वहीं अंतराल विधियों की अनमेट नीड 11.1प्रतिशत है। यह डेटा दर्शाता है कि जिले में परिवार नियोजन साधनों की माँग अधिक है, जिसे एफपी -एलएमआईएस के माध्यम से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

**हर स्तर पर निगरानी :-** जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ यूपी-टीएसयू ने बताया कि एफपी -एलएमआईएस पोर्टल पर आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य केन्द्र, जिला, राज्य, व केंद्र सहित हर स्तर पर मांग और अवशेष सामग्री की जानकारी इस पोर्टल पर दर्ज की जाती है। इससे हर स्तर पर परिवार नियोजन सामग्री की उपलब्धता की निगरानी आसानी से हो जाती है और मांग और आपूर्ति के आंकड़े आसानी से प्राप्त हो जाते हैं । इस पहल से अनावश्यक भंडारण और कमी दोनों प्रकार की चुनौतियाँ नहीं रहती।

### भविष्य की दिशा



जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि FP-LMIS ने हमारे जिले में परिवार नियोजन साधनों की उपलब्धता और पहुँच को सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह पहल न केवल वर्तमान में प्रभावी है, बल्कि भविष्य में भी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण प्रणाली साबित होगी।

### चार वर्षों में दोगुनी हुई सप्लाई



प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार का कहना है कि फ्एफपी -एलएमआईएसफ् ने परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस पोर्टल के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 9 लाख से अधिक परिवार नियोजन साधनों की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गयी थी जबकि 2019 - 20 में यह आंकड़ा महज 3.8 लाख ही था ।

# विकास में बाधक बन रहे पालिका अध्यक्ष

- चुनाव के समय किया था दावा एक फोन पर रहूंगा तत्पर
- ईओ और अध्यक्ष के बीच खिंची तलवार
- अपना ऑडियो वायरल कर सरकार को घेरने की कर रहे कोशिश

आशीष शुक्ला



रायबरेली समृद्धि न्यूज़। बारिश के बाद शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया है। साथ ही अमृत योजना से डाली गई सीवर लाइन के कारण कई जगह सड़के धंस गई हैं। इसके चलते लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हरकत में आए नगर पालिका ने काम शुरू कराया तो कोई और नहीं अध्यक्ष खुद ही रोड़ा बन गए। उनका एक वायरल आडियो चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसमें ईओ को फोन करके यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि राहुल जी को आना है, काम क्यों लगा हुआ है। सड़क पर गड्ढा रहेगा तो कैसे काफिला निकल पाएगा।

### राहुल जी को आना है काम बंद कराएं... चेयरमैन का ऑडियो वायरल

नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन लाल सोनकर शहर के विकास में बाधक बने हुए है। राहुल गांधी के दौरे पर आने से पहले ही जिले की राजनीति गर्म होने लगी है। नगर पालिका अध्यक्ष का ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मामला शहर के गोरा बाजार मोहल्ले का है, जहां से होकर राहुल गांधी आज देर रात भुएमऊ गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। गेस्ट हाउस जाने वाले मार्ग पर सीवर लाइन के निकट मिट्टी धंस गई। इससे सड़क खराब हो गई थी, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड महिपाल सिंह द्वारा नगर पालिका को एक पत्र भी लिखा था। पत्र को संज्ञान में लेकर ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह पूरी रात नगर पालिका टीम के साथ मरम्मत करा रहे थे। वही आडियो में नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर द्वारा काम बंद कराने के लिए दबाव बनाते सुनाई दे रहा है।

### इस पूरे मामले पर क्या कहा अधिशासी अधिकारी ने

अध्यक्ष नगर पालिका के द्वारा जब अपना और अधिशासी अधिकारी के बीच हुई वार्ता का ऑडियो वायरल किया गया तो कहीं न कही चर्चा का विषय बन गया और जब इस पूरे वाक्ये पर आशिषाशी अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गेस्ट हाउस जाने वाले रास्ते पर 10 फीट का गड्ढा बन गया था अगर उसे ठीक न कराया जाता तो बड़ी घटना घट सकती थी। मेरी टीम के द्वारा रात कोई उसे गड्ढे को भरने का काम शुरू कर दिया गया था। मगर अध्यक्ष जी अपनी राजनीतिक रोटी संकने के चक्कर में पूरी नगर पालिका की किरकिरी करवाने में लगे हैं।

## होमवर्क न करने पर बर्बरता : गुस्साए शिक्षक की पिटाई से छात्र हुआ बेहोश, दो दांत भी टूटे

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।





ग्रीष्म कालीन छुट्टियों में दिये गए होमवर्क ना करने से नाराज शिक्षक ने छात्र की जमकर की पिटाई कर दी। जिससे छात्र बेहोश हो गया और उसके दो दांत भी टूट गए। पीड़ित छात्र ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है।

मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मॉडर्न पब्लिक स्कूल का है। जहाँ दसवीं क्लास में साइंस के छात्र मयंक पुत्र रमेश कुमार, निवासी उमरी थाना सलोन ने बताया कि शिक्षक आसिफ ने अप्रैल महीने में स्कूल बंद होने से पहले नोट्स बनाने के लिये होमवर्क दिया था। एक महीने बाद जब वह आज स्कूल गया तो सुबह 11:00 बजे शिक्षक ने पूछा कि नोट्स तैयार है तो उसने नोटस तैयार करने असमर्थता बताई। शिक्षक इस बात पर आग बबूला हो गए और हाथ में मोटा डंडा लेकर हाथ व पीठ पर कई बार उससे प्रहार किया। जिससे वह बेहोश होकर नीचे गिर पड़ा। इस दौरान उसके मुंह व सर पर गंभीर चोट आई और मुंह के आगे के दो दांत भी टूट गए।

### स्कूल से भाग निकला शिक्षक

छात्र ने बताया कि शिक्षक उसके मुंह पर रुमाल डालकर वहां से भाग गए। वह स्कूल में बेहोश पड़ा था। जैसे ही उसे होश आया तो दोपहर 3:30 पर किसी अन्य छात्र ने घटना की जानकारी मयंक के परिजनों को दी। मयंक ने इस घटना के बारे में लिखित जानकारी थाना प्रभारी निरीक्षक सलोन को दी है और मामले में शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### बाबा बर्फानी के दर्शन कर सकुशल घर लौटे भक्त



लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। ओम शिव शक्ति मानव सेवा समिति लालगंज के तत्वावधान में बाबा बर्फानी अमरनाथ यात्रा 2024 में लालगंज से पहले जत्थे में 24 भक्त बाबा अमरनाथ के दर्शन करने हेतु गए थे कुशल दर्शन कर बाबा बर्फानी के दरबार से 24 भक्त सकुशल वापस लालगंज लौटे उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल लालगंज संरक्षक रविंद्र मुरारका नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा के नेतृत्व में गुरबक्श गंज चौराहा तुलसी उत्सव लान लालगंज में सभी भक्तों को माला अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया उपस्थित प्रदेश संगठन मंत्री मृत्युंजय बाजपेई, रोहित सोनी अप्पू शर्मा, सचिन गुप्ता, पुष्कर गुप्ता, शिवम गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन, दीपक भदौरिया, बउवा गुप्ता, अंकित सिंह, प्रतीक शर्मा, अक्षय गुप्ता, आशीष चौरसिया, विकास शर्मा, बउवा बाजपेई, रौनक भदौरिया, दीपक अवस्थी, गोलू त्रिपाठी, गुड्डू भदौरिया, सुमित त्रिपाठी आदि भक्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### स्कूली वाहनों का चलाया गया चेकिंग अभियान

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। योगी सरकार के निर्देश पर रायबरेली में स्कूली वाहनों का सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पूरे जिले में चले अभियान के दौरान कई वाहनों के प्रपत्र में कमी पाए जाने के बाद आरटीओ मनोज कुमार सिंह ने इनके संचालन पर रोक लगा दी है। दरअसल पूर्व में कई जिलों में ।स्कूली वाहनों की दुर्घटना के बाद सामने आया कि बिना फिटनेस के ही स्कूली गाड़ियां दौड़ रही हैं। इसी को देखते हुए परिवहन मंत्री के निर्देश पर परिवहन आयुक्त ने प्रदेश भर के जिलों में स्कूली वाहनों की सघन जांच का आदेश दिया है। आगामी बाइस जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के दौरान तेरह बिंदुओं की जांच होगी। इनमें वाहनों के फिटनेस, इंश्योरेंस, ड्राइवर का वैध लाइसेंस और उसके पुलिस वेरिफिकेशन समेत कुल तेरह बिंदुओं पर जांच होनी है। परिवहन आयुक्त के इसी आदेश को अमल में लाते हुए आरटीओ प्रवर्तन मनोज कुमार सिंह ने जिले की सभी तहसीलों में टास्क फोर्स बनाकर आज पहले दिन सघन जांच की। इस दौरान कई वाहनों में फर्स्ट एड किट और अग्नि शमन यंत्र न मिलने पर वाहन स्वामियों को उसे तुरंत लगाए जाने का निर्देश जारी किया है। वहीं कुछ स्कूली वाहनों फिटनेस न मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके संचालन पर रोक लगा दी है। आरटीओ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यह अभियान जुलाई भर पूरे माह सघन रूप से चलेगा।

### आधुनिक सुविधाओं युक्त मदन मेडिकेयर का शुभारंभ

इटावा, समृद्धि न्यूज। सर मदनलाल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन द्वारा स्थापित मदन हॉस्पिटल जो कि अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस इटावा का हॉस्पिटल है। वह हॉस्पिटल शहर से कुछ ही दूरी पर है, फिर भी हॉस्पिटल संचालकों ने मरीजों की सुविधा के लिए बलराम सिंह चौराहे पर मदन मेडिकेयर खोला है। मदन मेडिकेयर के बारे में जानकारी देते सर मदनलाल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन डॉक्टर विवेक यादव तथा मदन हॉस्पिटल के चेयरमैन व





ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर विकास यादव ने संयुक्त रूप से बताया है कि इस मेडिकेयर पर हड्डी रोग, जनरल मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग, प्लास्टिक सर्जरी एवं त्वचा रोग, जनरल सर्जरी, यूरोलॉजी एवं कैंसर रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहकर ओपीडी करेंगे। जरूरत पड़ने पर मरीज को एम्बुलेंस से मदन हॉस्पिटल ले जाकर भर्ती कराया जाएगा तथा इलाज होगा।

### सम्मान समारोह आयोजित

इटावा, समृद्धि न्यूज। आईएमए भवन पक्का तालाब पर रविवार शाम को डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में चिकित्सा सम्मान समारोह आयोजित हुआ ।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर हुई। डॉक्टर्स डे पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि उ.प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई इटावा के कुलपति डा.पी.के.सिंह, डा.एस.पी.एस.चौहान पूर्व अध्यक्ष आईएमए उ.प्र., डा. देशराज गुर्जर नेफ्रोलॉजिस्ट कानपुर, डा.वी.एन. मेहरोत्रा,डा.नीता मेहरोत्रा, डा. संजीव यादव,डा.तृप्ति यादव,डा. मन्यू गुप्ता और डा.अर्चना गुप्ता को सम्मानित किया गया। डॉक्टर्स डे पर आयोजित सम्मान समारोह में वरिष्ठ चिकित्सक डा.डी. एस.गुप्ता, डा. डीके टंडन, डा.पी.के. वर्मा,डा.सरत चंद्रा और डा.मनोहर सिंघल को आईएमए उ.प्र.अध्यक्ष डा.एम.एम.पालीवाल ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा.एस. सी.गुप्ता आईएमए अध्यक्ष इटावा शाखा ने की तथा संचालन सचिव डा.डी.के.सिंह ने किया। समारोह के उपरांत विख्यात नेफ्रोलॉजिस्ट डा.देश राज गुर्जर द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें किडनी की बीमारियों से बचाव एवं उपचार के सम्बन्ध में चर्चा हुई। डॉक्टर्स डे पर आयोजित सम्मान सम्मान समारोह में शहर के सभी चिकित्सक शामिल हुए।

## एडीओ पंचायत के समर्थन में आए ग्राम प्रधान

- अगर लगाए जाएंगे फर्जी आरोप तो हम सभी करेंगे धरना प्रदर्शन

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



> महराजगंज ब्लॉक परिसर में अक्सर अराजक तत्वों का जमावड़ा देखा जाता है और जब अधिकारी कर्मचारी उनकी बात नहीं मानते तो यह सभी फर्जी मनगढ़ंत कहानी बनकर अधिकारियों की साख को केवल बट्टा लगाने का कार्य करते हैं जिससे कि अधिकारी इनके दबाव में आ जाएं।

एडीओ पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र शुक्ला के ऊपर कोटवा मदनिया गांव निवासी अनुपम जायसवाल ने आरोप लगाया है कि जनसुनवाई पोर्टल पर ग्राम पंचायत में बैठक की जानकारी मांगने पर ग्राम पंचायत अधिकारी ने धमकी दी है ।वही अनुपम जायसवाल ने महराजगंज कोतवाली को एक लिखित शिकायती पत्र भी दिया है। इस मामले मे एडीओ पंचायत एवं ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र शुक्ला ने बताया कि आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद है और पूरी तरह से निराधार है फर्जी आरोप लगाए जा रहे हैं। एडीओ के समर्थन में हलोर ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि रिंकू चौधरी ने कहा है कि केवल दबाव बनाने की राजनीति चल रही है जो लोग गाली गलौज का आरोप लगा रहे हैं वह केवल दबाव बनाने की राजनीति कर रहे हैं एडीओ पंचायत को हटाने की साजिश चल रही है ।अगर अधिकारी को नाजायज परेशान किया जाएगा तो हम सभी धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे इस तरह के अधिकारियों की वजह से गांव का विकास हो रहा है लोगों को गांव का विकास शायद हजम नहीं हो रहा है इसलिए फर्जी दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है व।ही इस मामले में कोटवा मदनिया ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि सत्रोहन लोधी ने कहा एडीओ पंचायत पर जो आरोप लगाएं जा रहे हैं वह पूरी तरह से निराधार हैं केवल बदनाम करने की साजिश रची जा रही है अगर इसी तरह अधिकारियों को बदनाम किया जाएगा तो हम सभी अनशन बैठेंगे।

### मोटरसाइकिल सवार युवक को बोलेरो ने मारी टक्कर घटना स्थल पर दर्दनाक मौत

गुरुबक्सगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत उस समय हड़कंप मच गया जब गढ़ी दुलाराय के निकट बोलेरो ने मोटरसाइकिल सवार युवक को मारी टक्कर घटना स्थल पर दर्दनाक मौत। मिली जानकारी के अनुसार आज सोमवार को संजय पुत्र हनोमान निवासी चांदेमऊ थाना गुरुबक्सगंज रायबरेली उम्र लगभग 25 वर्ष मोटरसाइकिल up 33 bb 0627 से गुरुबक्सगंज चौराहे से बछरावां की तरफ जा रहे थे जैसे ही मोटरसाइकिल सवार युवक गढ़ी दुलाराय के पास पहुंचा तभी बछरावां की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ह्रश्व 33 2 8459 ने जोरदार टक्कर मार दी बोलेरो की टक्कर से संजय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए शव को मोर्चरी हाउस भेज दिया है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### पैर फिसलने से तालाब में डूबा बुजुर्ग, मौत

सरनी(रायबरेली), समृद्धि न्यूज। सोमवार की सुबह थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक बुजुर्ग शौचक्रिया के दौरान गहरे तालाब में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक इब्राहिमपुर गांव निवासी गणेश प्रसाद पाल (60 वर्ष) पुत्र ननकू पाल सुबह शौच के लिए घर से बाहर गया हुआ था और शौचक्रिया के दौरान पैर फिसलने से तालाब के गहरे जल में चला गया,जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। वहीं परिजनों द्वारा खोजबीन के दौरान बुजुर्ग को तालाब में उतराता देख किसी तरह शव को बाहर निकाला। वहीं परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।एसएसआई शुभम सिंह ने बताया कि शौचक्रिया के दौरान पैर फिसलने से बुजुर्ग तालाब में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है, अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## रास्ते क्रिटिकल, हाजिरी डिजिटल, शिक्षक कर रहे फिजिकल





- ऑन लाइन उपस्थिति के विरोध में उतरे शिक्षक
- शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध

### क्यों है विरोध





ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे शिक्षकों का कहना है कि सुदूर ग्रामीण इलाकों में बारिश-आंधी के दौरान कई बार स्कूल पहुंचना मुश्किल हो जाता है। इंटरनेट कनेक्टिविटी और सिग्नल की समस्या भी आती है। शिक्षकों की बुनियादी मांगों और व्यावहारिक दिक्कतों पर विचार किए बगैर ऑनलाइन हाजिरी का आदेश जारी किया गया है। शिक्षकों का कहना है कि उनका विरोध हाजिरी को लेकर नहीं है, बल्कि उनकी बुनियादी मांगों को पूरा किए बिना मनमाने आदेश को लेकर है। उनकी 31 ईएल, हाफ डे लीव, कैशलेस चिकित्सा जैसी मांगों को पूरा नहीं किया गया, लेकिन नया आदेश थोप दिया।

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

परिषदीय विद्यालयों में सुचारू रूप से पठन पाठन चलाने और शिक्षकों को ससमय उपस्थिति दर्ज कराने के लिए रोज नए नए आदेश आ रहे। आदेशों के इसी क्रम में शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी के लिए महानिदेशक किरण वर्मा ने आदेश जारी कर दिए थे। पहले ये उपस्थिति 15 जुलाई से प्रस्तावित थी,परंतु नए आदेश में इसे 8 जुलाई से लागू कर दिया गया। इसके लिए विभाग द्वारा प्रत्येक विद्यालय पर दो टैबलेट और सिम का वितरण किया गया। लेकिन इस डिजिटल हाजरी का शिक्षक जमकर विरोध कर रहे हैं। परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की नियमित और समय से उपस्थित को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने सोमवार से ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश जारी किया है। शिक्षकों को सुबह 8 बजे विद्यालयों में पहुंचकर फेस रिकॉग्निशन सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति देनी थी, लेकिन इस फैसले के खिलाफ शिक्षक लामबंद हो गए हैं।ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करते हुए शिक्षक सोमवार को हाथ पर काली पट्टी बांधकर स्कूल पहुंचे। वहीं सरकार के इस फैसले पर अपना विरोध जताया। शिक्षकों का कहना है कि सरकार का यह आदेश पूरी तरह से अव्यवहारिक है। शिक्षक काली पट्टी बांधकर ही स्कूलों में शिक्षण कार्य कर रहे हैं।

**शिक्षकों की डिजिटल उपस्थिति मामले में रायबरेली रहा शून्य :-** शिक्षकों की डिजिटल उपस्थिति मामले में रायबरेली जिला शून्य रहा है। यहां राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने दावा किया है कि जिले में आज एक भी शिक्षक ने डिजिटल उपस्थिति नहीं दर्ज कराई है। वहीं बीएसए के पास अभी तक उपस्थिति का डाटा नहीं आया है इसलिए उन्होंने कहा कि शाम तक ही इस मामले में कुछ बताया जा सकता है। दरअसल आज से प्रदेश भर के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की डिजिटल उपस्थिति होनी थी। इसका शुरू से ही शिक्षक विरोध कर रहे थे। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा, डिजिटल उपस्थिति काला कानून जैसा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक डिजिटल उपस्थिति का विरोध नहीं कर रहा है बल्कि इसके अव्यावहारिक पहलुओं का विरोध है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि इसमें व्यावहारिक पहलू शामिल कर लिए जाएं तो शिक्षक डिजिटल उपस्थिति देने को तैयार है।

### तेज बारिश से ढही कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बाउंड्री वाल

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



रविवार रात तेज बारिश के बीच गोझवा मनाखेड़ा गांव में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की जर्जर बाउंड्री भरभरा कर गिर पड़ी है। गनीमत रही की अभी छात्राएं विद्यालय नहीं आई है। न बाउंड्री वॉल के आसपास कोई किसान थाद्य नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता थाद्य कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की लगभग 25 मीटर बाउंड्री गिरकर धराशाई हो गई है। इस संबंध में विद्यालय की वार्डन कुसुम देवी ने बताया कि जर्जर बाउंड्रीवाल को लेकर पूर्व में उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया है, पर बजट के अभाव में नई बाउंड्रीवाल नहीं बन पाई। साथ ही बाउंड्रीवॉल से जुड़े खेतों में पानी भरा है। किसानों ने बाउंड्री वॉल तक अपने खेत जोत दिए ।जिससे बाउंड्री वॉल और कमजोर हो गई।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मोहम्मद शरीफ व उसकी पत्नी मारिया खान को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

सूचनाकर्ता
महरुन्निशा पत्नी बरकत
निवासी ककरहिया नई बस्ती,
थाना कोतवाली नगर जिला बाराबंकी


## गंगा नदी तक जाने वाली सड़क पहली बारिश में ध्वस्त

सरेनी(रायबरेली), समृद्धि न्यूज।



गेगासों स्थित महामुण्डमालेश्वर मंदिर के पास गंगातट को जाने वाली सड़क पहली बारिश में ही ध्वस्त हो गयी जिससे श्रद्धालु आहत हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि अगर सड़क सावन माह शुरू होने के पहले नहीं बनवाई जाती तो तो शिव भक्तों को असुविधा होगी।कावंड़िये भी इसी मार्ग से गंगाजल लेने गंगानदी तक आते जाते हैं। महर्षि गर्ग की तपोस्थली रहे गेगासों में स्थित महामुंडमालेश्वर मंदिर व संकटा देवी मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। मुगलकाल में औरंगजेब की सेना ने इस मंदिर को भी तोड़ने की कोशिश की थी किन्तु असंख्य मधुमक्खियों के हमले से सैनिक भाग खड़े हुए थे।सावन के महीने में यहाँ हजारों श्रद्धालु आते हैं व गंगानदी के जल से शिव लिंग का जलाभिषेक कर पूजा,अर्चना करते हैं। इसी मंदिर के बगल से गंगातट को जाने वाली सड़क गुरुवार की शाम हुई बारिश में बह गयी। अब इस पर पैदल चलना भी कठिन है। पुजारी संतोष ने बताया कि इस बार 22 जुलाई से शुरू हो रहे सावन माह में पाँच सोमवार पड़ रहे हैं। श्रद्धालु बड़ी तादात में आयेंगे। कावंड़िये गंगाजल लेकर इसी मार्ग से हमेशाआते जाते रहे हैं जबकि मार्ग की खस्ता हालत से श्रद्धालु आहत हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि अगर सड़क की सावन महीने के शुरू होने से पहले मरम्मत नहीं कराई जाती तो शिव भक्तों को दिक्कतें झेलनी पड़ेगी।कावंड़ियों को तो विशेष असुविधा झेलनी पड़ेगी। सभी ने मार्ग को शीघ्र दुरस्त कराकर आवाजाही के लायक बनाये जाने की माँग उच्चाधिकारियों से की है।

### पूर्व पीएम स्वर्गीय चंद्रशेखर को मिले भारत रत्न : गोविंद चौहान एडवोकेट



रायबरेली, समृद्धि न्यूज। गौतम बुद्ध विचारमंच की ओर से रायबरेली सिविल कोर्ट में देश के पूर्व प्रधानमंत्री, स्वर्गीय चद्रशेखर चित्र पर माल्यार्पण करके मनाई गई। कार्यक्रम के माध्यम से देश के वर्तमान राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से चंद्रशेखर जी को भारतरत्न दिए जाने की मांग की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य ओम सिंह ने कहा चंद्रशेखर सिंह जी ने राजनैतिकता को दिशा देने का कार्य किया,और उन्होंने आम जनमानस के बीच काम किया। इस अवसर पर गौतम बुद्ध विचार मंच के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील सिंह दयालपुर ने कहा कि चंद्रशेखर सिंह जी ने आजाद भारत में सामाजिक न्याय को जन्म देने का काम किया। जनता के दर्द का एहसास इनको था। सेंट्रल बार के पूर्व उपाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह ने कहा चंद्रशेखर सिंह जी ने देश की आजादी के बाद जो जनमानस की दुर्गति देखी उसके निवारण का काम किया है। सेंट्रल बार एसोसिएशन की उपाध्यक्ष अल्का सिंह राजपूत जी ने कहा चंद्रशेखर जी एक ऐसे प्रधानमंत्री थे जिन्होंने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक लगभग 4300 किलोमीटर की पैदल यात्रा करने का काम किया।

## नवोदय विद्यालय में हुआ चयन





- अध्यापकों ने छात्रा का मुंह मीठा करा कर दी शुभकामनाएं

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

डाश रिज़वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की छात्रा प्राची प्रजापति का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ चयन होने पर विद्यालय के अध्यापकों ने छात्रा का मुंह मीठा करा कर शुभकामनाएं दीं।

चिकमण्डी निवासी प्रमोद कुमार जीविका चलाने के लिए मजदूरी करते है और मां संगीता प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका है इन्ही की ग्यारह वर्षीय पुत्री प्राची प्रजापति डाश रिज़वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कक्षा 5 की छात्रा का चयन नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए हुआ छात्रा के चयन होने पर विद्यालय के अध्यापकों ने मुंह मीठा कराते हुए अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया यह बच्ची बहुत ही होनहार है पिछले वर्ष इस बच्ची ने पूरे विद्यालय में सबसे ज्यादा अंक हासिल किया था जिसकी वजह से विद्यालय में सम्मानित किया गया था नवोदय विद्यालय में चयन करा कर इस छात्रा ने फिर अपने विद्यालय के साथ अपने माता पिता और गुरुजनों का नाम रोशन किया।

इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक अताउर रहमान, प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र कुमार, डिम्पी तिवारी,सोनी बेगम, संध्या दीक्षित, साधना सोनकर, राजू, नशरा रहमान,मंतशा इदरीशी, सबा, श्रेया बाजपेई, काजल, शहनाज, अलशीफा बानो, निकिता यादव, रामरती आदि ने शुभकामनाएं दी।


### महत्वपूर्ण सूचना

**मुरादाबाद मंडल के शाहजहाँपुर जं. – लखनऊ एवं रोज़ा – सीतापुर सिटी डबल लाइन सेक्शन एवं रोज़ा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते प्री–नॉन–इंटरलॉकिंग एवं नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के संबंध में दिनांक 05.07.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन के साथ निम्नलिखित रेलगाड़ियों के निरस्तीकरण/ मार्ग परिवर्तन/आंशिक निरस्तीकरण/पुनर्निधारण/विनियमन की तिथियों में परिवर्तन किया गया है, जो निम्नानुसार है:–**

#### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | निरस्त करने की तिथि(यां) (प्रारम्भिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 22454 मेरठ सिटी – लखनऊ जं. राज्य रानी एक्सप्रेस | 03.08.2024 से 06.08.2024 |
| 22453 लखनऊ जं. – मेरठ सिटी राज्य रानी एक्सप्रेस | 02.08.2024 से 05.08.2024 |

#### रेलगाड़ी का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग (वाया) | मार्ग परिवर्तन तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 15622 आनन्द विहार टर्मिनल – कामाख्या एक्सप्रेस | **रामगंगा–रोज़ा–सीतापुर के बजाय** रामगंगा–बरेली सिटी – पीलीभीत जं – सीतापुर | **27.07.24 एवं 03.08.2024 के बजाय** 26.07.24 एवं 02.08.24 |

#### रेलगाड़ियों की बहाली

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | बहाली करने की तिथि(यां) (प्रारम्भिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 22454 मेरठ सिटी – लखनऊ जं. राज्य रानी एक्सप्रेस | 01.08.2024 एवं 02.08.2024 |
| 22453 लखनऊ जं. – मेरठ सिटी राज्य रानी एक्सप्रेस | 31.07.2024 से 01.08.2024 |
| 14242 सहारनपुर जं. – प्रयागराज संगम नौचंडी एक्सप्रेस हापुड़ – मुरादाबाद – लखनऊ के बजाय वाया **हापुड़ – खुर्जा जं. – कानपुर सेंट्रल – लखनऊ** के रास्ते मार्ग परिवर्तन के साथ **बहाली** | 23.07.2024 से 04.08.2024 |
| 14241 प्रयागराज संगम – सहारनपुर जं. नौचंडी एक्सप्रेस लखनऊ – मुरादाबाद – हापुड़ के बजाय वाया **लखनऊ – कानपुर सेंट्रल – खुर्जा जं. – हापुड़** के रास्ते मार्ग परिवर्तन के साथ **बहाली** | 23.07.2024 से 04.08.2024 |
| 14242 सहारनपुर जं. – प्रयागराज संगम नौचंडी एक्सप्रेस **उचित मार्ग पर** | 05.08.2024 |
| 14241 प्रयागराज संगम – सहारनपुर जं. नौचंडी एक्सप्रेस **उचित मार्ग पर** | 22.07.2024 |

#### रेलगाड़ियों का पुनर्निर्धारण

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | पुनर्निर्धारण रेलगाड़ियाँ (आरंभिक स्टेशन) |
|---|---|
| 22454 मेरठ सिटी – लखनऊ जं. राज्य रानी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 01.08.2024 को मेरठ सिटी से 06:40 बजे के स्थान पर 08:55 बजे (135 मिनट की देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 22454 मेरठ सिटी – लखनऊ जं. राज्य रानी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 02.08.2024 को मेरठ सिटी से 06:40 बजे के स्थान पर 09:40 बजे (180 मिनट की देरी से) प्रस्थान करेगी। |

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कुदरत का कोहराम

मानसून की दस्तक के साथ ही हिमाचल व उत्तराखंड में दरकते पहाड़ व रौद्र रूप दिखाती नदियां चिंता बढ़ाने वाली हैं। कुदरत के कहर के सामने इंसान बौना ही नजर आता है। तमाम मुख्य नदियां उफान पर हैं। जगह-जगह भूस्खलन से सड़कें ठप पड़ी हैं। हिमाचल में मूसलाधार बारिश के बीच मलबा व पत्थर गिरने से सैकड़ों सड़कें बंद हो गई हैं। सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। पहले हम गर्मी से त्रस्त होकर बारिश की आस लगाए होते हैं, लेकिन जब बारिश आती है तो स्थितियां डराने वाली हो जाती हैं। निस्संदेह ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते बारिश के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। बारिश कम समय में ज्यादा मात्रा में बरसती है। जिससे न केवल पहाड़ों में कटाव बढ़ जाता है बल्कि पानी के साथ भारी मात्रा में मलबा गिरकर रास्तों व पानी के प्राकृतिक मार्गों को अवरुद्ध कर देता है। यह संकट इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि हमने पहाड़ों को विलसिता का केंद्र बना दिया है। तीर्थाटन अब पर्यटन जैसा हो गया है। पर्यटकों के वाहनों से छोटी सड़कें और पुल दबाव में हैं। नीति-नियंताओं ने पहाड़ों में सड़कों को फोर लेन-सिक्स लेन बनाने का जो उपक्रम किया है, उससे पहाड़ों का नैसर्गिक वातावरण खतरे में है। पहाड़ों के किनारे काटने से भूस्खलन की गति तेज हुई है। गाहे-बगाहे पहाड़ों का मलबा सड़कों पर गिरकर यातायात को अवरुद्ध कर देता है। यात्रियों के जीवन पर हर समय संकट बना रहता है। हिमाचल की ही तरह से कुदरत के कोहराम से उत्तराखंड भी बुरी तरह त्रस्त है। भागीरथी, अलकनंदा, मंदाकिनी व पिंडर आदि नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं।

चारधाम यात्रा मार्ग पर मलबा गिरने की घटनाएं बढ़ने से यात्रा कुछ समय के लिये स्थगित की गई है। बार-बार भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया जा रहा है। जगह-जगह सड़कों के कटने से सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं। कई गांवों को जोड़ने वाली सड़कें बह गई हैं। बादल फटने की आशंका भी लगातार बनी रहती है। बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री जाने वाले मार्ग जगह-जगह बाधित हैं। भारी बारिश की आशंका को देखते हुए स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टियां घोषित की गई हैं। सामान्य जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई मोटरमार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हुए हैं। कई छोटे पुल बह गए हैं। कई निचले स्थानों से लोगों को हटाया गया है। कुल मिलाकर लाखों लोगों को अतिवृष्टि ने बंधक बना दिया है। निश्चित रूप से तेज बारिश और उसके प्रभाव इंसानी नियंत्रण से बाहर होते हैं। लेकिन इसके बावजूद पहाड़ी इलाकों में विकास के मॉडल पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत है। पहाड़ अध्यात्म के केंद्र भी रहे हैं, उन्हें पर्यटकों की विलसिता का केंद्र नहीं बनाया जाना चाहिए।

# सुनक की हार के बाद भी मजबूत रहेंगे भारत-ब्रिटेन संबंध

आलोक बाजपेयी



**यह हार 2019 के चुनाव में भी हो सकती थी लेकिन तब ब्रेग्जिट संधि से बाहर आने के माहौल ने यूके में दृश्य बदल दिया था। इस बार एंटी इनक्मबेंसी का प्रभाव रोकने के लिए ऋषि सुनक ने चुनाव जल्दी भी कराए लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। यह समझ लें कि ब्रिटेन में सुनक विरोधी वोट नहीं, बल्कि कंजर्वेटिव पार्टी के खिलाफ वोट पड़ा है। लगभग बीस महीने पहले जब सुनक को इस पद पर आसीन किया गया था तब ब्रिटेन की इकानॉमी सबसे मुश्किल दौरों में से एक में थी। दरअसल कोरोना त्रासदी से निपटने के लिए अपनाई गईं आर्थिक नीतियों और कोविड से निपटने के तरीकघें ने 2019 में चुनाव जीतने वाले प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को बेहद अलोकप्रिय कर दिया। रूस -यूक्रेन युद्ध ने यूके की मुसीबतें बढ़ा दीं और अंततरू जॉनसन को इस्तीफा देना पड़ा।**

ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी ब्रिटेन में बुरी तरह चुनाव हार गई। यह उसका सबसे खराब प्रदर्शन रहा है, वहीं किएर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी के लिए ये टोनी ब्लेयर की रिकॉर्ड जीत के बाद दूसरी सबसे बड़ी जीत। भारतीय मूल के और नारायण मूर्ति की बेटी अक्षता मूर्ति के पति होने के कारण ऋषि सुनक के प्रति भारतीयों का विशेष लगाव रहा। जब वे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने तब भारतीयों ने विशेष रूप से जश्न मनाया। कुछ लोगों ने इसे जिस भारत पर ब्रिटेन का कब्जा रहा उसी के शीर्ष पद पर भारत वंशी के आसीन होने की तरह देखा। यद्यपि सुनक के पुरखे भर भारतीय रहे हैं, उनका स्वयं का और उनके माता-पिता का भी जन्म भारत में नहीं हुआ।

लेकिन, अक्षता के कारण उन्हें भारत के दामाद की तरह भी बुलाया गया। जाहिर है कि ऋषि सुनक की हार से भारत में भी बहुतों का दिल टूटा है और उन्हें यह भी लगता है कि अब भारत और ब्रिटेन के आपसी रिश्ते पहले की तरह मजबूत नहीं रहेंगे। क्या ये आशंका सच है? ऋषि सुनक क्या वाकई भारत के साथ सम्बंध निभाने में सबसे आगे थे या क्या उनकी हार से भारत -ब्रिटेन सम्बन्धों पर पहाड़ टूट पड़ेगा? कुछ उत्साही मीडियाकर्मी तो सुनक की हार के पीछे भी उनका भारतप्रेम, महंगीजीवन शैली, अक्षता का भारतीय नागरिकता न छोड़ना वगैरा कारण बता रहे हैं। क्या ये भी सच है? उत्तर है - नहीं! आइये, जानते है क्यों? ऋषि सुनक की हार का सबसे बड़ा कारण है-14 वर्षो से जारी कंजर्वेटिव पार्टी के राज के कारण एंटी इनकम्बेंसी। दूसरा कारण है एक के बाद विफल हुए पार्टी नेतृत्वकर्ताओं के कारण पांच बार प्रधानमंत्री के चेहरे में बदलाव से उपजा अविश्वास।

इसे बार-बार कमांडर बदलने का दुष्प्रभाव भी कह सकते हैं। कुछ घोटालों के सामने आने और सुनक के पूर्व के प्रधानमंत्रियों की इंग्लैंड की अर्थव्यवस्था संभालने में विफलता ने लेबर पार्टी की जीत का रास्ता आसान कर दिया था। यह हार 2019 के चुनाव में भी हो सकती थी लेकिन तब ब्रेग्जिट संधि से बाहर आने के माहौल ने यूके में दृश्य बदल दिया था। इस बार एंटी इनक्मबेंसी का प्रभाव रोकने के लिए ऋषि सुनक ने चुनाव जल्दी भी कराए लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। यह समझ लें कि ब्रिटेन में सुनक विरोधी वोट नहीं, बल्कि कंजर्वेटिव पार्टी के खिलाफवोट पड़ा है। लगभग बीस महीने पहले जब सुनक को इस पद पर आसीन किया गया था तब ब्रिटेन की इकानॉमी सबसे मुश्किल दौरों में से एक में थी। दरअसल कोरोना त्रासदी से निपटने के लिए अपनाई गई आर्थिक नीतियों और कोविड से निपटने के तरीकघें ने 2019 में चुनाव जीतने वाले प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को बेहद अलोकप्रिय कर दिया। रूस -यूक्रेन युद्ध ने यूके की मुसीबतें बढ़ा दीं और अंततरू जॉनसन को इस्तीफा देना पड़ा।

बढ़ती महंगाई, ब्याज दरों और बेरोजगारी के बीच सुश्री लिज ट्रस प्रधानमंत्री पद की कुर्सी पर बैठीं लेकिन अपनी आर्थिक नीतियों का वांछित असर न देखकर मात्र 40 दिनों बाद ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। ऐसे में बेहद मुश्किघ्ल परिस्थितियों में अक्टूबर 2022 में प्रधानमंत्री पद सम्भालने वाले सुनक ने उन्हें मिली आर्थिक स्थिति सम्भालने की सबसे बड़ी चुनौती को बखूबी पूरा किया और जैसा उन्होंने प्रधानमंत्री बतौर अंतिम भाषण में कहा मात्र 20 महीनों के अंतराल में ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को लेकर पहले लक्ष्य पूरे किए गए हैं।

मुद्रास्फीति की दर बैंक ऑफइंग्लैंड के मापदंड दो प्रतिशत से कम हैं, ऋण पर ब्याज दरें पुनः कम हो चुकी है और अर्थव्यवस्था पुनः विकास की ओर लौट चुकी है। नवागत प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने भी अपने प्रथम भाषण में ऋषि सुनक के योगदान को सराहा। स्टार्मर ने कहा, श्ब्रिटिश एशियन पीएम के तौर पर उनकी असाधारण उपलब्धियों को हम भूल नहीं सकते, उसके प्रति हम आदर व्यक्त करते हैं।श् सुनक की जीवन शैली या भारत प्रेम या परिवार अथवा दौलत उनके हारने के कारणों में कतई शामिल नहीं। भारतवंशी प्रधानमंत्री के रूप में हम संतुष्ट हो सकते हैं कि उनकी विदाई सम्मानजनक रही और अभी उनकी कम उम्र को देखते हुए उनके सामने एक लम्बा भविष्य पड़ा है। ऋषि सुनक स्वयं नॉर्थ इंग्लैंड से अपनी सीट अच्छे बहुमत से जीत गए जबकि कंजर्वेटिव पार्टी की हार का प्रमुख कारण मानी जा रही पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस और चुनाव समर से पहले ही हार मान लेने वाले ग्यारह मंत्री भी चुनाव हार गए। लेबर पार्टी में एक समय में भारत विरोधी भावना वाले तत्व बहुत थे। लेकिन तारीफ करनी होगी नवागत प्रधानमंत्री सर किएर स्टार्मर की जिन्होंने लगातार दृढ़ता से भारत विरोधी भावना का विरोध कर लेबर पार्टी का रूख ही बदल दिया। इनमें सबसे महत्वपूर्ण रहे जर्मी कोर्बिन जिनके नेतृत्व में 2019 में लेबर पार्टी ने कश्मीर में धारा 370 हटाने के संदर्भ में प्रस्ताव पास किया कि कश्मीर में मानवाधिकार संकट में हैं तथा वहां के नागरिकों को स्वयं का निर्णय लेने का अधिकार मिलना चाहिए।

भारत ने स्वाभाविक तौर पर इसका विरोध किया लेकिन उससे महत्वपूर्ण यह है कि किएर स्टार्मर ने इस प्रस्ताव का विरोध करते हुए स्पष्ट कहा कि कश्मीर अंदरूनी मसला है और ब्रिटेन को इसमें दखल नहीं देना चाहिए। बाद में स्टार्मर ने जर्मी कोर्बिन को पार्टी में लगभग साइड लाइन कर दिया और अंततः जर्मी ने यह चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ा। इसी तरह लेबर पार्टी की शैडो मिनिस्टर रही प्रीत कौर गिल को खालिस्तान समर्थक कघ्द्मों के कारण उन्होंने पदावनत कर दिया था। चरमपंथियों का समर्थन करने के कारण सिख लेबर काउंसलर परविंदर कौर के भी पर वे कतर चुके हैं। लेबर पार्टी खालिस्तान के मुद्दे पर अपना रूख स्पष्ट कर चुकी है कि वह भारत विरोधी या अलगाववादी किसी भी भावना का समर्थन नहीं करती। यहां उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थकों पर कार्रवाई के मामले में सुनक की सरकार की कोई विशेष जमीनी उपलब्धियां नहीं रहीं। किसी वीवीआईपी के आने या जाने के दौरान बयान भर जारी किया जाता था लेकिन असलियत में भारतीय दूतावास से तिरंगा ध्वज उतारने वालों तक पर आज तक जांच ही चल रही है, कार्रवाई नहीं हो पाई। अतरू इस मोर्चे पर भी सुनक के जाने और स्टार्मर के आने से भारत का कोई नुकसान नजर नहीं आता। विगत दिनों मंदिर दर्शन करने गए किएर स्टार्मर ने भारतीय समुदाय को सम्बोधन करते हुए कहा था कि-हिन्दू फोबिया का ब्रिटेन में कोई स्थान नहीं है।

## विचार

# इंसाफ की आवाज उठाते राहुल



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार को मणिपुर दौरे पर जा रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को ही दो दिन के मास्को दौरे पर निकल रहे हैं और उसके बाद बुधवार को वे आस्ट्रिया जाएंगे। प्रसंगवश बता दें कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यानी महीने भर के भीतर श्री मोदी का यह दूसरा विदेश दौरा है, इससे पहले वे इटली की यात्रा कर चुके हैं। वहीं राहुल गांधी का एक साल के भीतर यह तीसरा मणिपुर दौरा है।

चुनावों से पहले भी वे दो बार मणिपुर तब गए थे, जहां वहां कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हिंसा के कारण जनता त्राहि-त्राहि कर रही थी, सरकार से अपने लिए शांति और सुरक्षा की मांग कर रही थी। लेकिन जनता की यह मांग अब भी पूरी नहीं हुई है। मणिपुर में पिछले महीने भी हिंसा हुई यानी साल भर बाद भी वहां हालात सामान्य नहीं हैं। हजारों लोग अब भी अपने घरों से बेदखल राहत शिविरों में रह रहे हैं। लेकिन संसद में मणिपुर का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस को कोसते हैं कि उसके शासनकाल में वहां राष्ट्रपति शासन लगा। उन्होंने पूर्वोत्तर में विकास के नए दावे इस बार किए। उनसे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी पूर्वोत्तर में अपनी सरकार के कामों पर संतुष्टि जताई, लेकिन मणिपुर के दर्द का जिक्र उनके अभिभाषण में नहीं था। जब प्रधानमंत्री राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर भाषण दे रहे थे, तब विपक्ष के सांसदों ने मणिपुर को न्याय दो के नारे भी लगाए। विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब प्रचारित किया गया और भाजपा की ओर से इसमें राहुल गांधी पर ही सवाल उठाए गए हैं कि नेता प्रतिपक्ष होने के नाते उन्होंने जानबूझ कर इस हंगामे को बढ़ावा दिया। सदन के भीतर के जो दृश्य संसद टीवी में नहीं दिखे, वे किसने रिकार्ड करके बाहर जारी किए, यह एक बड़ा सवाल बना हुआ है। बहरहाल, राहुल गांधी की बतौर नेता प्रतिपक्ष भूमिका पर भाजपा बार-बार सवाल उठाकर उन्हें एक अक्षम नेता साबित करने में लगी हुई है। लेकिन अगर बारीकी से देखा जाए तो राहुल गांधी अब भी वही काम कर रहे हैं, जो पहले करते आए थे और जिन कामों पर देश का ध्यान

**हजारों लोग अब भी अपने घरों से बेदखल राहत शिविरों में रह रहे हैं। लेकिन संसद में मणिपुर का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस को कोसते हैं कि उसके शासनकाल में वहां राष्ट्रपति शासन लगा। उन्होंने पूर्वोत्तर में विकास के नए दावे इस बार किए। उनसे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी पूर्वोत्तर में अपनी सरकार के कामों पर संतुष्टि जताई, लेकिन मणिपुर के दर्द का जिक्र उनके अभिभाषण में नहीं था। जब प्रधानमंत्री राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर भाषण दे रहे थे, तब विपक्ष के सांसदों ने मणिपुर को न्याय दो के नारे भी लगाए। विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब प्रचारित किया गया।**

भारत जोड़ो यात्रा के वक्त से गया था। राहुल गांधी ने हमेशा वंचितों और शोषितों के साथ खड़ी होने वाली राजनीति पर जोर दिया। जब यूपीए सत्ता में थी तो वे भट्टा परसौल और नियामगिरि गए थे, ताकि किसानों और आदिवासियों के साथ खड़े हो सकें। मोदी सरकार के वक्त मंदसौर में किसानों पर गोली चली तो राहुल गांधी वहां भी गए और उन्नाव की पीड़िता के परिजनों के साथ खड़े होने भी पहुंचे। पहली भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने आम जनता से सीधे संवाद का सिलसिला और तेज किया। गरीब बच्चों को ठिठुरते देखा तो खुद भी एक टी शर्ट में ही कड़कड़ाती सर्दी में चलते रहे। यात्रा खत्म होने के बाद राहुल गांधी किसानों, गिग वर्कर्स, कुलियों, बढ़ईयों, छात्रों के बीच पहुंचे। युवा, नारी, किसान, श्रमिक और भागीदारी न्याय का संकल्प लेकर राहुल गांधी दूसरी बार भारत जोड़ो यात्रा पर निकले और यात्रा खत्म होने के बाद जब चुनाव प्रचार का सिलसिला शुरु हुआ तो वे इन्हीं न्याय की बात करते रहे। नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रचार में मुस्लिम लीग, मंगलसूत्र और भैंस चोरी की बात होती थी, और राहुल गांधी जातिगत आरक्षण, रोजगार, सबके लिए बराबरी की बात करते थे। चुनाव खत्म होने के बाद श्री मोदी फिर से सत्ता में हैं और राहुल गांधी विपक्ष में, लेकिन न नरेन्द्र मोदी अपना ट्रैक बदल रहे हैं, न राहुल गांधी अपने संकल्प से हट रहे हैं। श्री मोदी संसद में भी गांधी परिवार को और राहुल गांधी को कोसते दिखे और श्री गांधी संसद में भी नीट से लेकर मणिपुर के लोगों के लिए न्याय की बात करते रहे। संसद से बाहर भी राहुल गांधी यही कर रहे हैं। राहुल गांधी फिर से मणिपुर जा रहे हैं। इससे पहले राहुल गांधी हाथरस गए थे, जहां भगदड़ में मारे गए लोगों के लिए उन्होंने योगी सरकार से न्याय की बात की और इसके लिए चिठ्ठी भी लिखी। राहुल गांधी अहमदाबाद में उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के परिजनों से मिले, जिन्हें कांग्रेस कार्यालय में हुई तोड़ फोड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है और राजकोट अग्निकांड के पीड़ितों से मिलकर उन्हें न्याय का आश्वासन दिया। राहुल गांधी दिल्ली के गुरु तेगबहादुर नगर में मजदूरों के बीच भी गए, उनके साथ काम किया और ट्वीट किया कि जो भविष्य का भारत बना रहे हैं, उनके अपने परिवार का भविष्य खतरे में है। भारत के मेहनतकश श्रमिकों को उनका पूरा हक, सुरक्षा और सम्मान दिला कर रहूंगा - ये संकल्प है। राहुल गांधी नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन में लोको पायलट्स के बीच भी पहुंचे और उनके काम के साथ-साथ उनकी परेशानियों को सुना। वे इससे पहले अग्निवीर कहलाने वाले जवानों की शहादत पर भी मोदी सरकार को आईना दिखा चुके हैं कि इन्हें भी न्याय मिलना चाहिए। जो नाइंसाफी अग्निवीरों के साथ हो रही है, वो खत्म होनी चाहिए। भाजपा ने राहुल गांधी पर कई बार पार्टटाइम राजनेता होने का आरोप लगाया है, लेकिन अब जिस तरह से राहुल गांधी दिन-रात जनता के बीच पहुंच रहे हैं, पीड़ितों के लिए इंसाफ की मांग कर रहे हैं।

# ब्रिटेन ईरान नेपाल की हुई पारी-अब अमेरिका की बारी

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

वैश्विक स्तरपर दुनियां में वर्ष 2024 में कुछ देशों में चुनाव हुए, कुछ में होंगे और कुछ देशों में प्रक्रिया शुरू है,जिसमें 5नवंबर 2024 को मुख्यतःअमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव होना है, हमनें देखे ब्रिटेन व ईरान में सरकार बदल गई व नेपाल में भी उठापटक शुरू है।

उधर फ्रांस में भी सुब्सुबाहट हो रही है।कुल मिलाकर अगर हम विश्व की गतिविधियों सहित रूस-यूक्रेन व इसराइलहमास युद्ध में भी देखें तो युद्ध गुट बंदी और बढ़ती राजनीतिक तकरारों के बीच अगर हम अपने महान भारत देश को देखें तो हमें सुकून मिलेगा कि हमारे देश में राजनीतिक स्थिरता, गुटबंदी से दूर व अपनी वैश्विक प्रतिष्ठा और प्रभाव बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारतीय पीएम 8-9 जुलाई 2024 को रूस यात्रा पर हैं जिसके लिए रूस पीएम इस मॉस्को की बेहद अहम यात्रा को लेकर उत्सुक है और वह इस यात्रा को रूस तथा भारत के संबंधों के लिए अति महत्वपूर्ण मानता है। रूस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने यह भी दावा किया कि पश्चिमी देश इस यात्रा को ईर्ष्या से देख रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री 22 वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और वह आठ-नौ जुलाई को मॉस्को में रहेंगे। चूंकि अभी ब्रिटेन ईरान नेपाल की हुई पारी,अब अमेरिका की बारी,भारत का हैट्रिक 3.0 सभपर भारी तथा विश्व मेंबदलती सरकारे बढ़ती तकरारो व युद्ध गुटबंदी के बीच भारत के बढ़ते प्रभाव से दुनियां हैरान है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियां में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा व प्रभाव राजनीतिक स्थिरता व रिकॉर्ड तोड़ने के क्रम को विश्व रेखांकित कर रहा है। साथियों बात अगर हम ब्रिटेन में बदली हुई सरकार से भारत पर प्रभाव की करें तो,अगर लेबर पार्टी की सरकार भारत के साथ रिश्ते सुधारने को अपने एजेंडे का हिस्सा बनाती है, तो किएर स्टार्मर के लिए भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर दस्तखत करना सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। मीडिया मे एक एक्सपर्ट कहते हैं, संभावित विदेश मंत्री डेविड लैमी ने संकेत दिया है कि वो जल्दी से जल्दी मुक्त व्यापार समझौते को पूरा करना चाहते हैं और इसके लिए वो जुलाई का महीना ख़त्म होने से पहले ही भारत के दौरे पर जाएंगे। ख़बरों के मुताबिक़ 26 बिंदुओं में से ज़्यादातर पर दोनों देशों में सहमति बन चुकी है।जब ब्रिटेन यूरोपीय संघ से अलग हुआ था (ब्रेग्ज़िट) तब दावा किया गया था कि इससे प्रवासियों की तादाद में काफ़ी कमी आएगी। लेकिन, ब्रेग्ज़िट के बाद से आज की तारीख़ में ब्रिटेन में प्रवासियों की आबादी सबसे ज़्यादा हो चुकी है। भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर दस्तख़त की राह में एक बड़ा रोड़ा ब्रिटेन आकर बसने वाले भारतीय कामगारों को वर्क परमिट जारी करने का है। लेबर पार्टी का घोषित लक्ष्य ये है कि वो वैध प्रवासियों की संख्या को कम करेगी और अवैध प्रवासियों को ब्रिटेन में दाख़िल होने से रोकेगी।ब्रिटेन में रह रहे बहुत से वैध भारतीय प्रवासी आईटी सेक्टर में काम करने वाले पेशेवर हैं। वो वर्क परमिट पर ब्रिटेन में रह रहे हैं और ब्रिटेन के तकनीकी क्षेत्र में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। वैसे ब्रिटेन में कुछ अवैध भारतीय प्रवासी भी रहते हैं।इनकी संख्या बहुत कम है।लेबर पार्टी की नीति में हुनरमंद प्रवासियों के कौशल का आर्थिक लाभ लेने के साथ-साथ प्रवासियों की कुल संख्या में कमी लाने के बीच संतुलन बनाने का है। ये पार्टी की व्यापाक राजनीतिक और आर्थिक प्राथमिकताओं को दर्शाता है।ब्रिटेन में रह रहे 6.85 लाख प्रवासियों में सबसे ज़्यादा संख्या भारतीय मूल के लोगों की है। अपने नेशनल हेल्थ सिस्टम और आईटी सेक्टर को दुरुस्त करने के लिए ब्रिटेन को और हुनरमंद के साथ पेशेवर लोगों की दरकार है। इसके साथ-साथ उसकी ख़्वाहिश ये भी है कि ये हुनरमंद लोग सिर्फ़ भारत के न हों, दूसरे देशों से भी आएं।लेबर पार्टी पारंपरिक रूप सेविचारधारा पर आधारित विदेश नीति पर चलती रही है. मानव अधिकारों के रिकॉर्ड लेकर लेबर पार्टी अक्सर भारत और दूसरे देशों की आलोचना करती रही है। भारत की सरकार ने इसे कभी नहीं पसंद किया है।



## राशिफल

**मेषः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्याः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तिुष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# भारत में कमजोर होने के बाद ईरान, इंग्लैंड में दक्षिणपंथियों की हार!

शकील अख्तर



**मोदीजी का तीसरा कार्यकाल पूरी तरह इन दोनों की बैसाखियों पर ही टिका है। और बदलती दुनिया की खबर इन्हें भी है। परिवर्तन केवल इंग्लैंड में ही नहीं हुआ है ईरान में भी हुआ है। वहां भी अपेक्षाकृत सुधारवादी जीते हैं। पीछे ले जानी वाली ताकतें हारी हैं। वहां राष्ट्रपति इब्राहिमी रईसी की पिछले दिनों हैलिकाप्टर हादसे में हुई मृत्यु के बाद नए राष्ट्रपति के चुनाव हुए थे। जीतने वाले मसूद पजेश्कियान प्रोफेशन से डाक्टर हैं। हार्ट सर्जन। सुधारवादी माने जाते हैं और मोरल पुलिसिंग के कड़े विरोधी। वे अन्तरराष्ट्रीय जगत में ईरान के अलग थलग पड़ने का सवाल हमेशा उठाते रहे हैं और मिलजुल कर रहने के हिमायती हैं। दूसरी तरफहारने वाले सईद जलीली यथास्थितिवादी हैं। ईरान के चुनाव एक बड़ा बदलाव दिखाते हैं। दुनिया और खास तौर से इस्लामिक मुल्कों के लिए कि उदारवादी ताकतों को हमेशा के लिए नहीं दबाया जा सकता। हालांकि ईरान की शासन व्यवस्था बहुत जटिल है। धार्मिक और लोकतांत्रिक दोनों पावर में होते हैं। वहां सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खोमेनई हैं और वे धार्मिक शख्सियत हैं।**

दुनिया को वापस पीछे नहीं खींचा जा सकता। सब देश यह मान रहे हैं और पीछे खींचने वाली ताकतों को पीछे कर रहे हैं। इंग्लैंड में 14 साल बाद कंजर्वेटिव हारे। 14 साल बहुत होते हैं। मगर यह बताते हैं कि प्रगतिशील ताकतों को हमेशा के लिए खत्म नहीं किया जा सकता। जनता का मूल स्वभाव हमेशा और हर जगह आगे बढ़ने और बढ़ाने वाली ताकतों के साथ होता है। खुद उसके मन में कम या बदलाव का अंश न भी हो तो भी वह देश को रूका हुआ, पीछे जाता हुआ नहीं, आगे बढ़ता हुआ देखना चाहती है। इंग्लैंड में कंजरवेटिव का मतलब वही है। जो हमारे यहां दक्षिणपंथियों का है। पहले हिन्दू महासभा इन ताकतों का प्रतिनिधित्व करती थी। अब भाजपा कर रही है। दस साल बाद वह भी कमजोर हुई है। और 303 से 240 पर आ गई है। साधारण बहुमत भी नहीं है उसके पास। अवसरवादी ताकतों के भरोसे सरकार बनाई है। नायडू और नीतीश को कब दूसरे पाले में ज्यादा संभावनाएं दिखने लगें किसी को नहीं मालूम। उनके लिए अपना अस्तित्व बचाए रखना पहली प्राथमिकता है। दोनों की आखिरी पारी है। नायडू 74 साल के हैं और नीतीश 73 के। ऐसे में उनका सारा संघर्ष अब खुद को बनाए रखना है। और अगर कोई एक मौका मिल जाए चाहे कुछ ही समय के चरणसिंह, देवेगौड़ा जैसे तो वे उसे पकड़ने में चुकेंगे नहीं।

मोदीजी का तीसरा कार्यकाल पूरी तरह इन दोनों की बैसाखियों पर ही टिका है। और बदलती दुनिया की खबर इन्हें भी है। परिवर्तन केवल इंग्लैंड में ही नहीं हुआ है ईरान में भी हुआ है। वहां भी अपेक्षाकृत सुधारवादी जीते हैं। पीछे ले जानी वाली ताकतें हारी हैं। वहां राष्ट्रपति इब्राहिमी रईसी की पिछले दिनों हैलिकाप्टर हादसे में हुई मृत्यु के बाद नए राष्ट्रपति के चुनाव हुए थे। जीतने वाले मसूद पजेश्कियान प्रोफेशन से डाक्टर हैं। हार्ट सर्जन। सुधारवादी माने जाते हैं और मोरल पुलिसिंग के कड़े विरोधी। वे अन्तरराष्ट्रीय जगत में ईरान के अलग थलग पड़ने का सवाल हमेशा उठाते रहे हैं और मिलजुल कर रहने के हिमायती हैं। दूसरी तरफहारने वाले सईद जलीली यथास्थितिवादी हैं। ईरान के चुनाव एक बड़ा बदलाव दिखाते हैं। दुनिया और खास तौर से इस्लामिक मुल्कों के लिए कि उदारवादी ताकतों को हमेशा के लिए नहीं दबाया जा सकता। हालांकि ईरान की शासन व्यवस्था बहुत जटिल है। धार्मिक और लोकतांत्रिक दोनों पावर में होते हैं। वहां सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खोमेनई हैं और वे धार्मिक शख्सियत हैं। खोमेनेई दूसरे सर्वोच्च शासक हैं। पहले इस्लामिक क्रान्ति करने वाले खोमेनी हुए थे। जो 1971 से अपनी मृत्यु 1989 तक इस पद पर रहे। और तब से खोमेनेई हैं। वे अभी 85 साल के हैं। उनके उत्तराधिकारी का भी नाम घोषित होने वाला है। इसके लिए एक बड़ी समिति होती है विशेषज्ञ सभा जो नाम तय करती है। तो इन जटिल और धार्मिक लोकतांत्रिक मिलीजुली व्यवस्था में उदारवाद का जीतना एक बड़ी घटना है। जो यह बताती है कि किसी भी देश में सुधारों को रोकना और उदारवाद को नहीं आने देना संभव नहीं है। इंग्लैंड में जिस बड़ी ताकत के तौर पर चार सौ पार लेबर पार्टी आई है वह बताती है कि जैसे ईरान में धार्मिक ताकतों के खिलाफमसूद की जीत हुई वैसे अभी भी दुनिया के सबसे परंपरावादी देश इंग्लैंड में आधुनिक विचार वालों की। यहां एक रोचक तथ्य है कि भारत के लिए आजादी की घोषणा लेबर पार्टी के शासनकाल में ही हुई थी। जबकि कंजरवेटिव जिनकी अभी 14 साल बाद हार हुई। वे भारत की आजादी के घोर विरोधी थे। उनके नेता चर्चिल तो कहते थे कि भारतीय इस योग्य ही नहीं हैं कि उन्हें खुद अपनी सरकार चलाने के लिए सौंपी जाए। इसलिए हमारे यहां मिथ्या धारणाओं के कारण लोग चाहे कंजरवेटिव पार्टी के नेताओं का समर्थन करने लगें मगर सच्चाई यह है कि भारत के सच्चे दोस्त हमेशा लेबर पार्टी वाले ही रहे। इसी तरह रूस रहा। अमेरिका नहीं। मगर हमारे हुक्मरानों को अमेरिका इतना प्रिय है कि वहां उनके चुनाव में प्रचार कर आते हैं। हार गए थे। ट्रंप। फिर लड़ रहे हैं। मगर इस बार शायद वह अपने स्टार प्रचारक मोदीजी को नहीं बुलाएं। दुनिया भर में ट्रेंड बदल रहा है। ब्राजील में दक्षिणपंथी हारे। वहां लूला दा सिल्वा ने वापसी की। मेक्सिको में दक्षिणपंथी हारे। पिछले कई सालों से केवल भाषण देने वाले और जनता में मिथ्या धारणाएं पैदा करके मूल समस्याओं से उनका ध्यान हटाने वाले जीत रहे थे।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक जितेन्द्र सिंह*
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# डीएम ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण

▸ युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य के दिए निर्देश

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



बाढ़ राहत एवं बचाव के दृष्टिगत डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने हरिहरगंज ललिया मार्ग पर लौकहवा डीप का जायजा लिया। लौकहवा डीप पर राप्ती नदी के पानी के तेज बहाव के कारण आवागमन बंद है । डीएम के निर्देश पर सुरक्षा की दृष्टिगत पुलिस बल की ड्यूटी डीप पर लगा दी गई है एवं आसपास के ग्रामों के लोगों के आवागमन हेतु बड़ी नाव उपलब्ध करा दी गई है ।

इस दौरान डीएम ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी एवं सेतु निगम को राप्ती नदी के जलस्तर बढ़ने पर आवागमन बाधित न हो इसके स्थाई समाधान के लिए प्रस्तावित सेतु के निर्माण को विशेष प्राथमिकता पर लेते हुए पानी उतरने के पश्चात शीघ्र कार्य प्रारंभ कराए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने लौकहवा डीप एवं अन्य डीप पर जहा पानी का तेज बहाव हैं , रात्रि के समय भी पुलिस बल की तनाती किए जाने तथा राप्ती नदी के किनारे सभी ग्रामों में बड़ी नाव की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया। बाढ़ के पानी से घिरे प्रभावित ग्रामों में युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य किए जाने का निर्देश दिया।

बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र में जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिले इसके लिए डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने औषधि कक्ष, एक्स रे कक्ष, ओपीडी , लेबर रूम, जनरल वार्ड, क्षय रोग नियंत्रण कक्ष ऑपरेशन थिएटर आदि का जायजा लिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शौचालय की साफ सफाई एवं परिसर में साफ सफाई गुणवत्तापूर्ण नहीं मिली, जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कड़े निर्देश दिया कि शौचालय में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, दिन में कम से कम तीन बार शौचालय की साफ सफाई की जाए।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी के उपस्थित नहीं मिले, बताया गया कि वह बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में गए हैं।

डीएम ने कड़े निर्देश दिए की बाढ़ के दृष्टिगत सभी चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ चिकित्सालय में उपस्थित रहेंगे एवं जनमानस को बेहतर साफ सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

उन्होंने औषधि कक्ष पर दावाओ की लिस्ट चस्पा किए जाने , अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए बैठने एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने, पैरामेडिकल स्टाफ की रोस्टर वाइस ड्यूटी वार्ड के बाहर चस्पा किए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने जनरल वार्ड में कोई भी मरीज भर्ती न होने पर नाराजगी व्यक्त की , उन्होंने कहा कि इससे प्रतीत होता है कि रात्रि में चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ चिकित्सालय में नहीं रह रहे हैं । उन्होंने कडें निर्देश दिए की रात्रि के समय जिनकी ड्यूटी लगी है वह चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ चिकित्सालय में ही रुके। बाढ़ के समय स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस दौरान डीएम ने अस्पताल में आए मरीज से वार्ता की तथा उनका बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर संचालित स्वास्थ्य योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु बैनर लगाए जाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने खंड विकास कार्यालय का निरीक्षण किया एवं विभिन्न पटल का जायजा लेते हुए उपस्थिति पंजिका देखी।

अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए की बाढ़ के समय राहत एवं बचाव कार्य में विकासखंड कार्यालय की अहम भूमिका होती है, सभी कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित रहे एवं अपने दायित्वों का निर्वहन करे करें।

इस दौरान उन्होंने खंड विकास कार्यालय में आए जनमानस से वार्ता की एवं उनकी समस्या को सुना। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए की विकासखंड में आने वाले जनमानस की छोटी-छोटी शिकायतों / समस्याओं को सुनते हुए उनका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें।

खंड विकास कार्यालय परिसर में लगे इंटरलॉकिंग का कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं पाया गया , उन्होंने इसमें सुधारात्मक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम राजेंद्र बहादुर उपस्थित रहे।

## बाढ़ से निपटने के लिए पांच बाढ़ राहत केंद्र व तेरह बाढ़ चौकियां स्थापित



**उतरौला (बलरामपुर)।** राप्ती नदी से आई भीषण बाढ़ से सैकड़ों गांव प्रभावित हो गए है। प्रशासन ने बाढ़ राहत के लिए पांच बाढ़ राहत केंद्र व तेरह बाढ़ चौकियों स्थापित की है। बाढ़ में सबसे अधिक तीन प्रभावित गांव गौरियनडीह मौजा मललिया, मटियरिया करमा व तकिया मौजा मस्जिदिया में ग्रामीणों की सुविधा के लिए नाव लगा दी गई है। एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार ने बताया कि उतरौला तहसील क्षेत्र की बाढ राहत केंद्र व बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। वहां पर स्वास्थ्य,पशु चिकित्सक, राजस्व व विकास विभाग के कर्मचारियों को तैनात कर दिया गया है। तहसील मुख्यालय पर बाढ़ आपदा केंद्र संचालित करके तहसील कर्मचारियों को चौबीस घण्टे तैनात कर दिया गया है। इस केंद्र पर बाढ़ सम्बंधित शिकायत दर्ज की जाती है। इसमें बाढ़ प्रभावित लोग अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। पांच जुलाई से संचालित इस केंद्र पर बारह लोगों ने अपनी शिकायत अब तक दर्ज कराई है। उसका निस्तारण कर दिया गया है। क्षेत्र में मेरे अतिरिक्त तहसीलदार उतरौला व दो नायब तहसीलदार निरन्तर दौरा करके हालात पर नजर रखी जा रही है। बाढ़ के हालात की सूचना जिले के अधिकारियों को भेज दी जाती है।

# महुआ फीडर क्षेत्र के गांव में नही पहुंच रही विजली, ग्रामीणों में आक्रोश



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

दो दिनों से महुआ फीडर से जुड़े लगभग दर्जनों गांवों को बिजली आपूर्ति नही हो पा रही है, अंधेरों मे रहने को मजबूर क्षेत्रवासी

विकास खण्ड उतरौला और गैंडास बुजुर्ग के कुछ हिस्सों में संयुक्त रूप से एक ही फीडर से बिजली आपूर्ति की जाती है। सबसे बड़ा लाइन महुआ फीडर का था तब भी यही परेशानी होती थी किंतु आज इस बड़ी लाइन को कई फीडर से जोड़ कर लाइन छोटा कर दिया गया फिर भी वही दिक्कत हो रही है। बभनी बुजुर्ग, हसिनपारा , हरकिशन, बढ़नी, परसौना, महुआ धनी, देवारिया अर्जुन,मटियारिया मोहंजोत मे शनिवार शाम से ही बिजली गुल हो गई है। आनंद मणि त्रिपाठी, गोपाल चौधरी, बृजेश चौधरी, गुट्टी चौधरी, दिलीप मिश्रा, देवेन्द्र मिश्रा ने सासन प्रशासन से बिजली आपूर्ति ठीक कराने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ने किया पौधरोपण



**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** वृक्षारोपण अभियान के तहत व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ने मदरसा पहुंच वहां के जिम्मेदारों के साथ वृक्षारोपण अभियान को बढ़ावा देने की शुरुआत की तथा अधिकाधिक संख्या में फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाने की आमजनता से अपील भी की है।नगर से कम्हरिया मुख्य सड़क किनारे स्थित मदरसा शेख अब्दुल कादिर जीलानी पहुंचे व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष डॉ मुबीन खांन ने मदरसा के सदर मौलाना मोहम्मद आसिम तथा मुफ्ती मोहम्मद हातिम के साथ मदरसा परिसर में विभिन्न प्रकार के एक दर्जन से अधिक पेड़ लगाकर वृक्षारोपण अभियान को बढ़ावा देने पर जोर दिया तथा वृक्षों का जीवन में महत्व बताते हुए मौजूद विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी लोग अपने अपने घरों तथा खेत खलिहानों समेत खुले परिसर में जरूर एक एक वृक्ष लगाए जिससे इस उभरते तापमान, कम मात्रा में हो रही वर्षा से आने वाले समय में निजात मिल सके। इस दौरान मदरसा स्टाफ के साथ नगर के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

### दीवार तोड़ने पर पुलिस ने चार के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** जमीनी रंजिश को लेकर दीवार व तार बाड़ी गिराकर हजारों रुपए की आर्थिक क्षति होने पर कोतवाली पुलिस ने गांव के ही चार युवकों के विरुद्ध है मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। छिमौली गांव के पीड़ित मन्नू लाल ने पुलिस को बताया कि उसने 2020 में अपनी दोनों बहू लक्ष्मी, बृजेश कुमारी के नाम 2.40 हेक्टेयर भूमि पर बैनामा करवाया था इसके बाद वह पूर्ण रूप से काबिज भी हो गए पर अचानक गांव के अमरजीत ,अशोक कुमार, राजू ,राजा ने 2 जुलाई को रात्रि में अचानक दीवाल तार बाड़ी गिरा दिया वहां सब्जी की फसल को नष्ट कर दिया जिससे पीड़ित को 50000 से अधिक भारी आर्थिक क्षति हुई है इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के अनुसार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### कन्याओं का पूजन कर वितरित की पाठ्य सामग्री

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** चौधरी शंकर दयाल दीक्षित स्मारक संस्थान एवं भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा इटावा द्वारा राहतपुर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में पूरे गांव के छोटे बच्चों और विशेष कर कन्याओं को बुलाकर ऋतु फल में आम, टॉफी एवं पेंसिल रबर कटर आदि पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। आषाढ़ शुक्ल आरम्भ में गुप्त नवरात्रि की पूजा अर्चना के तहत संस्थान की ओर से श्रीमती उत्तरा दीक्षित, श्रीमती प्रियंका दीक्षित, ऋभू दीक्षित ने सबसे पहले कन्याओं का पद प्रक्षालन किया और फिर सभी का तिलक वंदन कर उन्हें आम, टाफियां और पाठ्य सामग्री वितरित की। संस्थान के मंत्री राजेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि ग्राम में समरसता और प्रेम भावना का वातावरण बनाए रखने के लिए यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष किया जाता है जिसमें सफाई कर्मियों के बच्चे भी शामिल होते हैं। इस धर्मार्थ सेवा कार्य में भारत विकास परिषद पांचाल प्रांत के प्रांतीय कार्यशाला प्रभारी हरिदत्त दीक्षित, धर्मार्थ शाखा के सचिव सुधीर मिश्र, वरिष्ठ सदस्य आचार्य महेश चंद्र तिवारी, घनश्याम तिवारी, अवधेश पचौरी विशेष रूप से सहयोगी रहे।

### एंटी रोमियो स्कवायड ने चलाया चेकिंग अभियान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल एंटी रोमियो स्कवायड ने शहर क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर मनचलों, अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत पैदलगस्त कर गर्ल्स स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान, मंदिर, पूजा घर, महिलाओं एवं बालिकाओं के आवागमन से संबंधित महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट, सार्वजनिक स्थलों, चौरोहो, बाजार, मॉल, पार्क, स्कूल बस/टैक्सी स्टैण्ड आदि स्थानों पर सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की गई । चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र छात्राओं, युवक– युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की गई एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन 1090, यूपी 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, इत्यादि की जानकारी दी गई तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में बताया गया।

### आखिर ग्रामीण क्षेत्र में क्यों काटी जा रही है बिजली

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** इकदिल फीडर से विद्युत विभाग द्वारा बिजली काटी जा रही है जिसमें ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है आखिर ग्रामीण क्षेत्र में इतनी बिजली क्यों काटी जा रही है। दिन में भी बहुत ज्यादा बिजली गायब रहती है और रात में भी बहुत कम बिजली आती है इसका क्या कारण है जो विद्युत विभाग बिजली को काटने में लगे रहते हैं। कभी मौसम खराब होने के कारण बिजली की कटौती की जाती है तो कभी तेज हवा चलने के कारण। अभी न तो कोई तेज हवा चल रही है और न बारिश हो रही है फिर भी बिजली गायब क्यों रहती है।बिजली विभाग द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। क्या बिजली विभाग के कर्मचारी चोरों का साथ देने में अपना सहयोग कर रहे। क्योंकि बिजली न होने से इस समय सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की वारदातें सामने आती रहती हैं। ग्रामीणों से उच्चाधिकारियों से मांग की है कि वह ग्रामीण क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती से लोगों को निजात दिलाएं।

# तहसील प्रांगण में लगा पीपल का पेड़ गिरा, टला बड़ा हादसा

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।**



तहसील परिसर स्थित शिव मंदिर के सामने खड़ा पीपल का पेड़ रविवार दोपहर बाद अचानक उखाड़ कर गिर गया लोगों कहना है कि यदि पीपल का पेड तहसील के कारय दिवस मे गिरता तो बहुत बड़ा हादसा होता, बताया जाता है कि तहसील प्रांगण में तहसील की स्थापना के समय के दो पीपल के पेड़ खड़े हैं एक शिव मंदिर के पास है वह दूसरा सामने रविवार को करीब 3:00 बजे शिव मंदिर के सामने खड़ा पेड़ अचानक जमीन से उखाड़ कर दो भागों में होकर गिर गया गलीमत यह थी कि रविवार छुट्टी का दिन था और तहसील में बंद थी, जिसके चलते जन हानि नही हुई, बताया जाता है कि कारय दिवस में इसी पेड़ के नीचे तथा बगल मे स्थित उप जिला अधिकारी कार्यालय के पास बडी तादाद में फरियादी और सरकारी कर्मचारी मौजूद रहते हैं, उधर सूचना पाकर बन बिभाग के दारोगा धीरज तिवारी पहुचे तथा कुछ डाले कटवायी।

# जनता हमारी पूंजी : विधायक राम प्रताप वर्मा

**उतरौला( बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



जनता की समस्याओं को लेकर संवेदनशील विधायक राम प्रताप वर्मा प्रतिदिन सुबह अपने आवास व शाम को कार्यालय पर जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्या सुनते हैं। तथा दोपहर बाद क्षेत्र में जनता को समय देते हैं। जनता दरबार में उनके विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों से लोग अपनी समस्या लेकर आते हैं। इनमें कई लोगों की समस्या का त्वरित निराकरण भी विधायक करवाते हैं। लोगों की समस्या का सिलसिला चलता रहता है। कुछ ऐसे काम भी होते हैं,जो विधायक के एक फोन करवाने से हो जाते हैं। कई बार शिकायत होती है कि संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं या फाइल अटकी हुई है, ऐसे में मामले की गंभीरता देखकर विधायक संबंधित अधिकारी को तत्काल फोन करते हैं और उनका काम करवाते हैं। जनता दरबार को लेकर विधायक राम प्रताप वर्मा का कहना है कि यही जनता तो हमारी पूंजी है। इनकी बदौलत ही तो हम चुनाव जीते हैं।

अगर हम इनकी नहीं सुनेंगे तो किसकी सुनेंगे। इसीलिए मैं उनको समय देता हूं। लोग अपनी व्यक्तिगत व सार्वजनिक समस्या लेकर आते हैं। जितना हो सके उन्हें हल करने का प्रयास करता हूं। लोगों का आवेदन संबंधित विभाग तक नहीं पहुंचा रहता हैं उन्हें भी यहां से मार्गदर्शन देते हैं। उनका आवेदन भी बनवाते हैं ताकि समय पर उनका आवेदन विभाग में सही जगह पहुंचे और उनका काम जल्दी हो सके। विधायक के सुबह 8 बजे से ही लगने वाले इस जनता दरबार में दोपहर तक भीड़ लगी रहती है। जिस दिन उनका कहीं दौरा नही रहता, वे यहां देर तक बैठे रहते हैं। यहां से उठने के बाद क्षेत्र में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होते हैं। शाम को कार्यालय पर बैठते हैं। लेकिन अधिकतर लोग उनके घर पर ही समस्या लेकर पहुंचे रहते हैं। विधायक कहते हैं कि कई बार लोगों से इस तरह के जुड़ाव से एक अलग ही संबंध बन जाता है। लोगों की समस्या हल होती है तो वह दुआएं व आशीर्वाद देते हैं। विधानसभा के कई गांव के लोग उन तक अपनी समस्या लेकर आते हैं। कई बार लोग अपनी समस्या बताते भावुक भी हो जाते हैं। हम उनका हौसला बढ़ाकर उनकी समस्याओं का निराकरण भी करवाते हैं। जो समस्याएं निराकृत होने के लायक रहती है उन्हें जल्द से जल्द करवाने का प्रयास भी होता है। तो वहीं अगर कहीं कोई अड़चन होती है तो सामने वालों को यह संतुष्ट भी किया जाता है कि आपको आगे क्या करना होगा, तब आपकी समस्या हल होगी।

# दशकों से नहीं मिल पा रही मंडी स्थल बनाने के लिए चालीस बीघा जमीन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

कृषि उत्पादन मंडी समिति उतरौला के लिए मंडी स्थल बनाने के लिए चालीस बीघा जमीन कई दशकों से नहीं मिल पा रही है। मंडी स्थल के लिए जमीन न मिलने से शासन द्वारा दस वर्ष पहले भेजे गए सवा करोड़ रुपए वापस लौट गए।

वहीं मंडी स्थल न होने से शासन ने उतरौला स्थित मंडी समिति कार्यालय का समायोजन जिला मुख्यालय को चार वर्ष पहले कर दिया है। तब से मंडी समिति की मंडी शुल्क वसूलने का कार्य दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सौंप रखा है।

राज्य कृषि उत्पादन मंडी समिति उतरौला की स्थापना के बाद इस पर मंडी सचिव व लिपिक के साथ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तैनात रहे हैं। मंडी समिति के माध्यम से किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए शासन ने उतरौला तहसील मुख्यालय पर मंडी स्थल की स्थापना करने का निर्णय लिया। उसके बाद दो दशक पहले सवा करोड़ रुपए ज़मीन खरीदने के लिए आवंटित कर दिया। मंडी स्थल के लिए जमीन खरीदने का धन मिलने के बाद कर्मचारियों ने क्षेत्र में जमीन की काफी तलाश की। ग्राम रेहरामाफी में जमीन मिलने पर उसके सह खातेदारों में सामंजस्य न होने पर जमीन की खरीद नहीं हो सकी।

इसी तरह ग्राम बकसरिया में मिली जमीन पर जाने वाली सड़क पतली होने से डी डी ओ ने अपनी जमीन खरीद के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया। इसके बाद अधिकारी आज भी जमीन की तलाश मंडी स्थल बनाने के लिए कर रहे हैं। मंडी समिति में तैनात मेही प्रकाश चौधरी ने बताया कि मंडी समिति उतरौला क्षेत्र में गोण्डा जिले के गौरा चौकी से उतरौला तहसील क्षेत्र के चार ब्लांक रेहरा बाजार,गैडास बुजुर्ग, उतरौला व श्रीदत्तगंज आते हैं। इस क्षेत्र में चालीस गल्ला व्यापारी लाइसेंसी है। किसानों की सुविधा के लिए सरकार उतरौला में मंडी स्थल निर्माण के लिए प्रयासरत हैं लेकीन ज़मीन न मिलने से मंडी स्थल का निर्माण नहीं हो पा रहा है।

# महिला को बाइक में जबरन बैठाने का किया प्रयास

**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के लहरा गांव निवासी विधवा महिला ने अपराधिक प्रवृत्ति वाले युवक के खिलाफ जबरन बाइक में बैठने का दबाव बनाने व छेड़खानी करने की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज किया है।

क्षेत्र के लहरा गांव निवासी विधवा महिला प्रभा पत्नी स्वर्गीय पप्पू विश्वकर्मा ने थाने में पुलिस को बताया कि 7 जुलाई को अपने कार्य से कदौरा जाने के लिए घर से निकली तभी घर के पास बाइक लिए गांव निवासी शमशेर पुत्र सरताज गुंडा प्रवृत्ति का है उसने जबरन बाइक में बैठाने का प्रयास किया। जब मैंने बैठने को मना किया तो उसने बुरी नीयत से मेरा हाथ पकड़ कर बैठाने लगा। जिससे मेरे बांए पैर के घुटने में चोट लग गई। तथा मेरे मना करने पर वह गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके पहले भी वह कई बार मेरे साथ हरकते कर चुका है। इसकी गंदी नजर मेरे ऊपर है। लोक लाज के भय से मैं ने शिकायत नहीं की थी। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शमशेर पुत्र सरताज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# क्षेत्रीय समस्याओं को लोकसभा में उठाया जायेगा : सांसद

▸ भारी संख्या में इंडिया गठबंधन के नेता रहे मौजूद, लोगों की सुनी समस्याएं

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र में जनसंपर्क कर सभी का आभार जता रहे सपा सांसद का दल के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने नवीन गल्ला मंडी स्थित एक निजी आढ़त में तुला दान किया।

मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि क्षेत्र में समस्याओं के निदान हेतु संसद भवन में समस्याओं को गंभीरता से उठाया जायेगा। समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े नवनिर्वाचित सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत संसदीय क्षेत्र भ्रमण के दौरान सोमवार को नगर के नवीन गल्ला मंडी पहुंचे जहां व्यक्तिगत आढ़त की दुकान पर नवनिर्वाचित सांसद का तुला दान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान तराजू के एक पलड़े में दशहरी आम रखकर तुला दान किया। इस दौरान सांसद के साथ पहुंचे सपा नेता पुष्पेन्द्र यादव ने कहा कि मौदहा सपाइयों के हृदय में बसता है क्योंकि यहां के लोगों ने एकजुट होकर सपा को समर्थन देकर अपना सांसद बनाया है। इसी तरह पूर्व मंत्री कुंवर बादशाह सिंह ने भाजपा को मिथ्यावादी कहा।

उन्होने कहा कि अभी कोई भी कार्यकर्ता आराम से न बैठे जब तक उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री न बना दे। कार्यक्रम के दौरान इंडिया गठबंधन से भारी संख्या में कांग्रेसी, आम आदमी पार्टी तथा सपा के कार्यकर्ता भरी दोपहरी में पसीना बहाते नजर आए। सभा में पूर्व मंत्री बादशाह सिंह, जिलाध्यक्ष इदरीस खांन, सपा महासचिव मुन्नी लाल निषाद, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामबाबू यादव, पूर्व जिला सचिव मोहनबाबू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जावेद मेजर, ओमप्रकाश सोनकर वारसी, जुम्मन निजामी, बदरूद्दीन, घनश्याम साहू, रणबहादुर यादव, प्रभात यादव, गुलाब श्रीवास, पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस ओमप्रकाश शिवहरे, शिवशरण यादव कुरारा सहित सैकड़ों की तादाद में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीज भंडार का ताला न खुलने से किसान निराश होकर लौटे, शासन से की शिकायत



▸ बीज किट देने में किया जा रहा है भेदभाव

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार में प्रभारी द्वारा आज केंद्र न खोले जाने से खरीफ फसल की बुवाई के लिए बीज लेने आए किसानो को मायूस होकर लौटना पड़ा। सैकड़ों किसान केंद्र में दोपहर तक इंतजार करते रहे। लेकिन केंद्र का ताला नहीं खुला।

विकास खंड कार्यालय परिसर में राजकीय कृषि बीज भंडार का केंद्र संचालित है। इस केंद्र से क्षेत्र के किसानो को रबी फसल व खरीफ फसल का बीज वितरण किया जाता है। इस समय खरीफ फसल में किसान ज्वार, तिल, मूंग, उड़द, बाजरा, अरहर, मूंगफली, आदि का बीज बिक्री किया जा रहा है। किसानो के लिएयह समय खरीफ फसल में बुवाई का चल रहा है। शासन के निर्देश है कि अवकाश के दिन भी केंद्र संचालित होना चाहिए। जिससे किसानो को बीज मिल सके तथा समय से खरीफ फसल की बुवाई संपन्न हो सके। आषाढ़ मास में बरसात के चलते खरीफ फसल बुवाई का समय कम मिल पाता है। उमराह ट गांव के विकलांग किसान शिवपाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा कामता कुशवाहा जल्ला,आशा रानी पारा,माया देवी झलोखर, राम सिया जल्ला,गंगाबाई झलोखर,जागेश्वर बेरी, नरेंद व रामचंद्र बिलौटा बलिराम शीतल पुर सहित डेढ़ सैकड़ा अधिक किसानों ने बताया कि तड़के केंद्र में आ गए थे। लेकिन केंद्र प्रभारी द्वारा दोपहर तक केंद्र नही खोला गया किसान इंतजार करते करते मायूस होकर अपने घर को वापस लौट गए। किसानो ने बताया कि तिल के मिनी किट निशुल्क वितरण के लिए सरकार द्वारा भेजे गए हैं। प्रभारी द्वारा इसमें भेदभाव किया जा रहा है।

अपने चहेते लोगो को केंद्र खोलकर दिया जाता है। जब की दूर दूर गांवों से आने वाले किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही व हीला हवाली के चलते किसानो को बीज नही मिल पा रहा है। किसानो ने जिला कृषि अधिकारी से इस प्रकरण की जांच कराए जाने की मांग की है। तथा खरीफ फसल की बुवाई के लिए समय से बीज वितरण कराये जाने की व्यवस्था कराई जाए। इस संबंध में केंद्र प्रभारी अनूप कुमार से जानकारी करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन बंद मिला।

# पांच सौ करोड़ की अमृत दो योजना का हाल बेहाल

▸ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिये स्थान सुनिश्चित नहीं, यमुना व बेतवा नदी से जल उठाने के लिये शासन से मांगी अनुमति,

▸ कार्यदायी संस्था की लापरवाही उजागर

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

शासन की अति महत्वाकांक्षी पांच सौ करोड़ की नगरीय पेयजल योजना अमृत दो स्थापित नही हो पा रही है। डिटेल प्रोजक्ट रिपोर्ट(डीपीआर) बनाने में जल निगम को अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, बाटर ट्रीट प्लांट व सीवर ट्रीट प्लांट के लिये अभी तक जिले में स्थान सुनिश्चित नही हो पाया है, अब जल निगम ने यमुना व वेतवा नदी से पानी उठाने के लिये शासन को पत्र भेजकर अनुमति मांगी है मगर अभी तक शासन से कोई जबाव नही आया है लिहाजा योजना आगे नही बढ़ पा रही है।

जानकारी के मुताबिक जिले में लगातार पेयजल की बढ़ रही समस्या को देखते हुये केंद्र व राज्य सरकार नगरीय क्षेत्र के लिये अमृत दो योजना चालू की है। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिये बमुश्किल पतारा डांडा में स्थान मिल पाया है। जो बेतवा नदी से काफी दूर बताया जाता है। इसी प्रकार हमीरपुर शहर के सीवट ट्रीटमेंट प्लांट के लिये शहर के बाहर एमआरएफ सेंटर के पास जगह निश्चित की गयी है। हमीरपुर व कुरारा के लिये एक स्थान पर डब्ल्यूटीपी का निर्माण किया जायेगा। इसी प्रकार मौदहा व सुमेरपुर गोहांड व सरीला के लिये एक स्थान पर वाटर ट्रीटमेंट प्लान की स्थापना की जायेगी। शासन ने इसके लिये कार्यदायी संस्था जल निगम को बनाया है। मगर एक साल से अधिक का समय व्यतीत हो गया है विभाग डीपीआर तैयार नही कर पाया है। हालाकि जल निगम के अधिशासी अभियंता एके शर्मा ने दावा किया है कि जिले की डीपीआर बन तक शासन संस्तुति होने के लिये भेज दी गयी है,मगर नगरीय क्षेत्र में जो स्थान चयन किये गये है वह सभी नगर पालिका व नगर पंचायत के ईओ की दया पर निर्भर है कही फिर कही कोई बाधा न आ जाये यह डर विभाग को खाये जा रहा है। एक्शियन का कहना है कि जब योजना संचालन के लिये स्थान पूरी तरह स्पष्ट हो जाना चाहिये था मगर स्थानीय निकायों का सहयोग न मिलने से योजना की डीपीआर बनाने में बहुत ही बिलंब हो गया है। उन्होने बताया कि यमुना व बेतवा नदी में योजना के तहत वाटर ट्रीटमेंट प्लान के लिये जल लिफ्ट करना है इसके लिये शासन को पत्र लिखकर नदी से जल उठाने की अनुमति मांगी गयी है नदियों में किस मानक से पानी है इसकी जांच प?ताल करने के बाद ही शासन से अनुमति मिल पायेगी हालाकि गर्मियों के दिनों में बेतवा नदी एकदम सूखकर नाले का रुप ले लेती है फिर भी इससे जितना पानीमिल पायेगा उतना लिया जायेगा इसके बाद नलकूप स्थापित कर टंकियों का निर्माण किया जायेगा,उनका मानना है कि शासन इस मामले में बराबर पूछताछ कर रहा है। बहुत शीघ्र हीइस योजना का अंतिम रुप दे दिया जायेगा। ताकि लोगो को समय से पेयजल मुहैया हो सके।

# विकास कार्यों में नहीं होना चाहिये भेदभाव : पुनिया

अधिकारी जनता के बीच जाकर समस्याएं सुनेंगे तभी साकार होगी विकसित भारत की कल्पना



**रामनगर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी की अध्यक्षता एवं खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा के संचालन में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई।जिसमें विकास कार्यों की विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिये विचारधारा सबकी अलग हो सकती है लेकिन लक्ष्य सभी का केवल विकास होना चाहिये। मनरेगा के लंबित भुगतान पर सांसद ने कहा कि लोकसभा में इसका प्रश्न लगाया है। जिसे सदन में भी उठाएंगे। विशिष्ट अतिथि एम एल सी अंगद सिंह ने कहा कि सरकार विकास के मुद्दे पर बहुत ही गंभीर है। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिकारियों को जिम्मेदार और संवेदनशील बनने की जरूरत है। अधिकारी जनता के बीच में जाएंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे तभी विकसित भारत की कल्पना साकार होगी। उन्होंने खंड विकास अधिकारी से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने को कहा जिसमें ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य और विभागीय अधिकारियों को जोड़ा जाये। प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष रामकुमार मिश्रा ने पूर्ति विभाग स्वास्थ्य विभाग बिजली विभाग बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा की जा रही मनमानी का मुद्दा जोर से उठा। उन्होंने कहा सप्लाई इंस्पेक्टर के द्वारा पिछले एक साल से प्रधानों के द्वारा उठाई गई किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया गया।

ग्राम पंचायत में स्थित सरकारी संस्थाओं का बिल ग्राम प्रधान को जमा करना है कनेक्शन हुए नहीं खंभे लगे नहीं है बिजली विभाग मनमाने तरीके से बिल भेज रहा है। जिसका सभी ग्राम प्रधानों ने समर्थन किया। जिला पंचायत सदस्य जैसी राम वर्मा ललित वर्मा ने भी अपनी बात रखी।अध्यक्षीय संबोधन में ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने कहा कि ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य जनता एवं सरकार के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी है जन प्रति निधियों का सम्मान होना चाहिए।

जिन विभागों की शिकायते मिल रही है अधिकारी सुधर जाये। आपूर्ति स्वास्थ्य बिजली विभाग कार्यशैली में परिवर्तन लाये।जन प्रति निधियों का सम्मान न करने वाले अधिकारी कर्मचारी बख्से नहीं जाएंगे।ब्लाक प्रमुख श्री तिवारी ने आगे कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का सभी को लाभ मिले यही प्राथमिकता है।खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा ने सदन को आश्वस्त करते हुए कहा की जो मुद्दे उठाए गए हैं उनका निस्तारण कराया जाएगा।सफाई कर्मियों की टीम लगाकर गांवों से जल भराव एवं गंदगी की समस्या खत्म कराई जाएगी।खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्रा पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मुकुंद पटेल एडीओ कृषि दलबीर यादव सी डीपीओ बीना यादव ने जे ई एम आई प्रमोद तिवारी ने विभागो के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी।कुल मिलाकर विभिन्न विभागो के अधिकारियो की मनमानी एक स्वर में सुनाई पड़ी।जिससे यह साबित हो रहा था कि शासन की मंशा तार तार हो रही है।पिछले समय के आय व्यय के ब्यौरे से लेकर विकास कार्यों के लिये आया धन और कार्य पूर्ण अपूर्ण की कोई चर्चा नहीं हुई। इस मौके पर संयुक्त खंड विकास अधिकारी नंदकुमार पांडेय ए डी ओ पंचायत अभय शुक्ला ए डी ओ आई एस बी जय राम वाल्मीकि ग्राम प्रधान राम सिंह उस्मान राजेश शुक्ला बृजेश शर्मा सहित भारी संख्या जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। संचालन सचिव दयानंद ने किया। ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी एवं बी डी ओ प्रीति वर्मा ने बुकें देकर सांसद एवं एम एल सी का स्वागत किया।

## प्रेमी के साथ युवती फरार, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर थाना क्षेत्र से फिर एक प्रेमिका अपने प्रेमी के साथ रात के दो बजे फरार हो गयी।पिता ने एक युवक पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच व तलाश शुरू कर दी गयी है।

बताते चले कि जैदपुर थाना क्षेत्र के गांव के पिता ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्र दिनांक 24-6-2024 को रात दो बजे घर से भाग गयी। जिसे पड़रा थाना सफदरगंज निवासी राजू नामक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया है।काफी खोजबीन करने पर मेरी लड़की मिली नहीं जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल व तलाश शुरू कर दी गयी है।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षक संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में आज हैदरगढ़ शिक्षा क्षेत्र की शिक्षकों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया और बाद में खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर ऑनलाइन उपस्थिति का नियम खत्म किए जाने की पुरजोर वकालत की।

विद्यालय बंद होने के उपरांत विभिन्न शैक्षिक संगठनों के अहवाहन पर शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ में उपस्थित होने लगे। धीरे धीरे संसाधन केंद्र परिसर शिक्षकों से भर गया। शिक्षकों ने ऑनलाइन हाज़िरी के विरोध में सरकार द्वारा जबरन आदेश की निंदा की साथ ही समस्त शिक्षकों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से 30 दिन का अर्जित अवकाश , माह में 7 दिन की अर्ध अवकाश कैशलेश चिकित्सा सुविधा विगत 10 वर्षो से पदोन्नति ना करना, जनपद के अंदर शिक्षकों का स्थानांतरण ना किया जाना, छात्र संख्या के अनुपात में शिक्षकों की नियुक्ति ना करना आदि प्रमुख माँगे ज्ञापन के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी हैदरगढ़ को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक हैदरगढ़ के अध्यक्ष विवेक वर्मा ,महामंत्री देवेंद्र शुक्ला ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद मिश्र और कोषाध्यक्ष अभय ,संगठन मंत्री अनुराग वर्मा व महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष प्रियंका सिंह , कोषाध्यक्ष बाला जायसवाल व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजु रावत एवं जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेंद्र किशोर पांडेय , जिला मंत्री सत्यदेव सिंह , मंडलीय मंत्री प्रदीप कुमार मिश्र की उपस्थिति में विकास खंड के समस्त शिक्षकों के समक्ष खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ को ज्ञापन सौंपा गया।

## शिक्षकों ने ऑनलाइन डिजिटाइजेशन का किया विरोध

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय के आव्हान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एवं अध्यक्ष सिरौलीगौसपुर अभिषेक सिंह के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय बदोसराय प्रथम के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर डिजिटल उपस्थिति एवं ऑनलाइन डिजिटाइजेशन का विरोध दर्ज कराया। अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि पूरे विकास खंड सिरौलीगौसपुर में शिक्षकों द्वारा काली पट्टी बांधकर विरोध करते हुए शिक्षण कार्य किया जा रहा है एवं जब तक अन्य विभागों की भांति उपस्थिति, अन्य मांगो को सरकार द्वारा नहीं माना जाएगा, तब तक यह विरोध जारी रहेगा।

# राजकीय वाहन चालक के सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई



**बाराबंकी।** राजकीय वाहन चालक महासंघ उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बाराबंकी के पूर्व अध्यक्ष सैय्यद हसन मेंहदी कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी बाराबंकी से वाहन चालक के सेवानिवृत्ति उपरांत भव्य विदाई समारोह का आयोजन सियाराम रावत पूर्व संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता एवं व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू के संचालन में संपन्न हुआ। सम्मान समारोह मे मेहंदी जी को पुष्पगुच्छ , मालाओं, अंग वस्त्र एवं उपहारों से अभिनंदित किया गया, सभी लोगों ने मेहंदी जी के सतायु , स्वस्थ व्यस्त-मस्त रहने की कामना की।विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मुस्तफा खान अध्यक्ष विकास भवन कर्मचारी परिषद बाराबंकी ने कहा सम्मान ,समारोह तक ही सीमित न रहें बल्कि हमें साथियों का सम्मान सदैव करना होगा। महामंत्री फूल चन्द्र ने भी सम्मान में अनुरोध किया कि जब भी हमें आवश्यकता होगी हमें आदरणीय का मार्गदर्शन मिलेगा। अध्यक्ष राजकीय वाहन चालक संघ अनिल कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेहंदी भाई सदैव हमारे संरक्षक रहे हैं और रहेंगे। व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने संचालन करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति किसी सड़क का अन्त नहीं है बल्कि खुले हाईवे की शुरुआत है। कार्यक्रम में महासंघ बाराबंकी के समस्त पदाधिकारी,सदस्य व अन्य विभागीय संगठनो के अध्यक्ष ,मंत्री के साथ-साथ विभागीय इकाइयों के अधयक्ष,मंत्री राजकीय वाहन चालक संघ बाराबंकी ने प्रतिभाग कर अपने-विचार रखे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में अभिनव, वैभव, विपिन कुमार, प्रदीप कुमार, बालचंद, लोकेश, परशुराम, निरंकार मिश्र, शकील अहमद, अपूर्व श्रीवास्तव सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध

**जैदनुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तरप्रदेश द्वारा निर्गत ऑनलाइन उपस्थिति का जनपद बाराबंकी के सभी शिक्षकों द्वारा एक स्वर में बांह में काली पट्टी बांध कर पूर्ण बहिस्कार किया गया।

शिक्षक संगठन (उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ) ने कहा है कि जब तक हमारी मांगें नही मानी जाती हैं तब तक हमारे शिक्षक किसी भी तरह की ऑनलाइन उपस्थिति का पूर्ण बहिस्कार जारी रखेगा। यदि इस तुगलकी फरमान को सरकार वापस नही लेती है तो उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सभी जनपदों में धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा।इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ देवेंद्र कुमार द्विवेदी,मोहम्मद आसिम जनपदीय संगठन मंत्री,राजकुमार यादव जनपदीय संगठन मंत्री,नीलकमल श्रीवास्तव,सुशील कुमार श्रीवास्तव, दिलीप कुमार वर्मा, विपिन वर्मा, अनिल कुमार,नेहा सिंह,रिंकू सिंह, विनीता सिंह,मो सिराज, अखिलेश विश्कर्मा,कनिका सहित समस्त शिक्षको ने पूर्ण बहिस्कार में शत प्रतिशत समर्थन किया।


## कार्यालय नगर पंचायत तालग्राम, कन्नौज

पत्रांक-43/न.पं.ता./(2024-25)/ दिनांक- 08.07.2024

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त चारे-भूसे विक्रेताओं/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना से प्राप्त/ प्राप्त होने वाली धनराशि से नगर पंचायत तालग्राम को निम्न विवरण के अनुसार चारे-भूसे की आवश्यकता है। जिसके लिए दिनांक 15.07.2024 के अपरान्ह 2:30 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत तालग्राम में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन 3:00 कार्यालय नगर पंचायत में उपस्थित विक्रेताओं/ठेकेदारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदाएं खोली जायेगी। इच्छुक व्यक्ति अपनी-अपनी निविदाएं प्रति किलो की दर से दे सकते है। विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | मात्रा | प्रति कुन्तल | कुल धनराशि | 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी | टेन्डर मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | गौवंश हेतु चारे-भूसे की आपूर्ति | 353.34 कुन्तल | 750.00 | 2,65,000.00 | 5,300.00 | 300.00 | एक सप्ताह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तालग्राम
जनपद कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पंचायत तालग्राम
जनपद कन्नौज


## खेत में पानी लगाने को लेकर दो पक्षो में मारपीट, छह घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत चिलूला मजरे सहावर गांव में खेत में पानी लगाने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। ग्राम निवासी रामसागर ने कोतवाली में दी गई तहरीर मे बताया कि रविवार की रात वह अपने बेटे अनूप व अरूण के साथ खेत में पानी लगाने गए थे।पड़ोस के खेत में पहले से मौजूद गांव के ही परशुराम उनके बेटे रवि व रतन ने पानी नहीं लगाने दिया।इसी बात को लेकर खेत में ही मारपीट हो गई।वहीं दूसरे पक्ष के परशुराम ने रामसागर के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगाया है।घटना में एक पक्ष के रामसागर उनके दोनों बेटे एवं दूसरे पक्ष के परशुराम व उनके बेटे घायल हो गए। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# आपसी सहमति से एक घंटे पढ़ी जाएगी मजलिस

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

काफी दिनों से चल रहे विवाद को थानाध्यक्ष ने बैठक कर सुलझाया

थाना क्षेत्र के कस्बा शहादतगंज मे मजलिस को लेकर बीते काफी दिनों से चल रहे विवाद को लेकर सोमवार को थाना परिसर मे बुलाई गयी बैठक मे एक एक घंटे मजलिस पढ़ने के लिए आपसी सहमति बनी है। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने आज हुए समझौते को थाने के रजिस्टर मे दर्ज कराते हुए मिलजुल त्यौहार को मनाने की अपील की।

उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर आनंद तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक पाठक की मौजूदगी मे थाना परिसर मे हुई बैठक मे इस बात की सहमति बनी है कि दोनो पक्ष के लोग एक एक घंटे की मजलिस पढ़ेंगे। बताते चले की कस्बा शहादतगंज स्थित पचासा इमामबाड़ा मे बीते 15 वर्षो से मोहर्रम का चांद निकलने के बाद मौलाना असरार मजलिस पढ़ते है जो आला हजरत को मानने वाले होने के कारण आला हजरत के नारे लगाते है जिसको लेकर मोहर्रम कमेटी के चौधरी तौकीर एव उनके समर्थको को मजलिस के दौरान आला हजरत के नारे लगाने का विरोध शुरु किया जिसको लेकर बीते एक पखवाड़ा के बीच दो बैठके हो चुकी है । रविवार को मोहर्रम का चांद निकलते ही जहां हजरत इमाम हुसैन की शहादत के शोक मे है वही रविवार को मोहल्ला पचासा मे आयोजित मजलिस मौलाना असरार की जगह चौधरी तौकीर के ग्रुप के ताजुद्दीन ने शुरु कर दी। जिससे दोनो लोगो मे तनाव बढ़ गया मामला कुछ आगे बढ़ता जिससे पूर्व मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी राजेश गुप्ता ने मामले को शांत कराया तथा सोमवार को दोनो पक्षों को थाना मुख्यालय बुलाकर उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर आनंद तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक त्रिपाठी ने दोनो पक्षों की बाते सुनते हुए दोनो पक्ष इस बात से सहमति हुए कि मगरिब की नमाज के बाद ताजुद्दीन मजलिस पढ़ेंगे तथा बाद नमाज इशा के बाद मौलाना असरार मजलिस पढ़ेंगे। दोनो पक्षों की लिखापढ़ी के बाद प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने दोनो पक्षों के बीच हुए समझौते की कॉपी त्यौहार रजिस्टर मे चस्पा करा दी है। बैठक मे चौकी प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता, समाजसेवी इरफ़ान सेठ, प्रधान शहादतगंज कलीम चौधरी, बीडीसी अबरार अहमद, मौलाना असरार अहमद, मो0 सलमान, तौकीर चौधरी सहित कस्बे के तमाम लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत तालग्राम, कन्नौज

पत्रांक-42/न.पं.ता./(2024-25)/ दिनांक- 08.07.2024

### अति अल्पकालीन कोटेशन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग / नगर निधि योजना से प्राप्त / प्राप्त होने वाली धनराशि से नगर पंचायत तालग्राम जनपद कन्नौज को निम्मन विवरण के अनुसार निर्माण एवं क्रास/जाल/पुलिया/क्रास निर्माण/आपूर्ति कार्य व रेडियम रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड व पेयजल व्यवस्था हेतु सामग्री आपूर्ति आदि एवं नगर की स्ट्रीट लाइट हेतु एल.ई.डी. मरम्मत करवाना एवं नगर सीमान्तर्गत समस्त साधारण खराब हैण्डपम्पों की मरम्मत एवं पाइप लाइन लीकेज व सबमर्सिबल मोटर पम्प क्रय कार्य करवाना चाहती है, जिसके लिए दिनांक 15.07.2024 के अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत में कोटेशन आमन्त्रित करती है, प्राप्त कोटेशनों को उसी दिन 03:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत में अध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित कोटेशन दाताओं के समक्ष खोले जावेगे, शेष नियम व शर्ते किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है, विवरण निम्नन है।

| क्र.सं. | कार्य/सामग्री का नाम | अनुमानित लागत | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं. 1 में हर्षनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 96,565.00 | एक माह |
| 2. | वार्ड नं. 2 में शिवाजीनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 95,902.00 | एक माह |
| 3. | वार्ड नं. 3 में इन्द्रानगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 97,970.00 | एक माह |
| 4. | वार्ड नं. 4 में किदवईनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 97,798.00 | एक माह |
| 5. | वार्ड नं. 5 में शास्त्रीनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 99,174.00 | एक माह |
| 6. | वार्ड नं. 6 में लक्ष्मीनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 98,039.00 | एक माह |
| 7. | वार्ड नं. 7 में जवाहर नगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य | 96,270.00 | एक माह |
| 8. | वार्ड नं. 8 में महावीर नगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य | 98,299.00 | एक माह |
| 9. | वार्ड नं. 9 में हमीदनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 97,724.00 | एक माह |
| 10. | वार्ड नं. 10 में इकबालनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 98,653.00 | एक माह |
| 11. | वार्ड नं. 11 में आजादनगर में विभिन्न स्थानों पर क्रास जाल डालने का कार्य। | 97,604.00 | एक माह |
| 12. | वार्ड नं. 4 में मोहल्ला गढ़ी पोखर एवं वार्ड नं0 11 में मोहल्ला जेरकिला में बरगदिया चौराहे से लेकर निजाम मास्टर के घर तक सी.सी. रोड के छूटे हुए भाग का निर्माण कार्य। | 94,919.00 | एक माह |
| 13. | वार्ड नं. 11 में बरगदिया चौराहे के पास पुलिया के एप्रोच का निर्माण कार्य। | 81,865.00 | एक माह |
| 14. | वार्ड नं. 11 में श्री दिलदार कोटेदार के मकान के पास पुलिया का निर्माण कार्य। | 95,519.00 | एक माह |
| 15. | वार्ड नं. 1 व 3 में छिबरामऊ बस स्टाप से लेकर सहकारी समिति तक रोड के दक्षिणी तरफ सी.सी. एप्रोच का निर्माण कार्य। | 97,270.00 | एक माह |
| 16. | वार्ड नं. 1 व 3 में छिबरामऊ बस स्टाप से लेकर सहकारी समिति तक रोड के उत्तरी तरफ सी.सी. एप्रोच का निर्माण कार्य। | 94,960.00 | एक माह |
| 17. | वार्ड नं. 1 व 3 में छिबरामऊ चौराहे पर सी.सी. एप्रोच का निर्माण कार्य। | 78,963.00 | एक माह |
| 18. | कार्यालय में 1 नग बैटरी एवं एम.आर.एफ. सेण्टर में 1 नग बैटरी एवं इन्वेटर व ई.ओ. आवास पर 2 बैटरी की आपूर्ति कार्य। | 75,500.00 | एक माह |
| 19. | नगर सीमान्तर्गत समस्त हैण्डपम्पों एवं पाइप लाइन लीकेज मरम्मत एवं सबमर्सिबल मोटर पम्प क्रय आदि कार्य। | रेट प्रति नग | एक माह |
| 20. | समस्त एल.ई.डी. 90 वाट/60 वाट की लाइट मय ड्राइवर सहित मरम्मत का कार्य। | रेट प्रति नग | एक माह |
| 21. | 2 नग एल.एस.टी. स्टार्टर 20 एच.पी. कम्पलीट क्रय/आपूर्ति कार्य। | 87,000.00 | एक माह |
| 22. | कटआउट 200 एम्पियर | रेट प्रति नग | एक माह |
| 23. | नलकूपों हेतु निपुल, बुस, पैकिंग, बाल, बोल्ट, जी.आई. पाइप आदि सामान क्रय कार्य। | रेट प्रति नग | एक माह |
| 24. | नलकूपों हेतु सबमर्सिबल मोटर पम्प 15/12.50 एच.पी. की आपूर्ति कार्य। | रेट प्रति नग | एक माह |
| 25. | स्वागत द्वार रेडियम फोटो एवं मा. अध्यक्ष जी एवं सभासदों को रेडियम रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड लगाने का कार्य। | रेट प्रति नग | एक माह |
| 26. | विद्युत व्यवस्था हेतु टाटा एस हाईड्रोलिक सीढ़ी रिपेयर/ मरम्मत का कार्य। | 99120.00 | एक माह |
| 27. | विद्युत व्यवस्था हेतु टाटा एस हाईड्रोलिक सीढ़ी इंजन बनवाने/ मरम्मत का कार्य। | 94,400.00 | एक माह |
| 28. | नगर के आवश्यक स्थानों पर ठण्डा पेयजल हेतु वाटर कूलर 60/80 लीटर का आपूर्ति कार्य। | 98,530.00 | एक माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तालग्राम
जनपद-कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पंचायत तालग्राम
जनपद-कन्नौज


# सीएम दरबार में पहुंचा मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला

**कालपी,जालौन, समृद्धि न्यूज।**

सदर बाजार स्थित महादेव मन्दिर और मोतीचन्द्र वर्मा विद्या निकेतन के मध्य चल रहा जमीनी विवाद मुख्यमंत्री दरबार तक पहुंच गया है। सोमवार को लखनऊ पहुंचे मुहल्लावासियों ने इसकी शिकायत की है। विदित हो कि गत दो वर्ष से मुहल्ला सदर बाजार स्थित महादेव मन्दिर समिति और मोतीचन्द्र विद्या निकेतन के मध्य जमीन पर कब्जे को लेकर शिकवा शिकायतों का दौर चल रहा है थाना दिवस से लेकर समाधान दिवस तक मन्दिर समिति के लोग विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ मन्दिर की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगा चुके हैं इतना ही नहीं इस मामले में मन्दिर का परिक्रमा मार्ग खोला भी जा चुका है लेकिन अभी समस्या का हल नहीं निकला है। गत शनिवार को बड़ी संख्या में तहसील में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे मुहल्ले वासियों ने विद्यालय प्रबंधन पर मंदिर की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया था और सोमवार को अनिल पुरवार समेत कई लोग लखनऊ में आयोजित जनता दरबार में पहुंच गए और स्थानीय प्रशासन पर मामले को गम्भीरता न लेने का आरोप लगाया है।

इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद अवनीश शुक्ला से पूंछा गया तो उन्होंने कहा कि शिकायत आई है जांच की जा रही है।

## रंगबाजी व लेनदेन को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**जालौन (उरई)।** नगर के मोहल्ला हिरदेशाह में रंगबाजी को लेकर और हरकौती में लेन देन को लेकर गाली, गलौज व मारपीट हुई। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले के ही मंगल सिंह उनके साथ रंजिश मानते हैं। अक्सर रंगबाजी दिखाते हुए उसके साथ अभद्रता करते रहते हैं। पीड़ित का आरोप है कि रविवार की रात वह अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी मंगल सिंह वहां आए और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने मारपीट कर दी। उधर, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरकौती निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को बताया कि उनका गांव के ही संजेश कुमार के साथ रुपयों का लेन देन है।


### सूचना

पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम RAJNEESH KUMAR दर्ज है, जो कि गलत है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा वास्तविक नाम RAJNISH KUMAR है। RAJNISH KUMAR S/O Army No. 2997933Y Rank Hav. Shashi Kant Prasad R.R.C. Fatehgarh. R/O Vill, Ekdanga Pandit, Post Sohanpur, Teh. Bhatpar rani Deoria (U.P.) Pin- 274704

### सूचना

पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम KUMARI SARISHA दर्ज है, जबकि आधार कार्ड/अन्य अभिलेखों में मेरा वास्तविक नाम SARISHA RATHORE है। SARISHA RATHORE D/O Army No. 3001374L, Rank Hav. GAJRAJ SINGH RATHORE R.R.C. Fatehgarh. R/O Vill & Post Kohina Teh. Taranagar. Distt. Churu. Rajasthan Pin-331304

### सूचना

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम ANSUIYA KANWAR दर्ज है, जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का वास्तविक नाम ANSUIYA RATHORE है। ANSUIYA RATHORE D/O Army No. 3001374L, Rank Hav. GAJRAJ SINGH RATHORE R.R.C. Fatehgarh. R/O Vill & Post Kohina Teh. Taranagar. Distt. Churu. Rajasthan Pin-331304

### सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम CHOV SINGH दर्ज है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा वास्तविक नाम CHOB SINGH है। CHOB SINGH F/O Army No. 3001393W, Rank Hav. DINESH SINGH R.R.C. Fatehgarh. R/O Vill Khadiya Behad, Khadiya Beha, Morena, Madhya Pradesh. Pin-476554


## दिव्यांग के मकान पर परिवार के लोगों ने किया कब्जा

**जालौन, उरई।** नेत्रहीन दिव्यांग के मकान पर जबरन परिवार के लोगों ने कब्जा कर लिया। जब पीड़ित ने विरोध किया तो वह झगड़ा करने पर आमदा हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली के मोहल्ला चुर्खीबाल निवासी कमला देवी उर्फ बहूरानी बेबा ओमप्रकाश शुक्ला ने पुलिस को बताया कि उनके नाम मोहल्ले में मकान था। उन्होंने अपने मकान का आधा हिस्सा नेत्रहीन दिव्यांग बेटे हरिओम व आधा भाग नाती पवन व प्रवीण को पंजीकृत वसीयत के माध्यम से दे दिया था। इस मकान में दिव्यांग नेत्रहीन हरिओम उनके भतीजे पवन व प्रवीण रहते थे। प्रवीण की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

# आलोचनाओं के बाद "अपनी रसोई" ने पूरे किए दो वर्ष

**उरई,जालौन, समृद्धि न्यूज।**

डीएम-एसपी, सीएमओ ने रसोई की व्यवस्थायें देख की सराहना

पूर्व सांसद डॉ घनश्याम अनुरागी और उनकी बेटी आंकाक्षा अनुरागी की नेकी के ख्याल ने दो वर्ष पूर्व उरई में कमजोर, असहायों और गरीबों के लिए अपनी रसोई का सपना बुना, जिसने आज दो वर्ष से अनवरत चलने का रिकॉर्ड बना दिया। राजनैतिक विद्वेष के कारण कुछ लोगों ने पूर्व सांसद के ऊपर इसे राजनैतिक लाभ लेने का अल्प समय का कार्यक्रम बताया था लेकिन आज बिना किसी स्वार्थ के अपनी रसोई ने प्रतिदिन जरूरतमंदों को भोजन खिलाकर उपहास का जबाव दे दिया। पूर्व सांसद और वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी ने भारत जन सेवा फाउंडेशन के माध्यम से दो वर्ष पूर्व अपने आवास में कमजोरों, बुजुर्गों, असहाय और जरूरतमंदों के लिए निशुल्क भरपेट भोजन कराने की शुरुआत की। आम आदमी 5 रुपया देकर भी भोजन कर सकता है। शुरू-शुरू में राजनीतिक अंतर्विरोध के कारण लोगों ने राजनैतिक लाभ का आडम्बर बताकर पूर्व सांसद का उपहास उड़ाया लेकिन जल्द ही सभी के मुंह बंद हो गए।

# 75 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाले छात्रों को ही छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ दिया जाए: डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

- गांधी सभागार में समस्त दशमोत्तर कक्षाओं के विद्यालयों की छात्रवृत्ति के संबंध आयोजित

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जनपद के समस्त दशमोत्तर कक्षाओं के विद्यालयों की छात्रवृत्ति के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने समस्त विद्यालयों को छात्रवृत्ति की निर्गत समय सारणी के अनुसार अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्र त्रुटि रहित ऑनलाइन करने हेतु निर्देशित किया गया। तथा निर्देश दिये कि कॉलेजों को छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन पत्र अपने कॉलेज में ही व्यवस्था करके आनलाइन करवाना सुनिश्चित करें। जिससे कि आवेदन पत्र में कम से कम त्रुटियां हो सके। उन्होनें जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि गत वर्ष जिन कॉलेज के छात्राओं के आवेदन पत्र निरस्त हुए हैं। ऐसे विद्यालयों के प्राचार्य को कड़ी निर्देश जारी कर भविष्य के लिए चेताया जाए। कि इस वर्ष शासन के द्वारा बीटेक, एमबीबीएस, बैचलर आफ फार्मेसी जैसे ग्रुप ए के कोर्स वाले कॉलेज के छात्र-छात्राओं की दैनिक उपस्थिति आधार बेस्ड उपस्थित सिस्टम अथवा फैसियल रिकॉग्निशन सिस्टम के माध्यम से shreeton इंडिया के द्वारा कराए जाने का निर्णय लिया गया है। तथा अगले वित्तीय वर्ष से जनपद के समस्त कॉलेज के समस्त कोर्सो के छात्र-छात्राओं की उपस्थित उक्त आधार पर कराई जाएगी तथा 75 से अधिक उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को ही छात्रवृतियां शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष अनुसूचित जाति के ऐसे छात्र-छात्राएं जो राजकीय विद्यालय अथवा शासकीय अनुदानित विद्यालयों में अध्यनरत हैं उनके द्वारा जब छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा तो छात्रवृत्ति पोर्टल पर उनके लिए फ्री शिप कार्ड स्वत ही जनरेट होगा जिसके आधार पर उक्त विद्यालय में उनका प्रवेश निशुल्क किया जाएगा जिसके उपरांत उक्त अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को कॉलेज के साथ 100 रूपये के स्टाप पर एक अनुबंध करना होगा। जिसके आधार पर शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि छात्र के बैंक खाते में आने पर उक्त धनराशि को अपने विद्यालय को वापस करना होगा छात्रवृत्ति की धनराशि छात्र स्वयं रखेंगे। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पंसख्यक कल्याण अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



सभागार में दिशा निर्देश देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

## डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल संचालन के संबंध में ली बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल संचालन के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश कि सबसे बड़ा मुद्दा गांव में साफ सफाई का होता है। इसके लिए महत्पूर्ण है कि नालियों की सफाई रहे जल जमाव न होने दे एंटी लारवा का छिड़काव कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बीमारियों से बचाव की दवाई पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें और इस अभियान में आशा एएनएम आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को लगाया गया है। उन्होंने अपर जिला पंचायत राज अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारियों से कहा कि गांव में फॉगिंग मशीन की व्यवस्था कराई जाए गांव की महिलाओं को भी आगे करके लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जिस वार्ड में गत वर्ष जो बीमारियां फैली थी वहां पर आपको उन बीमारियों को लेकर सतर्क रहकर साफ.सफाई/ झाड़ियां की कटाई एवं जल भराव पर विशेष ध्यान देकर एंटी लारवा एवं फागिंग का छिड़काव कराया जाए। मलेरिया व डेंगू के वार्ड भी अस्पतालों पर बनाए गए हैं आप सभी लोग सतर्क रहें कि अगर कोई बीमारी गांव में होती है तो तत्काल इसकी जानकारी दें ताकि तत्काल लोगों को बीमारियों से निजात दिलाया जा सके उन्होंने खंड विकास अधिकारियों से कहा कि सभी विभागों से को.ऑर्डिनेट करके व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के समस्त सरकारी/प्राइवेट स्कूलों में शिक्षकों को निर्देश दें कि स्कूलों के असेंबली में बच्चों को बीमारियों से बचने के लिए क्या करें क्या न करें के बारें में जानकारी देकर जाकरूक करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विनोद कुमार, सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहें।

# पुलिस ने बैंकों में अभियान चलाकर की पूछताछ

- खातों से जुड़ी जानकारी किसी से भी साझा न करें: कोतवाल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**उच्चाधिकारियों** के निर्देश पर कोतवाली पुलिस द्वारा आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए नगर की बैंकों में चेकिंग अभियान चलाते हुए संदिग्धों की तलाश में मौजूद लोगों से पूछताछ की गई। जिससे बैंक के अंदर व बाहर बेवजह खड़े लोगों में हड़कंप मच गया और इधर उधर खिसकते दिखाई दिये।

सोमवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित भारतीय स्टेट बैंक एसएमई शाखा में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों एवं आगंतुक रजिस्टर चेक करने के बाद प्रबंधक एवं बैंक गार्ड से सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद जीटी रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया, फ्तेहगढ रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा, तिर्वा रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, सब्जी मंडी स्थित पंजाब नेशनल बैंक में पहुंच कर बैंक में मौजूद लोगों से पूछताछ कर संदिग्धों की तलाश की। इस दौरान उन्होंने उपभोक्ताओं से संदिग्ध व्यक्ति की सूचना देकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस दौरान उन्होनें बताया कि यह अभियान अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगानें एवं बैंक उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए चलाया जा रहा है। इस दौरान कांस्टेवल सतेन्द्र सिंह, गगन चौधरी, विनय कुमार सहित महिला कांस्टेवल प्रियंका, विजय सिंह आदि मौजूद रहे।



बैंक का निरीक्षण करते कोतवाल आलोक कुमार दुबे — समृद्धि न्यूज

# कृषि केन्द्र एग्रीजंक्शन में इच्छुक अभ्यर्थी 15 जुलाई तक करें आवेदन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**उप कृषि** निदेशक प्रमोद सिरोही ने बताया है, कि गतवर्ष की भॉति इस वर्ष भी किसानों के हित लाभ के लिए कृषि में प्रशिक्षित युवाओं की सेवाओं का उपयोग करने के उद्देश्य से किसानों को उनके फसल उत्पादत के लिए कृषि केन्द्र एग्रीजंक्शन के बैनर तले समस्त सुविधायें ÷वन स्टाक शाप÷ के माध्यम से उपलब्ध कराएं जाने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करनें के लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय कन्नौज से सम्पर्क कर आवेदन फार्म प्राप्त कर दिनांक 15 जुलाई, 2024 तक जमा कर सकते है। एग्रीजंक्शन हेतु अनुदान व्यवस्था/अर्हतायें निम्नवत है। जिसमें ऋण सीमा की धनराशि रूपयें 5.00 लाख के ब्याज पर अनुदान प्रति केन्द्र बैंक की वर्तमान व्याज दर 12 प्रतिशत में से 05 प्रतिशत अग्रिम ब्याज अनुदान की धनराशि (03वर्ष के प्रस्तावित कार्य हेतु रू0 60000), परिसर किराया 50 प्रतिशत प्रति माह अधिकतम रूपये 12000/- किराया। (रू0 1000/- प्रतिमाह केवल प्रथम वर्ष के लिए), निवेशों पर निर्गत किए जाने वाले लाइसेन्स शुल्क की प्रतिपूर्ति रू0 5250/- अधिकतम), योग्यता बी.एस.सी. (एजी.) अथवा इसके समकक्ष कृषि में स्नातक, आयु 21 वर्ष से 40 वर्ष तक, आवेदकों के नाम सरकारी / सहकारी क्षेत्र के बैंकों / भूमि विकास बैंक द्वारा राज्य सरकार की जिला स्तरीय समिति द्वारा आवेदकों की प्रारम्भिक छटनी के उपरान्त प्रकाशित किया जायेगा। इस समिति में जिला मजिस्ट्रेट / मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, एल0डी0एम0 एवं, सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी होंगे।

# खबरें चलते-चलते

## विधायक ने एमबीबीएस स्टूडेंटस को वितरित किए टेबलेट

- मेडिकल कॉलेज में आयोजित हुआ टेबलेट वितरण कार्यक्रम

**तिर्वा।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में सोमवार को निःशुल्क टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तिर्वा के भाजपा विधायक कैलाश राजपूत ने पहुंचकर 288 एमबीबीएस स्टूडेंटस को निःशुल्क टेबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि भाजपा विधायक कैलाश राजपूत ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार इस आधुनिक युग में डिजिटल को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार की योजनाओं का चला रही है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क टेबलेट व मोबाइल फोन भी वितरित कर रही है। इस दौरान उन्होने मेडिकल कॉलेज के शैक्षणिक भवन के सभागार में 288 एमबीबीएस स्टूडटेंस को टेबलेट वितरित किए। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने भाजपा विधायक को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. विपुल कुमार, डॉ.जेपी, सहित कई डॉक्टर व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## डिजिटल उपस्थिति के विरोध में संघ देगा ज्ञापन: जिलाध्यक्ष

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार यादव ने बताया कि विभाग के द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत नियंत्रणाधीन परिषदीय शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ दोहरा मापदंड अपनाते हुए पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन व डिजिटल (डिजिटल फेस छायांकन) उपस्थिति के अव्यवहारिक आदेश के विरोध को लेकर के उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) के प्रांतीय नेतृत्व के आवाह्न पर जनपद इकाई कन्नौज के द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित एक ज्ञापन को जिलाधिकारी के माध्यम से दिनांक 11 जुलाई 2024 को समय अपराह्न 3.00 दिया जाएगा।

## समधन के शांति नगर बार्ड का उपचुनाव पूर्ण हुआ

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** समधन नगर पंचायत के वार्ड संख्या एक शांति नगर इस्माइलपुर की सभासद का निधन होने के उपरांत उपचुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें बार्ड के नागरिकों ने मतदान कर दो प्रत्याशियों का भाग्य मत पेटी में बंद किया। बताते चलें कि सोमवार को समधन नगर पंचायत के बार्ड संख्या 01 शांति नगर की सभासद सुनीता देवी पत्नी रामरतन का निधन होने के उपरांत रिक्त हुए बार्ड के सदस्य पद पर जिला प्रशासन के निर्देश पर रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतदान केंद्र बारात घर में मतदान संपन्न कराया गया। जिसमें सभासद प्रत्याशियों सोमवती पत्नी मुकेश एवं रेखा देवी पत्नी आकाश के भाग्य का फैसला वार्ड के नागरिकों ने मतपेटियों में कैद कर किया। इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि 10 जुलाई को मत गणना होगी।

## ससुरालियों ने बहु से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** किसी बात को लेकर विवाहिता के साथ उसके ही पति एवं सास ने अभद्रता व मारपीट कर ना सिर्फ घायल कर दिया बल्कि धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मौरा निवासी रामादेवी पत्नी भुजराज द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 02 जुलाई की शाम उसके पति भुजराज एवं सास ननकी देवी ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसो से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**शहर** के सिटी चिल्ड्रन एकेडमी में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विजय छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया सिटी चिल्ड्रन अकादमी में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में देश-विदेश इतिहास खेलकूद सहित कई विषय पर प्रश्न पूछे गए छात्राओं ने बाकूबी प्रश्नों के उत्तर देते हुए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विजय हासिल की छात्र-छात्राओं को, प्रशासनिका सुधा प्रधान सीईओ विश्वास प्रधान प्रधानाचार्य बलराज कपूर छात्र छात्रों को उत्साहित करते हुए पुरस्कार देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में स्कूल का समस्त स्टाफ छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# दस मीटर चौड़ी सीमेंटेड रोड बनाने पर बनी सहमति अग्रिम निर्णय तक नहीं बनेगा टोल प्लाजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बाहिदपुर** में टोल प्लाजा को लेकर के किसानों और प्रशासन के साथ एनएचएआई की बैठक में सिर्फ 10 मीटर चौड़ी सीमेंटेड रोड बनाने पर सहमति बनी। अग्रिम निर्णय तक टोल प्लाजा नहीं बनेगा।

पिछले 21 दिनों से बाहिदपुर में टोल प्लाजा को लेकर के भारतीय किसान यूनियन टिकैत धरना प्रदर्शन कर रही थी। 25 जून को प्रदेश अध्यक्ष सहित राष्ट्रीय स्तर के भी किसान नेताओं ने शिरकत की थी। उपाध्यक्ष प्रभाकर मिश्रा और जिला प्रवक्ता अजय कटियार सहित किसानों के साथ बाहीदपुर में एसडीएम सदर रजनीकांत पांडे और एनएचएआई के परियोजना निदेशक शिवम सिंह, प्रोजेक्ट इंजीनियर विश्वास मिश्रा के साथ बैठक की। तय हुआ कि बाहिदपुर में सिर्फ 10 मीटर चौड़ी सीमेंटेड रोड बनाई जाएगी। टोल प्लाजा अभी नहीं बनेगा। जब तक अंतिम निर्णय नहीं हो जाता है। वास्तविक रिपोर्ट संबंधित मंत्रालय को भेजी है। जिसमें बाहिदपुर में वास्तविक स्थिति को बताया है और सर्वे करने वाली कंपनी से भी जवाब मांगा है। वहीं भाकियू बलराज गुट के पदाधिकारियों ने नगला खेमेरंगाई के ग्रामीणों की समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया। इस दौरान राकेश, पंकज कुमार, गोविन्द, धीरेन्द्र, शादाब खां, सुरेश आदि मौजूद रहे।



वार्ता के दौरान अधिकारीगण व किसान नेता

## सड़क दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** विगत माह पूर्व अनियंत्रित गति से आ रहे पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी इलाज दौरान मृत्यु हो गई थी। मृतक के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज के ग्राम कुंडपुरा निवासी बादाम सिंह पुत्र बहादुर सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 11 जून की शाम उसका पुत्र बाइक पर सवार होकर घर की ओर आ रहा था। जैसे ही ग्राम आम पुर्वा के निकट पहुंचा तभी अनियंत्रित गति से आ रहे पिकअप के अज्ञात चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसका पुत्र जिगनेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान 16 जून को मृत्यु हो गई थी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी मरीजों की भारी भीड़

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

- मेडिकल कॉलेज के कम्प्यूनिटी मेडिसिन विभाग ने सखौली गांव में लगाया जागरूकता एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर
- एक सैकड़ा मरीजों का परीक्षण कर दी गई दवाएं
- एनएमसी का नया निर्देश, हर एमबीबीएस स्टूडेंटस पांच परिवारों को लेगा गोद

राजकीय मेडिकल कॉलेज के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा सखौली गांव में सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सक ग्रामीणों को कई तरह की बीमारियों के बारे में जानकारियां दी। रोकथाम के उपाय भी बताए।

कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ.डीएम मार्तोलिया ने बताया कि नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने एमबीबीएस की पढ़ाई पढ़ने वाले छात्रों को निर्देश दिया है कि अपनी पढ़ाई की अवधि में सभी छात्र कम से कम पांच परिवारों को गोद लेकर उनकी स्वास्थ्य सम्बन्धी निरंतर देखभाल करें। साथ ही रोगों के बारे में उन्हे सभी जानकारियों से भी अवगत कराएं। डॉ.मार्तोलिया ने बताया कि एनएमसी के निर्देश पर सोमवार को सखौली गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर व जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में सहायक प्रोफेसर व डायबिटिज रोग विशेषक डॉ.जमील रागी, डॉ.आयशा कृत्रि रहमान ने डायबिटिज से संबंधित बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.करिश्मा सिंह ने नेत्र विकार से सम्बन्धित व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.भूपेष जयसवाल ने बच्चों के बीमारियों के सम्बन्ध में बताया। उन्होने कहा कि नवजात शिशुओं को स्तनपान कराने से उनकी प्रतिरोधक बढती है। इसके अलावा कुपोषण से भी मुक्ति मिलती है। स्वास्थ्य शिविर के दौरान करीब एक सैकड़ा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्हे दवाईयां दी गई। इसके साथ ही कई मरीजों का ब्लड सैंपल लेकर उनका परीक्षण कराया गया। इस मौके पर डॉ.अवधेश वर्मा, डॉ.राफे, डॉ.मेहल, डॉ.रोशन समेत कई जूनियर चिकित्सक मौजूद रहे।

# सतत उत्पादन एवं मृदा स्वास्थ्य हेतु जरूरी, फसल अवशेष प्रबंधन: डॉ अरविंद

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**अनौगी स्थित** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा क्षेत्र के ग्राम डिगसरा में फसल अवशेष प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार ने किसानों को बताया कि फसल की कटाई के बाद भारी मात्रा में फ़सल के ठूंठ एवं भूसे को विघटन के लिए छोड़ दिया जाता है और इसमें से अधिकांश खेत में अप्रयुक्त रहते हैं। किसानों द्वारा अपनाई जाने वाली सबसे आम प्रथा है कि इसे जला दें, विशेषकर उन क्षेत्रों में, जहां पर तुरंत ही अगली फसल लगाई जाती है। ऐसी अवस्था में इन फसल अवशेषों को मृदा में मिलाने एवं सड़ने के लिए कम समय मिल पाता है। साथ ही किसानों को फ़सल के अवशेष को मृदा में मिलाना इनको जलाने से महंगा पड़ता है। दूसरी ओर, जलने से प्रदूषण पैदा होता है और मृदा की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए फसल अवशेषों के तेजी से अपघटन के लिए कुशल जीवाणुओं की पहचान करने का प्रयास किया गया। कुशल सेल्यूलोज विघटनकारी जीवाणुओं के साथ फसल अवशेषों के जैव-संवर्द्धन का उद्देश्य था कि मृदा में अवशेषों को विघटन कर पोषक तत्वों के पुनर्चक्रण में मदद मिल सके। ये कुशल विघटनकारी जीवाणु फसल के अवशेषों को विघटित कर सकते हैं, मृदा में कार्बन के निर्माण में मदद करते हैं जो ऊसर और क्षारीय ऊसर मृदा एवं सामान्य मृदा के स्वास्थ्य की पुनरावृत्ति को सुविधाजनक बना सकते हैं। पौधों के विकास को बढ़ावा देने वाले तीन कुशल और लवण सहष्णु लिग्नो-सेल्युलोलिटिक बैक्टीरिया के कंसोर्टिया को फसल के अवशेषों को विघटन कर डिकंम्पोजर के रूप में तरल जैव-सूत्रीकरण %हेलो सीआरडी में उपयुक्त मानकीकृत मीडिया में तैयार किया गया।

प्रयोग विधिः एक 200 लीटर का प्लास्टिक का ड्रम लेकर उसमें 100 एम एल सीआर डी तरल तथा कुछ मात्रा में मट्ठा डाल देते हैं द्यछायादार स्थान में 48 घंटे तक रखते हैं और तैयार कल्चर को अवशेष पर छिड़क कर एक एकड़ फसल अवशेष का प्रबंधन 20 से 25 दिन के उपरांत कर सकते हैं द्य पोषक तत्वों के पुर्नचक्रण के लिए अवशेषों का उपयोग करने में मदद मिलेगी, ऊर्जा की बचत के अलावा जैव-शोधन को बढ़ावा देने के लिए मृदा की जैविक गतिविधि और कार्बन संवर्धन में वृद्धि होगी।कार्यक्रम में ग्राम के 25 प्रगतिशील कृषक एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया।



कार्यक्रम में किसानों को जानकारी देते वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार — समृद्धि न्यूज

# लाइनहाजिर दरोगा ने बाइक में मारी टक्कर, महिला गड्ढे में गिरी

- घटना से उत्तेजित ग्रामीणों ने दरोगा व मौजूद सिपाही को जमकर पीटा
- दरोगा ने थाने में होमगार्ड वीरेंद्र सिंह से की गाली-गलौज व मारपीट
- लाइनहाजिर होने के बाद भी युवती के चक्कर में नवाबगंज में रह रहा है

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**लाइनहाजिर दरोगा** ने अपने निजी कार से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे महिला पानी भरे गड्ढे में जा गिरी। घटना से उत्तेजित ग्रामीणों ने दरोगा व उसके साथ मौजूद सिपाही की जमकर पिटाई कर दी। दरोगा के साथ एक युवती भी मौजूद थी। जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद थाने से लाइन हाजिर हुए दरोगा नरेंद्र सिंह अपनी निजी कार से ग्राम मड़िया गए हुए थे। रास्ते में लौटते समय शिक्षक संतोष सिंह की पत्नी नीलम देवी बाइक से अपने भाई के साथ नवाबगंज अपने निजी मकान पर वापस लौट रही थी। रास्ते में दरोगा की कार से टक्कर हो जाने पर शिक्षक की पत्नी नीलम देवी अपने भाई के साथ गड्ढे में जा गिरी। घटना लगभग 8.00 बजे की रात्रि बताई जाती है। मौके पर खेतों में काम कर रहे हैं लोगों ने टक्कर की आवाज सुनकर घटनास्थल पर दौड़े। मौके पर जाकर जब लोगों ने देखा महिला गड्ढे में पड़ी हुई थी। दरोगा कार से निकालकर लोगों को गाली-गलौज करने लगा। इसी बात से नाराज ग्रामीणों ने पहले दरोगा की जमकर पीटा। उनके साथ उनके सजातीय



दरोगा का होता मेडिकल परीक्षण — समृद्धि न्यूज

नवाबगंज थाने में ड्यूटी पर तैनात सिपाही को भी जमकर पीटा। सादा वर्दी में सिपाही और दरोगा को ग्रामीणों ने पीटने के बाद महिला व उसके भाई को गड्ढे से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही महिला के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और घायल अवस्था में महिला तथा उसके भाई को नवाबगंज थाने लाए। महिला का पति शिक्षक संतोष जब थाने पहुंचा, तो उसके साथ उसके रिटायर्ड होमगार्ड पिता वीरेंद्र सिंह भी थाने पहुंचे। जहां दरोगा ने वीरेंद्र सिंह को गाली देते हुए डंडों से पिटाई कर दी। थाने में मारपीट होते ही पुलिस हरकत में आयी। एसएसआई राम सिंह और दरोगा इंद्रजीत, कस्बा इंचार्ज मोहम्मद अकरम ने दरोगा को जमकर हड़काया। इसके बाद अपने साथ हुई मारपीट की तहरीर दरोगा ने थाने में दी। दरोगा की गाड़ी में माड़िया गांव की युवती बैठी देखकर लोगों ने वीडियो बनाया। इसके बाद दरोगा नरेंद्र सिंह और महिला नीलम देवी का पुलिस ने चिकित्साकीय परीक्षण कराया। थोड़ी देर बाद एसएचओ अमोद कुमार सिंह थाने पहुंचे उन्होंने घटना की जानकारी करने के बाद उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। उधर शिक्षक ने घटना की जानकारी एडीजी जोन कानपुर आलोक कुमार सिंह को दी। एडीजी की सूचना होने के बाद पुलिस तेजी से हरकत में आई। युवती के नाना को बुलाकर प्रभारी निरीक्षक द्वारा युवती को नाना के सुपुर्द कर दिया गया। ट्रांसफर होने के बावजूद दरोगा नवाबगंज में किराए के कमरे पर अपना आशियाना बनाए हुए हैं। युवती के संबंधों को लेकर नवाबगंज में उपरोक्त दरोगा काफी चर्चित रहा। तीन माह पूर्व दरोगा की कार तेज रफ्तार बरौन स्थित भट्ठे के पास गड्ढे में गिरी थी। उस समय भी गाड़ी में युवती मौजूद थी। ड्यूटी पर तैनात सिपाही भी दरोगा के साथ मौजूद था। दरोगा की मदद में बीती रात घटना के समय सिपाही मौजूद था। मारपीट में सिपाही गौरव कसाना भी घायल हुआ है।

# अपनी ही बदहाली पर आसूं बहा रहा पशु चिकित्सालय

- अस्पताल पर लटकता रहता ताला, पशुओं को नहीं मिल रहा इलाज



पशु चिकित्सालय में लटका ताला

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**गंगापार में** ज्यादातर लोग कृषि एवं पशुपालन पर आधारित होकर जीवनयापन कर रहे हैं। अगर कृषि में नुकसान हो और पशु भी बीमार होने लगें तो इस क्षेत्र के निवासियों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी को थामकर चलना कठिन हो जाता है। इसीलिए इस क्षेत्र में सरकार द्वारा पशु चिकित्सालय स्थापित किए गए। जिससे पशुओं का समुचित इलाज हो सके और पशुपालकों को नुकसान से बचाया जा सके। अमृतपुर थाना क्षेत्र में ग्राम अमैयापुर के अंतर्गत आने वाला पशु चिकित्सालय इस समय खुद बीमार हो चुका है और अपनी ही बदहाली पर आसूं बहा रहा हैं। जहां बरसों से तैनात डॉक्टर दोहरे कभी आए तो कभी नहीं आए और कभी आकर भी वापस चले गए और पशुओं को नहीं देखा। यह लोगों की शिकायत बनी रही। इस चिकित्सालय से लाभ उठाने वाले पशुपालक जिसमें पुष्पेंद्र, शिवदत्त, रामनिवास, नेम सिंह, मदनपाल, रमेश, जागेश्वर, अनुज, पातीराम आदि लोगों ने बताया कि जब वह अपने बीमार पशुओं को लेकर अस्पताल तक जाते हैं तो अस्पताल में ताला लटका हुआ मिलता है। बीमार पशुओं का समुचित इलाज नहीं हो पाता और उन्हें घुमंतू पशु चिकित्सकों को दिखाना पड़ता है। जिससे बीमार पशु समय से पहले ही मौत के मुंह में समा जाते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हो जाता है। अस्पताल न खुलने और डॉक्टर की गैर मौजूदगी में पशुओं का टीकाकरण नहीं हो पाता। पशुपालकों ने बताया कि इस समय क्षेत्र में थना रोग फैला हुआ है। जिससे पशु बीमार हो रहे हैं और दूध देने की मात्रा भी काम हो रही है। इसी चिकित्सालय में तैनात डॉक्टर दोहरे से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह विधायक कालूराम दोहरे के दामाद है और इस बात का ध्यान मीडिया को रखना चाहिए। इसी के साथ उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पहले उनका तबादला हो चुका है। अब वह अपनी सेवाएं जिला कन्नौज के अंतर्गत देंगे, लेकिन इससे पहले पशुपालकों की शिकायत बनी रही की डॉक्टर दोहरे कभी भी चिकित्सालय में समय से न आए और न ही बैठे। जिससे उन्हें चिकित्सालय की तरफसे कोई लाभ नहीं हो पाया।

# खबरें चलते-चलते

## हाईवे के किनारे पड़ा मिला सेवानिृत्त दारोगा के पुत्र का शव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार दोपहर बाद हाईवे के किनारे रिटायर्ड दारोगा के पुत्र का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गयी। मौके भीड़ लग गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर तफ्तीश की। कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम विजाधरपुर रिलायंस पेट्रोल पम्प के सामने इटावा-बरेली हाईवे पर एक 35 वर्षीय युवक का शव पड़ा होने की सूचना पर मौके भीड़ जमा हो यी। ग्राम विजाधरपुर निवासी लाड़ो देवी ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त अपने बेटे पवन पुत्र ओमकार यादव के रूप में की। मृतक की माँ ने बताया कि पवन शराब पीने का आदी था। सुबह 7 बजे गाँव का ही युवक सोनू उसे अपने साथ बिजली का बिल जमा कराने के लिए ले गया था। बिजली का बिल जमा नहीं किया और पवन को शराब पिलाकर उसे सड़क किनारे फेंक गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। ग्राम प्रधान पति अजीत यादव भोला मौके पर पहुंचे। मृतक की पत्नी काफी समय से अपने मायके ग्राम पदमघेर मैनपुरी में रह रही है। सूचना पर सेन्ट्रल जेल चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे लेकर पड़ताल की। प्रधान पति भोला यादव ने पुलिस को लिखित सूचना दी।

## आकांक्षी विकास खंडों का प्राथमिकता के आधार पर होगा विकासः डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा संचालित सम्पूर्णता अभियान का आकांक्षात्मक विकास खंड राजेपुर में शुभारंभ विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, अध्यक्ष जिला पंचायत मोनिका यादव, जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व जिलाध्यक्ष भाजपा रूपेश गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। शासन द्वारा जिलेवार आकांक्षी विकास खंडों का चयन कर प्राथिमकता के आधार पर उनके पिछड़ेपन को दूर करने के लिये उक्त कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जनपद से इस कार्यक्रम में राजेपुर व नबाबगंज ब्लॉक का चयन किया गया है जिसके अंतर्गत चिकित्सा एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जलसंसाधन, वित्तीय समावेशन तथा आधारभूत अवसंरचना पर विशेष जोर सरकार द्वारा दिया जा रहा है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारों लगाया गये स्टालों का निरीक्षण किया गया व आये हुये जनसमूह को संबोधित किया गया व गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई एवं 06 महीने के शिशुओं का अन्नप्राशन भी किया गया।

## फिरोज उर्फ अन्ना के परिवारीजनों की छह लाख की सम्पत्ति कुर्क

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमालगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 469/2017 धारा 3(1) गैंगेस्टर अधिनियम बनाम फिरोज उर्फ अन्ना (गैंग लीडर), संजय उर्फ सलमान पुत्रगण नौशाद निवासीगण ग्राम नगला दाऊद सरैया, थाना कमालगंज जनपद फतेहगढ़ द्वारा अवैध रुप से अर्जित स्वयं एवं स्वयं के परिजनों के नाम पंजीकृत अवैध सम्पत्ति कीमत 6,00,000/- रुपये जिलाधिकारी के आदेश/वाद संख्या-20/2024 दिनांकित 21.06.2024 के द्वारा फिरोज उर्फ अन्ना व उसके गैंग के सदस्य व परिवारीजन के नाम पंजीकृत अवैध सम्पत्तियों को गैंगेस्टर की धारा 14(1) के अंतर्गत कुर्क किये जाने का आदेश पारित किया था, आदेश के अनुपालन में प्रशासन द्वारा नियुक्त मजिस्ट्रेट श्रद्धा पाण्डेय तहसीलदार सदर एवं क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रवींद्रनाथ राय के नेतृत्व में थानाध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी व थानाध्यक्ष कमालगंज राजेश राय मय हमराह आज फोर्स दिनांक 08.07.2024 को कुर्क किया गया।

# हैंडपंप मरम्मत में राजेपुर व शमशाबाद ब्लाक की स्थिति खराबः डीएम

- एमओआईसी अपने अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



बैठक लेते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में 01 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 तक चलाये जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में हैंडपंप मरम्मत में राजेपुर व शमशाबाद ब्लॉक की स्थिति खराब पाई गई। प्लेटफार्म बनाने में नवाबगंज ब्लॉक सबसे पीछे पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा 02 दिन में अभियान चलाकर सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिये गये। जनपद में एंटी लार्वा ट्रीटमेंट की स्थिति स्टेट एवरेज से कम पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा इस पर नाराजगी जताई गई व निर्देशित किया कि सभी क्षेत्रों में एन्टी लार्वा ट्रीटमेंट कराया जाये। सभी मलेरिया इंस्पेक्टर अपने-अपने कार्यक्षेत्र में रहें व पिछले 03 माह में किये गये कार्यों का विवरण प्रस्तुत करें। डी0पी0आर0ओ0 को निर्देशित किया गया कि सभी ग्रामीण क्षेत्रों में फॉगिंग करायें। झाड़ियों व घास की कटाई करायें। कृषि विभाग को निर्देशित किया कि सभी किसानों को खरपतवार हटाने के लिये प्रेरित करें। बी0एस0ए0 सभी विद्यालयों में घास व झाड़ियों की कटाई सुनिश्चित करें। सभी एम0ओ0आई सी0 को निर्देशित किया गया कि अपने अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखें। सभी अस्पतालों में एन्टी रैबीज व एन्टी स्नैक वैक्सीन उपलब्ध रहे। सभी अधिकारी सफाई की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बिजली मिस्त्री की करंट लगने से मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तार जोड़ते समय अचानक करंट लगने से बिजली मिस्त्री की हालत गंभीर हो गयी। उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल लाया गया। जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया गड़रियन नगला निवासी 30 वर्षीय नन्हें कठेरिया पुत्र रामसनेही बिजली मिस्त्री का कार्य करता था। मोहल्ले के राम आसरे के घर बिजली का काम कर रहा था। उसी दौरान बिजली का तार जोड़ते समय करंट लग गया। जिससे नन्हें की हालत गंभीर हो गयी। रामआसरे ने नन्हें के परिजनों को सूचना दी। आनन-फानन में परिजन लोहिया लेकर पहुंचे। जहां ईएमओ ड्यूटी पर तैनात डॉ0 वैभव यादव ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गयी।

# जलभराव व कटान से भयभीत ग्रामीण पहुंचे डीएम की चौखट पर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



कलेक्ट्रेट में मौजूद ग्रामीण

**ग्रामीणों** ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दोनों मुख्य मार्ग के रास्ते कटने व जलभराव की समस्या से अवगत कराया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को ब्लाक कमालगंज क्षेत्र के ग्राम नगला खेम रेंगाई के लगभग दो दर्जन ग्राम के निवासियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर दिए गए ज्ञापन में बताया की अत्यधिक बारिश के कारण मेरे गांव के दोनों मुख्य मार्ग का रास्ता कट गया है। जिससे बच्चे स्कूल नहीं जा पा रह है। वहीं मंदिर मस्जिद भी गिरने की कगार पर पहुंच गये हैं। जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। जिसको लेकर ग्रामवासी काफी भयभीत हैं। पानी के भराव व कटान से कई मकान भी गिरने की कगार पर खड़े हैं। पिछले वर्ष सिंचाई विभाग द्वारा पानी को गांव के रास्ते पर भराव रोकने का कार्य दिया गया था। परन्तु सिंचाई विभाग द्वारा खानापूर्ति कर दी गयी। जिस कारण इस वर्ष भी गांव में पानी भरा हुआ है।

## दुकानदार की बाइक चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने दुकानदार की बाइक चोरी कर ली। काफी तलाश करने के बाद जब बाइक नहीं मिली, तो उसने पुलिस को तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित दुकानदार अवधेश कुमार पाल पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम मंझना ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह नवाबगंज कस्बे के मेन चौराहे पर अंडा व कोल्ड ड्रिंक की दुकान किए हुए है। बीती शाम 4.00 बजे पड़ोस में बंद दुकान के सामने पीड़ित के बताए अनुसार उसने अपनी बाइक खड़ी कर दी और अपनी दुकानदारी करने लगा। जब रात में 10.00 बजे लगभग दुकान बंद कर घर जाने के लिए बाइक उठाने गया, तो वहां पर बाइक नहीं मिली। जिस पर पीड़ित के होश उड़ गये और वह अपनी बाइक तलाशने में लग गया, लेकिन उसकी बाइक संख्या यूपी76एके0604 का कोई अता पता नहीं चला। तब पीड़ित आज सुबह खोजबीन के बाद थाने पहुंचा और थाना पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध बाइक चोरी करने का प्रार्थना पत्र दिया। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

# मारपीट के मामले में युवक को सजा

- बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

**मारपीट के** मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीलम सरोज ने देशराज पुत्र मुरली निवासी नहरईया कोतवाली मोहम्मदाबाद को एक वर्ष की परिवीक्षा से दण्डित किया है व 20 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया है। जानकारी के अनुसार वर्ष 1988 में कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम नहरईया निवासी रघुवर दयाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया की छेदालाल पर मेरे भाई पप्पू के उधार रुपये थे। गॉव के लोगों को इकठ्ठा करके समझौता हो गया था उसने कुछ रुपये दे दिए थे और कुछ रुपये बाकी थे। जब मेरे भाई ने बकाया रुपये मांगे। इसी बात को लेकर मुझे व मेरे भाई रामदास, मेरी पत्नी सुंदरी, भाभी श्यामदेवी मेरे दरवाजे पर आकर घेरकर लाठीडंडों से मारपीट कर घयाल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर छेदालाल, शिवनाथ, देशराज, मेवालाल के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व अभियोजन की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश नीलम सरोज ने देशराज को दोषी करार देते एक वर्ष की परिवीक्षा व 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मुकदमा विचारण के दौरान छेदालाल, शिवनाथ, मेवालाल की मृत्यु हो गयी थी।

## विद्यालय से छात्र की साइकिल चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्यालय परिसर से छात्र की साइकिल चोरी हो जाने के मामले में छात्र की मां ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला ग्वालटोली निवासी रजनी पत्नी संजय कुमार ने पुलिस से लिखित शिकायत कर बताया कि उसका पुत्र संदीप कुमार 8 जुलाई को जीआईसी फतेहगढ़ में अपनी कक्षा 10 की टीसी लेने साइकिल से गया था। साइकिल स्कूल के अंदर खड़ी कर दी और वह टीसी लेने चला गया। कुछ समय बाद जब वह वापस आया तो साइकिल वहां नहीं खड़ी थी। काफी खोजबीन की पता नहीं लगा। जब प्रधानाध्यापक को बताया तो उन्होंने कहा कि तुम्हारी साइकिल चोरी हो गई है मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। स्कूल में कैमरे लगे हुए हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि बंदरों ने तोड़ दिए हैं। छात्र की मां ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर में किया वृक्षारोपण



पुलिस लाइन में वृक्षारोपण करते पुलिस अधीक्षक — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुलिस अधीक्षक** ने वन महोत्सव सप्ताह के अंदर पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण किया। जानकारी के अनुसार सोमवार को पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने पुलिस लाइन परिसर पहुंचकर वृक्षारोपण किया। साथ ही उन्होंने अन्य पुलिसकर्मियों से भी वृक्षारोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सबको अपने जीवन में एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए और उसकी समुचित देखभाल बच्चे की भांति करनी चाहिए, क्योंकि वृक्ष हैं तो हम हैं। वृक्षों से हमें जीवन रुपी ऑक्सीजन मिलती है। बगैर ऑक्सीजन के हम एक पल भी जिन्दा नहीं रह सकते हैं। इसलिए हम सबको प्रण लेना चाहिए कि कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगायें। साथ ही दूसरों को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करें।

विरोध

## प्रशासन के दबाव के चलते सिम लेने पहुंचे खंड शिक्षा कार्यालय

# डिजिटल अटेंडेंस के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**डिजिटल अटेंडेंस** के विरोध में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया, लेकिन अधिकारियों के दबाव के चलते सभी शिक्षक सरकारी सिम लेने खंड शिक्षा कार्यालय पहुंचे।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के समस्त परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों ने सरकार द्वारा चलाई गई डिजिटल अटेंडेंस नीति का विरोध करते हुए काली पट्टी बांधकर अपने-अपने विद्यालयों में सरकार के आदेशों का बहिष्कार किया। शिक्षक पूरे दिन काली पट्टी बांधकर बहिष्कार करते रहे। वहीं परिषदीय विद्यालय के समस्त शिक्षकों के मुताबिक पूरे प्रदेश में विरोध जताया गया। जहां से पूरे प्रदेश से नौ लोगों ने ऑनलाइन अटेंडेंस भेज दी। जिस पर छह लोगों ने शिक्षकों के गुटों से माफीनामा भी मांगा। विरोध प्रदर्शन की सूचना जब उच्च अधिकारियों में हुई, तो उच्च अधिकारियों ने शिक्षकों पर दबाव




विरोध जताते शिक्षकगण — समृद्धि न्यूज

बनाना शुरू कर दिया। जब इसके बारे में खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा से जानकारी की गई तो उन्होंने कहा की कोई शिक्षक विरोध नहीं करेगा और सबको सरकारी सिम दिया जा रहा है। सभी शिक्षक सिम लेने के लिए खंड शिक्षा कार्यालय पहुंचे। शिक्षकों के बताए अनुसार जानकारी मिली कि उनका विरोध जारी रहेगा, लेकिन उच्च अधिकारियों के दबाव के चलते सिम कार्ड ले लिए गए हैं, लेकिन कोई ऑनलाइन अटेंडेंस कोई भी शिक्षक नहीं भेजेगा। क्षेत्र के संविलियन विद्यालय कक्योली में फिर शिक्षकों ने अपना विरोध जताया। वहीं प्राथमिक विद्यालय कस्बा नवाबगंज में भी शिक्षकों ने अपने शिक्षक गुट के नेताओं के आदेशानुसार विरोध जताया। इस मौके पर ग्राम कक्योली के प्रधानाध्यापक ओमकार सिंह, इंचार्ज प्रधानाध्यापक के साथ सहायक अध्यापक इरमान शेर, ममता वर्मा, नूरुद्दीन, कृष्ण पाल सक्सेना, पुष्पेंद्र सिंह, सुनील कुमार, मोहम्मद खालिद खान, यादवेंद्र सिंह, उदय प्रताप, सरिता, रीना देवी तथा विजय प्रताप सिंह, अनुदेशक श्याम कुमार, निर्मल, अनुदेशक कंचन सक्सेना, अनुदेशक रणवीर सिंह, शिक्षा मित्र अभिनंदन शर्मा तथा प्राथमिक विद्यालय कस्बा नवाबगंज से संजीव रंजन प्रधानाध्यापक, प्रशांत कटियार, प्रज्ञानंद शाक्य, वसीम अख्तर, प्राथमिक विद्यालय नैरोसा शालिग्राम गंगवार अपने समस्त शिक्षकों के साथ विरोध प्रदर्शन करते रहे।

# प्रा0शि0सं0 ने ऑन लाइन उपस्थिति का किया विरोध

**पहले शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने की उठायी मांग**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


काली पट्टी बांधे विद्यालय में बैठे शिक्षक — समृद्धि न्यूज

**प्राथमिक शिक्षक** संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला ने शिक्षकों की ऑन लाइन उपस्थिति का विरोध करने का आवाह्न करते हुए कहा कि ऑन लाइन उपस्थिति पूरी तरह से अव्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को टेबलेट दिये गये, किन्तु सिम नहीं दी गई। शिक्षकों को टेबलेट संचालन का प्रशिक्षण भी नहीं दिया गया। जहां आवागमन के सभी साधन उपलब्ध है। वहां यह व्यवस्था क्यों नहीं लागू की गई। दुर्गम स्थलों पर जहां आवागमन के कोई साधन नहीं है उन शिक्षकों पर ऐसा अत्याचार क्यों। प्राथमिक शिक्षक संघ कई बार शासन को ज्ञापन देकर उनकी लंबित समस्याओं का समाधान तो नहीं हुआ। कई बार मांग की गई। अनेकों स्कूलों में पानी भरा है। रास्ते में भी पानी भरा है। नेटवर्क की समस्या है। शिक्षकों की कमी, समय से रसोइयों का मानदेय नहीं। फल कन्वर्जनकास्ट समय से नहीं मिल रही है। वर्षों से प्रमोशन नहीं, स्थानांतरण नहीं, अप्रैल से नवीन सत्र प्रारम्भ, लेकिन कम्पोजिट ग्रांट मार्च में मिलेगी। पूरे सत्र स्कूल कैसे संचालित होगें, इसका जबाव किसी के पास नहीं है। शिक्षकों से गैर शैक्षिक कार्य, पल्स पोलियों, बीएलओ, टीकाकरण, रैली, संचारी रोग नियंत्रण, स्कूल चलो अभियान, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, विभिन्न दिवस समारोह, विभागीय ड्यूटी, प्रशिक्षण, इंटर कालेज, विश्वविद्यालय परीक्षा ड्यूटी आदि कार्यों में ऑन लाइन ड्यूटी हाजिरी कैसे होगी। प्राथमिक शिक्षक संघ अव्यावहारिक निर्णय वापस लेकर पहले शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने की मांग करता है। जुलाई का अभी तक दर्जनों शिक्षकों की मृत्यु दुर्घटना हो चुकी है। उसका भी कार्य नहीं हुआ है। ऐसे में शिक्षक संघ पुरानी समस्याओं का निराकरण करने की मांग करता है और ऑन लाइन उपस्थिति का विरोध करता है। वहीं राजेपुर विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया और ऑन लाइन उपस्थिति का विरोध जताया। प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता सहित सभी शिक्षकों ने विरोध दर्ज कराया।

# खंड विकास अधिकारी को दी गई विदाई

कमालगंज, समृद्धि न्यूज


बीडीओ को सचिव कंचन रावत आदि शिव जी की मूर्ति भेंट करती

**खंड विकास** कार्यालय कमालगंज में खंड विकास अधिकारी श्रीप्रकाश उपाध्याय का विदाई समारोह कार्यक्रम हुआ। बीडीओ की चंदौली सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता के पद पर प्रोन्नति हुई है। जिसके चलते उनको वहां का चार्ज लेना है। सोमवार को खंड विकास कार्यालय में विदाई सम्मान समारोह कार्यक्रम हुआ। संचालन करते हुए एडियो आईएसबी आलोक कुमार दुबे ने कहा कि हमारे अधिकारी श्री प्रकाश उपाध्याय जैसा कोई दूसरा अधिकारी अभी तक हमको नहीं मिला। इतने दिन से साथ में काम करते हो गए हैं पर पता ही नहीं चला कि हम किसी अधिकारी के साथ में काम कर रहे हैं। सचीव प्रदीप कुमार ने खंड विकास अधिकारी का माला पहनकर स्वागत किया। वहीं वरिष्ठ लिपिक विजय राठौड़ ने माला पहनाकर और उपहार स्वरूप श्रीराधा कृष्ण की प्रतिमा भेंट की। वहीं एडियो को-ऑपरेटिव ने शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। सचिव लक्ष्मी लता गौतम ने गुच्छ पुष्प देकर स्वागत किया। सचिव कंचन रावत ने भगवान शिव की मूर्ति भेंट की। समस्त स्टाफ ने उपहार देकर बीडीओ को माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान बीडीओ की आंखे नम हो गयी। श्री प्रकाश उपाध्याय ने एडीओ को-ऑपरेटिव योगेंद्र प्रताप सिंह को चार्ज दिया है। इस दौरान अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी गौरव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# परिषदीय स्कूलों में डिजिटल उपस्थिति का शिक्षकों ने किया विरोध

**काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने किया कार्य**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


काली पट्टी बांधकर ऑन लाइन उपस्थिति का विरोध करते शिक्षक — समृद्धि न्यूज

**प्राथमिक शिक्षक** संघ ने सोमवार को ऑनलाइन अटेंडेंस का विरोध किया। जनपद के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। पूरे प्रदेश भर में इसका विरोध दिखायी पड़ा। शिक्षक संगठनों ने पहले से ही एलान किया था कि परिषदीय स्कूलों में डिजिटल उपस्थिति का विरोध किया जायेगा। विभाग द्वारा थोपे गये इन आदेशों का संगठन विरोध करता रहेगा। जनपद के समस्त शिक्षकों ने विद्यालय पहुंचकर काली पट्टी बांधकर कार्य किया और डिजिटल उपस्थिति का विरोध करते हुए कोई भी शिक्षकों ने हाजिरी ऑनलाइन नहीं लगायी। जबकि सुबह 8:30 बजे तक हाजिरी लगाने की छूट दी गई थी। पूरे प्रदेश भर में मात्र 9 शिक्षकों ने डिजिटल उपस्थिति दर्ज करायी। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक ने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के आवाह्न पर शिक्षकों ने अपनी ऑन लाइन उपस्थिति नहीं दर्ज करायी है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की लंबित मांगे पूरी नहीं की जाती है और ऊपर से ऐसे आदेश थोपे जा रहे है जिसका संगठन हमेशा विरोध करता रहेगा। संगठन की एकजुटता का असर पूरे जिले में दिखायी पड़ा। जनपद के विभिन्न परिषदीय विद्यालय में ऑन लाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करायी गई। जबकि शिक्षकों ने विद्यालय पहुंचकर पठन पाठन का कार्य किया। शीघ्र ही इस ऑन लाइन उपस्थिति को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी व बेसिक शिक्षाधिकारी को सौंपा जायेगा।

# गला हुआ विद्युत पोल शीघ्र बदलने की व्यापार मण्डल ने उठायी मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


हादसे को दावत देता लिंजीगंज रोड पर गला हुआ पोल

**उद्योग व्यापार** मण्डल मिश्रा गुट के जिला महामंत्री प्रमोद गुप्ता ने विद्युत पोल जर्जर अवस्था की जानकारी देकर पोल बदलने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कभी भी हादसा हो सकता है। शीघ्र ही इस पर विद्युत विभाग ध्यान दें। अधिशासी अभियंता नगरी विद्युत वितरण खंड फतेहगढ़ को जानकारी देते हुए बताया कि लिंजीगंज के उत्तरी गेट के निकट पर एक प्राथमिक विद्यालय है जो साहबगंज और कादरीगेट मार्ग पर है। निकट में सिविल सरकारी अस्पताल भी है। विभाग द्वारा एक विद्युत का पोल लगाया गया है जो पोल खंबा वहां पर गाड़ा है वह नीचे से गल कर कट गया है। जिससे वहां किसी भी समय अप्रिय घटना घट सकती है। जूनियर इंजीरियर पाण्डेय को भी अवगत कराया है। अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। तत्काल खम्बा न बदला गया तो हादसा होने की आशंका है। शीघ्र पोल बदलकर गला हुआ खम्बा हटाया जाये।

# ऑन लाइन हाजिरी पूरी अव्यावहारिक: ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी


बैठक को सम्बोधित करते अटेवा के शिक्षक नेता ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी

**अटेवा ऑन लाइन उपस्थिति का करता है विरोध**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सरकार** पिछले 70 सालों में सब जगह सड़क, बिजली व पानी नहीं पहुंचा पायी और शिक्षकों से चाहते है कि वह तुरन्त डिजिटल हो जाये। अटेवा ऑन लाइन उपस्थिति का विरोध करता है। अटेवा के प्रांतीय संगठन मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने बैठक कर ऑन लाइन उपस्थिति का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि ऑन लाइन हाजिरी पूरी तरह अव्यावहारिक है। इसके लिए हम संघर्ष करते रहेगें। उन्होंने सभी संघों से अपील करते हुए कहा कि इसका विरोध होना चाहिए। क्योंकि आम शिक्षकों के लिए जानलेवा साबित होगी। यह व्यवस्था मानसिक दबाव में भागता हुआ शिक्षक जाता है तो दुर्घटना का शिकार हो जायेगा, इसका जिम्मेदार कौन होगा। सरकार विभाग या तानाशाह फरमान। ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने साफ कहा कि शिक्षक कोई मशीन नहीं है जो संवेदनाओं से भरा हुआ भावनाओं में चलने वाला बच्चों के लिए खाली दीमाग में तमाम मानवीय गुणों को पिरोने वाला है। इसके लिए यह व्यवस्था लागू नहीं होनी चाहिए। अटेवा सभी शिक्षा संगठनों से अपील करता है कि शिक्षक हित में विरोध जारी रहेगा और एक साथ शिक्षकों के साथ खड़े होकर इस तानाशाह फरमान को वापस करने के लिए जरुरत पड़ी तो आंदोलन करेगा। शोषण के खिलाफ मुखर होइए, दो कदम हिम्मत दिखाइए, अपने वर्तमान और भविष्य के लिए एकजुट होकर शिक्षक इस तानाशाही फरमान को धिक्कार करते हुए संगठन व शिक्षक शक्ति को मजबूत बनाये। इस मौके पर राकेश प्रसाद, विजेन्द्र मथुरिया, देवेन्द्र कुमार, महाराज सिंह, हिमांशु शुक्ला आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# चोरी व मारपीट के मामले में पीड़ित का ही शांतिभंग में चालान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मारपीट के** मामले में पीड़ित के खिलाफ पुलिस द्वारा एकतरफा कार्यवाही करने के मामले में पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर पीड़ित ने न्याय की गुहार लगायी।

एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में सोहराब ताज पुत्र मोहम्मद सरताज खान निवासी भूसा मंडी ने दर्शाया कि वह पेशे से पत्रकार है। शुक्रवार को अनुज यादव पुत्र विश्वनाथ सिंह यादव निवासी मोहल्ला जाफरी शराब पीकर दुकान पर आया और उसने मेरा मोबाइल चुपके से अपनी जेब में रख लिया। जब मुझे जानकारी हुई और उससे मांगा तो उसने मना कर दिया। इस पर मेरे भाई समीर ने उसकी जेब चेक की तो उसमें मोबाइल मिला। जिसके बाद वह गाली-गलौज करने लगा और काउंटर पर रखा सामान फेंक दिया। अनुज को कोतवाली लेकर पहुंचे और मोबाइल चोरी का प्रार्थना पत्र दिया। जिसके बाद अनुज की बहन का फोन आया और बोली की 10 मीनट में अनुज को नहीं छोड़ा तो कपड़े फाड़ कर कोतवाली चली जाऊंगी और तुम्हारे खिलाफ मुकदमा लिखवा दूंगी। कुछ देर बाद उसका फोन आया कि इंस्पेक्टर सरताज समझौते के लिए बुला रहे हैं। जब मेरा भाई गया तो उसका शांतिभंग में चालान कर दिया। जबकि अनुज के मेडिकल में अल्कोहल की पुष्टि हुई। अनुज पर कोई कार्यवाही नहीं की और उसे छोड़ दिया। मेरे भाई से पांच हजार रुपये की मांग की। पीड़ित ने कार्यवाही की मांग की है।

# दस दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण का हुआ समापन

**अर्थ गंगा अभियान के तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दिया गया प्रशिक्षण**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


प्रमाण पत्र प्राप्त करती प्रशिक्षिकायें — समृद्धि न्यूज

**नमामि गंगे** परियोजना के अंतर्गत महिलाओं को स्वावलंबी एवं सशक्त बनाने हेतु ग्राम मसेनी में चल रहे 10 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। अर्थ गंगा अभियान के द्वारा लोगों को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ने के लिए इस मुहिम का आरंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय वन्यजीव संस्थान की ओर से प्रशिक्षक के रूप में अनु सैनी एवं लक्ष्मी यूनियाल ने सभी महिलाओं को प्रशिक्षित किया। दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को प्रतिदिन चार-चार घंटे का प्रशिक्षण दिया गया। जिसके अंतर्गत महिलाओं को विभिन्न प्रकार के सिलाई के गुण एवं नवाचार से जुड़े सिलाई कार्यों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इसके अंतर्गत महिलाओं के द्वारा सुंदर एवं उपयोगी कपड़े के थैले एवं अन्य सामग्री बनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगणों ने महिलाओं को समाज के कार्यों में सहयोग करने के लिए जागरूक किया। भारतीय वन्यजीव संस्थान के फील्ड कोऑर्डिनेटर पवन कटियार ने महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ मां गंगा के संरक्षण हेतु जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम अपने घर को साफ सुथरा रखने के लिए प्रयास करते हैं इसी तरह से हमें अपने वातावरण एवं अपनी मां गंगा को भी स्वच्छ रखने का प्रयास करना चाहिए। प्रशिक्षक गीता कटियार ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनने हेतु समय-समय पर समाज से जुड़े कार्यों में भागीदारी करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त अपनी मां गंगा को स्वच्छ, अविरल, निर्मल बनाने के लिए महिलाओं को प्रयासरत होना चाहिए। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल ने जानकारी दी कि अर्थ गंगा अभियान से जुड़े। इस तरह के रोजगार से संबंधित कार्यक्रम अन्य स्थानों पर भी संचालित किया जा रहे हैं एवं आने वाले समय में भी अन्य कई स्थानों पर संचालित किए जाएंगे। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय वन्यजीव संस्थान से जुड़े शुभम कटियार, गंगा योद्धा निशु कटियार, मीना, नीलम आदि लोग उपस्थित रहे।

# पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन/ऑन लाइन उपस्थिति का शिक्षकों ने विरोध कर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**विभिन्न शिक्षक संगठनों ने एक साथ किया विरोध**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते शिक्षक — समृद्धि न्यूज

**राष्ट्रीय शैक्षिक** महासंघ व अटेवा ने संयुक्त रुप से ऑन लाइन उपस्थिति का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम सदर को सौंपा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष संजय तिवारी व अटेवा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव ने ज्ञापन सौंपकर मांग की कि परिषदीय विद्यालय में पंजिकाओं डिजिटाइजेशन/ऑनलाइन उपस्थिति शिक्षकों के लिए एक समस्या है। महानिदेशक स्कूली शिक्षा व राज्य परियोजना निदेशक ने परिषदीय विद्यालयों में छात्र उपस्थिति पंजिका एवं एमडीएम पंजिका एवं डिजिटल रुप से व्यवहत करने एवं निरीक्षण पंजिका को छोड़कर अन्य समस्त पंजिकाएं 15 जुलाई से डिजिटल रुप से किये जाने का आदेश निर्गत किया है। 8 जुलाई से शिक्षकों का डिजिटल रुप से किये जाने का आदेश निर्गत हुआ है। जो ठीक नहीं है। ज्ञापन में अंकित समस्याओं का निस्तारण न होने पर 14 मार्च 2024 को कार्यालय लखनऊ में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी। निर्धारित तिथि तक समस्याओं का निराकरण न होने के कारण संगठन ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया था। धरने में प्रतिनिधि मण्डल से वार्ता के दौरान आश्वासन दिया गया था कि डिजिटाइजेशन जुड़ी मौलिक समस्याओं के निस्तारण के पश्चात ही व्यवस्था को लागू किया जायेगा। विभागीय अधिकारी दमन पूर्वक ऑन लाइन उपस्थिति व्यवस्था लागू करना चाहते है। जिसका राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विरोध करता है। साथ ही लीव अवकाश का विकल्प प्रदान किया जाये, अन्य विभागों की भांति शिक्षा विभाग में भी अवकाश के दिनों में देय प्रतिकर अवकाश का विकल्प मानव संपदा पोर्टल पर प्रदान किया जाये, आदि 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संजय तिवारी, अटेवा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव, पुष्पा सिंह, प्रवेश कटियार, मजहर मोहम्मद खान, वीरेन्द्र त्रिवेदी, सुनील दीक्षित, कुशल मिश्रा, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, विमलेश शाक्य, जगदीश नारायण अवस्थी, रेनू सिंह, दीपक शर्मा, वीरेन्द्र त्रिवेदी, सुधीर कुमार पाल, विजेन्द्र सिंह पाल, सतीश चन्द्र, पीयूष कटियार, आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# डा. शिवानी शुक्ला बनी अखण्ड भारत सेवा दल महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अखण्ड भारत सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार दीक्षित ने संगठन का विस्तार किया है। चिकित्सक डा0 शिवानी शुक्ला को अखण्ड भारत सेवा दल महिला मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। राजेश दीक्षित बबलू ने संगठन को गति देने के लिए पदाधिकारियों का गठन किया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही दल समाज में शोषित वंचित पीड़ित, दलित, गरीब, असहाय व्यक्तियों को न्याय दिलायेगा। अन्य सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेगा। सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरुक करेगा। समाज में आपसी भाईचारा बढ़ायेगा। भय, भूख और भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए नियंत्रण प्रयास करेगा। देश की एकता और अखण्डता को बनाये रखने का कार्य करेगा। समाज में फैली भ्रांतियों और कुरीतियों को दूर कर लोगों को जागरुक किया जायेगा। समाज को नशा मुक्त एवं शुद्ध आचरण को बढ़ावा देते हुए संगठन समाज में जातिवाद व क्षेत्रवाद, परिवारवाद, गुटवाद जैसे सभी मुद्दों से हटकर कार्य करेंगे। मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में जनपद में संगठन को मजबूत किया जायेगा और प्रदेश के हर जिले में संगठन के पदाधिकारी होंगे। जो सामाजिक समस्याओं के साथ-साथ लोगों की मदद करेंगे। जिसको देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महिला मोर्चा का डा0 शिवानी शुक्ला को प्रदेश अध्यक्ष नामित किया है।


डा0 शिवानी शुक्ला को मनोनयन पत्र सौंपते राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश दीक्षित

# अखिल भारतीय शाक्य महासभा के जिलाध्यक्ष बने शिवम शाक्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


चुनाव के दौरान मौजूद शाक्य समाज के पदाधिकारी

**अखिल भारतीय** शाक्य महासभा की कार्यकारिणी का चुनाव एक अकादमी कुइयांबूट पर सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से शिवम शाक्य निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुने गए। महेंद्र सिंह शाक्य को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। सभी पदों पर निर्वरोध निर्वाचन हुआ। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी, प्रदेश के अन्य जनपदो, कन्नौज, मैनपुरी, कासगंज, बदायूं आदि से आकर पदाधिकारियों ने भाग लिया और जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बधाई दी। मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार शाक्य कन्नौज, सहायक चुनाव अधिकारी राजेश कुमार बदायूं व योगेश शाक्य बदायूं ने निर्विरोध चुनाव सम्पन्न कराया। प्रदेश महासचिव अरुण कुमार शाक्य ने सभी को बधाई दी। कमेटी के जिलाध्यक्ष शिवम शाक्य, महासचिव कौशलेन्द्र सिंह शाक्य, कोषाध्यक्ष वीर सिंह शाह नियुक्त किये गये तथा शपथ दिलायी गई। दिल्ली इकाई की ओर से आये राष्ट्रीय सचिव हरि गोविन्द सिंह कवि व सुनील कुमार शाक्य, प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार शाह, प्रदेश कोआर्डिनेटर कुलदीप सिंह शास्त्री, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष नीरज प्रताप शाक्य मौजूद रहे। इस दौरान जगदीश सिंह शाक्य, महावीर सिंह शाक्य, महेन्द्र सिंह शास्त्री, गोविन्द सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# मोबाइल रिचार्ज के दाम बढ़ने पर बीएसएनएल की 6 दिन में बिकीं 10 हजार सिमें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मोबाइल** रिचार्ज के दामों में बढ़ोत्तरी होने के कारण ग्राहक फिर बीएसएनएल की सेवा लेने के लिए आतूर हो रहा है। अभी तक मुख्य बीएसएनएल कार्यालय लालगेट पर पिछले 3 जुलाई से 8 जुलाई के बीच लगभग 500 से ज्यादा लोगों ने सिम खरीदी है। वहीं जनपद में लगभग 2500 बीएनएनएल की सिम बिकी है। वहीं 7 हजार ग्राहकों ने जिओ, एयरटेल, वोडा की सिम बीएसएनएल में पोर्ट कराई है। मात्र 6 दिन में ही लगभग 10 हजार ग्राहक बीएसएनएल से जुड़ गये है। मोबाइल रिचार्ज के बढ़ते दामों में आम आदमी को फोन चलाना महंगा पड़ रहा है। अब जरुरत के अनुसार ही फोन चलाया जायेगा। अधिकांश ग्राहक बीएसएनएल की सिम लेने के लिए मजबूर हो रहे है। ऐसे में जिन लोगों के पास दो या तीन सिम है वह अनिवार्य रुप से एक सिम बीएसएनएल की जरुर ले रहे है। 249 रुपये में 45 दिन का बीएसएनएल ने प्लान दिया है। जिसमें अनलिमिटेड काल व 2 जीबी डाटा प्रतिदिन एवं एक सिम भी साथ दे रहा है। दूसरा प्लान 1999 का है जो एक वर्ष का रहेगा। इसमें अनलिमिटेड कॉलिंग, दो जीबी डाटा प्रतिदिन मिलेगा। ग्राहक इसको भी एक बड़े चाऊ से खरीद रहा है। बीएसएनएल के हेड क्लर्क आलोक मिश्रा ने बताया कि 147 रुपये वाले प्लान में 30 दिन का है। जिसमें अनलिमिटेड कॉलिंग के साथ 10 जीबी डाटा एक माह के लिए मिलेगा। 199 रुपये के प्लान में 2 जीबी डाटा प्रतिदिन 30 दिन के लिए मिलेगा, जिसमें अनलिमिटेड कॉलिंग रहेगी। बीएसएनएल की सिम पिछले एक सप्ताह से तेजी से बिक रही है। आने वाला समय बीएसएनएल का फिर होने वाला है। अन्य कम्पनियों के सिम लोग अब बदलने के लिए मजबूर हो रहे है।


नये सिम कम्प्यूटर पर फीडिंग करते हेड क्लर्क आलोक मिश्रा

सीएम धामी ने बैरांगना में भाजपा उम्मीदवार राजेन्द्र भण्डारी के पक्ष में आयोजित जनसभा को किया संबोधित, कहा

# किसी सूरत में नहीं बदलेगा देवभूमि का स्वरूप

**कांग्रेस, उत्तराखंड को बनाना चाहती है भ्रष्टाचार की नई प्रयोगशाला**

एजेंसी



**गोपेश्वर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को चमोली जिले के मंडल घाटी के बैरांगना में बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार राजेन्द्र भण्डारी के पक्ष में आयोजित जनसभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि बदरीनाथ विधान सभा के उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार की जीत के बाद यहां ट्रिपल इंजन काम करने लगेगा। जिससे विकास की गति और भी तेजी के साथ आगे बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने जनता से आगामी 10 जुलाई को उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास, बच्चों के भविष्य, क्षेत्र में नई ऊंचाइयों में ले जाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान कर नया रिकॉर्ड स्थापित करना है। बैरांगना की भूमि अतिपावन है। ये पंचकेदार, बद्रीविशाल, गोपीनाथ भगवान की पावन भूमि है।

उन्होंने कहा कि राजेंद्र भंडारी ने क्षेत्र के कई कार्यों को आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड तेजी से आगे बढ़ रहा है। देवभूमि से मोदी का विशेष लगाव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की विकास की गारंटी दी जाती है। बीते 10 वर्षों में देश ने प्रधान मंत्री मोदी की गारंटी को देखा है। आज भारत दुनिया का नेतृत्व करने वाला भारत बना है। भारत पहले से अधिक शक्तिशाली एवं समृद्ध हुआ है। भारत नए नए इतिहास बना रहा है। अलगाववाद, आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश कोने में दुबके हुए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तेजी से कार्य हो रहा है। कश्मीर से धारा 370 समाप्त हो गई है। सीएए कानून लागू किया गया। देश से तीन तलाक को खत्म कर दिया गया है। अयोध्या में राम मंदिर बनने का सपना पूरा हुआ है। भारत दुनियां की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने सबसे पहले समान नागरिक संहिता कानून लागू किया। यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड, देश का पहला राज्य बन गया है। उत्तराखंड कई क्षेत्र में आगे बढ़ा है। राज्य में देश का सबसे प्रभावी सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है, जिससे अब सरकारी नौकरियों में पूर्ण पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं करवाई जा रही हैं। सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य सेवक के नाते उन्होंने संकल्प लिया है कि देवभूमि का स्वरूप किसी भी सूरत में बदलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देवभूमि के लोगों के प्रति हर किसी का नजरिया बदला है। चार धाम यात्रा इस वर्ष नया रिकॉर्ड स्थापित कर रही है। सीएम ने कहा कि चार धाम में आने वाले लोग अन्य जगहों पर भी जाए, इसके लिए भी नीति बनाकर कार्य किया जा रहा है। इससे अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा मेहनत समर्पित भाव से विकास कर रही है तो दूसरी ओर कांग्रेस, उत्तराखंड को भ्रष्टाचार की नई प्रयोगशाला बनाना चाहती है। मोदी के 10 सालों का विकास कांग्रेस के 65 सालों के विकास पर भारी पड़ रहा है। कांग्रेस ने केवल भारत को लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 99 सीटें लाकर जीत का झूठा जश्न मना रही है । इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, भाजपा उम्मीदवार राजेंद्र भण्डारी, विधायक भोपाल राम टम्टा, बलवीर घुनियाल, वीरेंद्र असवाल, योगेंद्र सेमवाल, कुंदन परिहार, कुलदीप वर्मा आदि मौजूद थे।

# मोबाइल लोकेशन साझा करना जमानत की शर्त नहीं : उच्चतम न्यायालय

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि आरोपियों को जमानत देने के लिए उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के वास्ते गूगल पिन का स्थान संबंधित जांच अधिकारियों से साझा करने की शर्त नहीं रखी जा सकती। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोपी नाइजीरिया के निवासी फ्रैंक विटस की दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर अपील पर यह फैसला सुनाया?।

पीठ ने कहा, जमानत की शर्त जमानत के मूल उद्देश्य को विफल नहीं कर सकती। ऐसी कोई शर्त नहीं हो सकती जो पुलिस को आरोपी व्यक्तियों की आवाजाही पर लगातार नज़र रखने में सक्षम बनाए याचिकाकर्ता विटस ने दिल्ली उच्च न्यायालय की? ओर से जमानत के लिए मोबाइल लोकेशन पुलिस से साझा करने की शर्त की व्यवस्था के आदेश को चुनौती देते हुए कहा था कि इससे उसके निजात के अधिकार का उल्लंघन होता है। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान पाया कि जमानत की शर्त के रूप में गूगल पिन स्थान साझा करने की शर्त भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत निजता के अधिकार पर आघात करती है। शीर्ष अदालत ने पहले यह भी कहा था कि जब एक बार किसी अभियुक्त को अदालतों द्वारा निर्धारित शर्तों के साथ जमानत पर रिहा कर दिया जाता है तो उसके ठिकाने को जानना और उसका पता लगाना अनुचित हो सकता है।

वजह यह कि इससे उसकी निजता के अधिकार में बाधा आ सकती है। उच्चतम न्यायालय ने तब कहा था, ÷यह जमानत की शर्त नहीं हो सकती। हम सहमत हैं कि ऐसे दो उदाहरण हैं जहां इस न्यायालय ने ऐसा किया है, लेकिन यह जमानत की शर्त नहीं हो सकती।

# मुंबई में भारी बारिश से सभी आपातकालीन एजेंसियों को हाई एलर्ट पर रहने के आदेश

एजेंसी



**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई सहित राज्य के कई जिलों में भारी बारिश होने के बाद सभी आपातकालीन एजेंसियों को हाई एलर्ट पर रहने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने सिर्फ जरुरी काम रहने पर ही आम नागरिकों को घर से बाहर निकलने की अपील की है।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य में बारिश की स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की बुलाई थी। इस बैठक में सीएम ने सभी आपातकालीन एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संदेश में, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि भारी बारिश के कारण मुंबई में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, उन्होंने कहा, सडक़ों पर ट्रैफिक जाम है और रेलवे लाइन पर भी यातायात प्रभावित हुआ है। रेलवे प्रशासन द्वारा ट्रैक से पानी हटाने का काम जारी है और जल्द ही यातायात बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।÷ सीएम शिंदे ने अपने पोस्ट में कहा, ÷मैंने सभी आपातकालीन एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। नागरिक केवल आवश्यक होने पर ही बाहर निकलें। मैं मुंबई नगर निगम, पुलिस प्रशासन और आपातकालीन सेवाओं से भी सहयोग करने की अपील कर रहा हूं।÷ मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा, ÷महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भारी बारिश के कारण राज्य और मुंबई में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा के लिए आपदा नियंत्रण कक्ष में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। मुंबई के संरक्षक मंत्री एमपी लोढ़ा, राहत और पुनर्वास मंत्री अनिल पाटिल और अन्य लोग मौजूद हैं।

## मुर्मु ने समुद्र तट पर समय बिताया, सोशल मीडिया पर साझा किया अनुभव

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वार्षिक रथ यात्रा में भाग लेने के एक दिन बाद सोमवार सुबह पवित्र शहर पुरी के समुद्र तट पर कुछ समय बिताया और प्रकृति के साथ निकटता के अपने अनुभव सोशल मीडिया पर साझा किये। श्रीमती मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक्स पर लिखा, ऐसी जगहें हैं जो हमें जीवन के सार के करीब लाती हैं और हमें स्मरण दिलाती हैं कि हम प्रकृति का भाग हैं। पहाड़, जंगल, नदियाँ और समुद्र तट हमारे अंतर्मन को आकर्षित करते हैं। आज जब मैं समुद्र तट पर टहल रही थी, तो आस-पास के वातावरण के साथ मुझे गहरा जुड़ाव महसूस हुआ - शीतल पवन, लहरों की गर्जना और पानी का अथाह विस्तार। यह ध्यान में बैठने जैसा अनुभव था। उन्होंने कहा, मुझे गहन शांति की अनुभूति हुई, जो मैंने कल महाप्रभु श्री जगन्नाथजी के दर्शन करते समय महसूस की थी। और ऐसा अकेला मेरा अनुभव नहीं है।

# सिल्वरवुड की जगह जयसूर्या बनेंगे श्रीलंकाई पुरुष क्रिकेट टीम के कोच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान और एक समय मुख्य चयनकर्ता रहे सनथ जयसूर्या ने सोमवार को कहा है कि वह राष्ट्रीय पुरुष टीम के नए मुख्य कोच होंगे। क्रिस सिल्वरवुड ने टी20 विश्व कप से देश के जल्दी बाहर होने के बाद पद छोड़ दिया था।

वर्षीय जयसूर्या ने कहा कि उन्हें श्रीलंका क्रिकेट ने इस महीने भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज और अगस्त में श्रीलंका के इंग्लैंड दौरे से पहले राष्ट्रीय टीम का कोच बनने के लिए कहा है। जयसूर्या ने एएफपी से कहा, ÷मुझे कोचिंग का जिम्मा संभालने के लिए कहा गया है और मैं ऐसा करके खुश हूं।÷ पूर्व टेस्ट और वनडे कप्तान जयसूर्या राष्ट्रीय चयनकर्ता भी रह चुके हैं। 21 जुलाई को चल रही टी20 लंका प्रीमियर लीग के खत्म होने के बाद उन्हें टीम की कमान संभालनी है। जयसूर्या ने खेल के तीनों प्रारूपों में 586 बार श्रीलंका का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें 42 शतक और 440 विकेट शामिल हैं। उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2011 में खेला था। श्रीलंका क्रिकेट के अनुसार, इंग्लैंड के पूर्व कोच सिल्वरवुड, ने ÷व्यक्तिगत कारणों÷ से पद छोड़ दिया, जिसने उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद दिया। श्रीलंका ने टी20 विश्व कप टूर्नामेंट में नीदरलैंड के खिलाफ केवल एक मैच जीता और अपने ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के बाद तीसरे स्थान पर रहा। सिल्वरवुड ने अप्रैल 2022 में पदभार संभाला और तुरंत सफलता का आनंद लिया, क्योंकि श्रीलंका ने उसी वर्ष बाद में टी20 एशिया कप जीता। टीम 2023 में 50 ओवर के एशिया कप के फाइनल में पहुंची,लेकिन वे 2022 में टी20 विश्व कप और पिछले साल के 50 ओवर के विश्व कप के नॉकआउट चरणों में जगह बनाने में विफल रहे।

# शिक्षकों के तबादले पर रोक दिल्ली वालों की जीत : आतिशी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि शिक्षा निदेशालय द्वारा दो जुलाई को एक आदेश के तहत पाँच हज़ार से अधिक शिक्षकों का तबादला कर दिया गया था जिस पर अब रोक लगा दी गई है जो दिल्ली वालों की जीत है।

सुश्री आतिशी ने शिक्षकों को बधाई देते हुए आज कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों के शिक्षकों, बच्चों और उनके अभिभावकों का संघर्ष सफल रहा। शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी आज एक आदेश के माध्यम से दो जुलाई को जारी किए एक ग़लत आदेश के तहत 5000 से ज़्यादा शिक्षकों का तबादला कर दिया गया था लेकिन अब रोक लगा दी गई है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली जैसी शिक्षा क्रांति भाजपा अपने शासित किसी राज्य में नहीं ला पाई है।भाजपा शासित गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश इन सभी राज्यों में सरकारी स्कूल टूटे-फूटे हाल में है जहां ग़रीब से ग़रीब परिवार भी अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में नहीं भेजना चाहते।

वही दूसरी तरफ़ अरविंद केजरीवाल सरकार है, जिसके 10 साल की मेहनत की बदौलत आज दिल्ली में सरकारी स्कूल प्राइवेट स्कूलों से बेहतर है, उनके नतीजे प्राइवेट स्कूलों से बेहतर है। अभिभावक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों से निकालकर सरकारी स्कूलों में दाखिला करवा रहे हैं। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, भाजपा से दिल्ली की यह शिक्षा क्रांति हज़म नहीं हुई इसलिए षड्यंत्र रचा कि जो शिक्षक अरविंद केजरीवाल की शिक्षा क्रांति में शामिल है, जो ग़रीब बच्चों को अच्छी शिक्षा दे रहे हैं उनका एक बार में तबादला कर दिया जाए।

## हेमंत सरकार में मंत्री बने पूर्व सीएम चंपई सोरेन, 11 मंत्रियों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के 10 अन्य नेताओं ने सोमवार को झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के 4 जुलाई को झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से एक दिन पहले 3 जुलाई को चंपई सोरेन ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के अन्य वरिष्ठ राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति में राजभवन में एक समारोह में 11 नेताओं को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। 12 सदस्यीय मंत्रिमंडल में नए चेहरे, जिनमें मुख्यमंत्री भी शामिल हैं, कांग्रेस के जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी, महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह और झामुमो के लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम हैं। पिछली चंपई सोरेन कैबिनेट में मंत्रियों की सूची से अंतिम क्षण में राम का नाम बाहर कर दिया गया था, जिसे उन्होंने अपमान बताया था।

# रेलवे के जेई, एसएसई को ग्रुप बी पदों में करने की मांग



**अखिल भारतीय रेलवे इंजीनियर्स फेडरेशन का महाधिवेशन सम्पन्न**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** 8 जुलाई 2024 को अखिल भारतीय रेलवे इंजीनियर्स फेडरेशन का दिवार्षिक महाधिवेशन आर. के. होटल बिजनौर रोड लखनऊ में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर सभी जोन के लगभग 250 इंजीनियर्स उपस्थित हुए और नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें बी. पी. दास को राष्ट्रीय महासचिव, एस. डी. चतुर्वेदी को राष्ट्रीय अध्यक्ष, शिवकांत को राष्ट्रीय संगठन महासचिव, एस. के. पाण्डेय को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, मनोज पाण्डेय को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, संजीव मुखर्जी को राष्ट्रीय ऑडिटर आदि पदों पर सर्व सम्मति से चुना गया जहाँ रेलवे के जेई, एसएसई को ग्रुप बी पदों में करने की मांग की गई।

मंच का संचालन पूर्व राष्ट्रीय महासचिव कैलाश यादव ने किया, इस मौके पर रामौतार प्रसाद, ऐ. के. त्यागी, जी. आर. पन्नु, आर. के. पाण्डेय, आर. पी. शर्मा, ऐ. के. वर्मा, एच. एस. भदौरिया, शैलेन्द्र सिंह, विनोद सचान आदि सदस्यों ने हिस्सा लिया सभी को धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

## अभिषेक मनु सिंघवी को तेलंगाना से राज्यसभा भेजने की तैयारी

**नई दिल्ली।** के केशव राव के राज्यसभा से इस्तीफे के मद्देनजर, कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को उम्मीद है कि नई खाली हुई सीट को भरने के लिए उनके नाम पर विचार किया जाएगा। हालांकि, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पार्टी इस सीट के लिए केशव राव की जगह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के किसी वरिष्ठ नेता को चुन सकती है। उन्होंने कहा कि पार्टी कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य और एआईसीसी के वरिष्ठ प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को राज्यसभा के लिए नामांकित करने पर विचार कर रही है। सूत्रों ने कहा कि केशव राव को राज्य सरकार का सलाहकार नियुक्त किए जाने के साथ, यह पद कैबिनेट रैंक का है, उनकी पुनर्नियुक्ति की संभावना नहीं दिखती है। कार्यकाल के दो साल शेष रहने पर, जब तक भारतीय चुनाव आयोग रिक्त सीट को अधिसूचित करेगा, तब तक गतिशीलता बदल सकती है। जैसा कि फरवरी में दो सीटों को भरने के दौरान भी अपनाया गया था, कांग्रेस की राज्य इकाई ने एआईसीसी को निर्णय लेने की जिम्मेदारी सौंपने के अपने इरादे का संकेत दिया है।

# चीनी सेना ने लद्दाख के पास इकट्ठा किए हथियार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चीन की सेना पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील के बॉर्डर के पास बड़े पैमाने पर हथियार इकट्ठा कर रही है। स् फर्म ब्लैकस्काई ने इसकी सैटेलाइट इमेज जारी की है। ब्लैकस्काई का दावा है कि इन इमेज में चीनी सैनिकों के बंकर दिखाई दे रहे हैं। इन्हें हथियार और ईंधन के भंडारण के लिए बनाया गया है। ये बंकर 2021-22 के दौरान बनाए गए हैं। इनमें ईंधन और हथियारों को छिपाया गया है। इस जगह पर बख्तरबंद गाड़ियां भी देखी गई हैं।

पैंगोंग झील के पास सिरजैप में चीनी सैनिकों का बेस है। यहां चीनी सैनिकों का मुख्यालय भी है। इस जगह पर भारत अपना दावा करता आया है। ये जगह स्ष्ट से सिर्फ 5 किलोमीटर दूर है। 5 मई 2020 को चीनी सैनिकों और भारतीय सैनिकों के बीच झड़प हो गई थी। उस वक्त ये पूरा इलाका खाली था। यहां न कोई गाड़ी थी, न ही कोई चौकी।



### सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं आया

ये बेस गलवान घाटी से 120 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में है, जहां जून 2020 में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। इस दौरान 20 भारतीय सैनिकों की जान चली गई थी। पूर्वी लद्दाख में नए खुलासे पर अब तक भारत सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। एक पूर्व भारतीय सेना के अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि आज के समय में उपग्रहों या हवाई निगरानी प्लेटफॉर्मों का उपयोग करके सब कुछ सटीक रूप से पता लगाया जा सकता है। बेहतर सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए सुरंग बनाना ही एकमात्र उपाय है।

चीनी सेना ने इसके बाद इलाके में धीरे-धीरे अपनी गतिविधियां बढ़ाईं। ब्लैकस्काई ने जो तस्वीर ली है वह 30 मई 2024 की है। इसमें एक भूमिगत बंकर साफ दिख रहा है। इस बंकर में 5 दरवाजे हैं। बंकर को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसे हवाई हमले से कोई नुकसान न हो।

ब्लैकस्काई के एक विशेषज्ञ ने नाम उजागर न करने की शर्त बताया कि इस बेस में कई बख्तरबंद गाड़ियों को छिपाया जा सकता है, परीक्षण रेंज, ईंधन और गोला-बारूद को इकट्ठा करने के लिए भी यहां जगह है। चीनी सेना ने इस बंकर तक पहुंचने के लिए सड़कों और खाइयों का नेटवर्क बनाया है।

### इससे पहले तिब्बत के पास तैनात किए थे लड़ाकू विमान

इस साल मई में चीन ने उत्तर-पूर्वी राज्य सिक्किम के समीप तिब्बत में शिगात्से एयरबेस पर अत्याधुनिक जे20 स्टेल्थ लड़ाकू विमानों को तैनात किया था। 27 मई को जारी सैटेलाइट तस्वीरों से इसका खुलासा हुआ था। ये इलाका भारत के पूर्वी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा से केवल 150 किलोमीटर दूर है। तब जियोस्पेशल इंटेलिजेंस सोर्सेज पर नजर रखने वाली ऑलसोर्स एनालिसिस ने इन लड़ाकू विमानों की तैनाती के बारे में खुलासा किया था। इसमें एयरबेस पर 6 चीनी जे-20 स्टेल्थ लड़ाकू विमानों को एक लाइन से खड़े देखा जा सकता है।

# हेल्दी स्नैकिंग रिपोर्ट : देश में लगातार बढ़ रही मखाने व सूखे मेवे की मांग

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** भारत में स्नैकिंग के बदलते रूझानों पर रोशनी डालने के प्रयास में जाने-माने स्नैकिंग स्पेशलिस्ट फार्म लेने राजधानी में आयोजित पहले इंडियन स्नैकिंग समिट के दौरान अपनी तरह की पहली हेल्दी स्नैकिंग रिपोर्ट 2024 का अनावरण किया।

भारत में सेहतमंद स्नैकिंग को बढ़ावा देने वाले कारकों और रूझानों पर रोशनी डालते हुए इस रिपोर्ट ने बताया कि ज़्यादातर भारतीय, स्नैक्स के पौष्टिक विकल्पों को अपनाना चाहते हैं, रिपोर्ट के अनुसार आज के उपभोक्ता सोच-समझ पर अपने आहार का चुनाव करते हैं। हालांकि सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाले 58 फीसदी लोगों ने बताया कि रीटेल की ऊंची लागत इस बदलाव को अपनाने में आने वाली मुख्य बाधा है। हेल्दी स्नैकिंग की बात करें तो मखाने और सूखे मेवे की मांग लगातार बढ़ रही है, 67 फीसदी उत्तरदाता अपने आहार में इन पोषक तत्वों को शामिल करना चाहते हैं।

भारत में मखाने की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए 59 फीसदी मिलेनियल्स इसे भरोसमंद स्नैक मानते हैं, वहीं जनरेशन ज़ी (49 फीसदी) और जनरेशन एक्स (47 फीसदी) के लिए भी मखाने स्नैकिंग का पसंदीदा विकल्प हैं, इससे स्पष्ट है कि हर उम्र के लोगों में मखाने की लोकप्रियता बढ़ रही है।

इसके अलावा 70 फीसदी उत्तरदाताओं ने बताया कि स्नैक्स के सेवन के लिए उनका पसंदीदा समय शाम का समय है, वे शाम की चाय/कॉफी के साथ स्नैक्स का सेवन करना चाहते हैं। देशभर में 6000 से अधिक लोगों के साथ किए गए विस्तृत सर्वेक्षण के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की गई, इनमें हर उम्र के प्रतिनिधी-बूमर्स, जनरेशन एक्स, मिलेनियल्स और जनरेशन ज़ी शामिल हैं।

## खबरें एक नजर में

### 65,000 से अधिक गैर-साक्षर वयस्कों को किया गया शिक्षित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारती एयरटेल फाउंडेशन के 'सत्य भारती स्कूल' समुदाय-केंद्रित पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को सशक्त एवं योग्य बनाने की दिशा में निरंतर सफलतापूर्वक अग्रसर है और ये इस विश्वास की पुष्टि भी करते हैं कि बच्चे वास्तव में दुनिया को बदल सकते हैं। इस प्रयास के केंद्र में छात्र-नेतृत्व वाले वे सामुदायिक अभियान हैं, जिनका उद्देश्य युवा शिक्षार्थियों के बीच जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देना है। साक्षरता भारती अभियान के माध्यम से वयस्क साक्षरता पर मुख्य रूप से ध्यान देने के साथ-साथ, 'सत्य भारती स्कूल' विभिन्न प्रभावी सामुदायिक अभियानों में सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे हैं। 2016 में शुरू किया गया साक्षरता भारती अभियान उन प्रमुख पहलों में से एक है जिसके अंतर्गत सत्य भारती स्कूलों के छात्र अपने परिवारों और समुदायों में गैर-साक्षर वयस्कों के लिए कम से कम बुनियादी शिक्षा की आवश्यकता-पूर्ति की पैरवी करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश कार्य के एक भाग के रूप में दिए गए, छात्रों ने अब तक अपने परिवारों और समुदायों में 65,000 से अधिक गैर-साक्षर वयस्कों को मौलिक साक्षरता और संख्यात्मक कौशल हासिल करने में सहायता की है। इस पहल का उद्देश्य न केवल बुनियादी पढ़ाई, लिखाई और संख्या-ज्ञान संबंधी कौशल को विकसित करना है अपितु छात्रों में सशक्तिकरण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी उत्पन्न करना है।

### पीरियड्स लीव की मांग पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को पीरियड्स के दौरान छुट्टी दिये जाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस तरह की छुट्टियों को अनिवार्य बनाये जाने का एक खतरा ये भी है कि महिलाओं को नौकरी से निकाल दिया जाए या फिर उन्हें जॉब पाने ही में दिक्कत होने लगे। कोर्ट ने कहा कि ये नीतिगत मसला है, जिस पर सरकार को विचार करना चाहिए। कोर्ट के दखल का कोई औचित्य नहीं बनता है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वो महिला और बाल विकास मंत्रालय को ज्ञापन दे। सरकार सभी संबंधित पक्षों के साथ बात कर फैसला ले कि क्या ऐसी कोई पॉलिसी बनाई जा सकती है या नहीं। दरअसल, 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को निर्देश दिया था कि वे वो सरकार को अपना प्रतिवेदन दे। याचिकाकर्ता के मुताबिक उसने केंद्र सरकार को प्रतिवेदन दिया भी था लेकिन कोई सकारात्मक उत्तर नहीं मिला।

### राहुल ने किया बाढ़ प्रभावित कछार में आश्रय शिविर का दौरा

**कछार।** कांग्रेस सांसद तथा विपक्ष के नेता राहुल गांधी असम और मणिपुर के दौरे पर सोमवार को सुबह कछार पहुंचे। राहुल सुबह 9-20 बजे दिल्ली से विशेष विमान से आकर कुंभीरग्राम हवाई अड्डे पर उतरे। हवाई अड्डे से सड़क मार्ग से कछार जिलांतर्गत लखीपुर के फुलराताल स्थित एक आश्रय शिविर पहुंचे। वहां लोगों से बातचीत की। राहुल गांधी करीब 25 मिनट तक शिविर में रहे। उन्होंने इस दौरान शरणार्थियों से बात की और समस्याओं को सुना। उनके साथ प्रदेश असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा, मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री इबोबी सिंह और अन्य कांग्रेस नेता भी मौजूद थे। इसके बाद राहुल गांधी मणिपुर के जिरिबाम के लिए रवाना हो गए।

### 80 लाख बच्चों को दी जाएगी पोलियो की खुराक

**काबुल।** अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से 23 में सोमवार से चार दिवसीय घर-घर पोलियो उन्मूलन अभियान शुरू हुआ। टीवी आउटलेट टोलोन्यूज़ ने सोमवार को बताया कि अभियान के दौरान पांच वर्ष से कम उम्र के लगभग 80 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। इस साल दूसरा राष्ट्रव्यापी पोलियो उन्मूलन अभियान तीन जून को शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य अफगानिस्तानी बच्चों को पोलियो की बीमारी से बचा।

### सीबीआई जांच के खिलाफ बंगाल सरकार की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने संदेशखली में महिलाओं के सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने याचिका खारिज करने के साथ ही स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियों से निचली अदालत की कार्यवाही पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के कथित मामले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पार्टी के सदस्य शेख शाहजहां और अन्य पर महिलाओं के सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोप लगाये गये हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गत 10 अप्रैल को उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट उपमंडल के संदेशखाली में निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां और अन्य के खिलाफ महिलाओं के यौन शोषण और भूमि हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच के आदेश दिए थे।

### सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स की वार्षिक मानसून सेल शुरू



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** देश में मानसून के आगाज़ के साथ ही, सीज़न में विशेष आकर्षण जोड़ते हुए भारत के सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेल ब्रांड्स में से एक, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स की साल के सबसे प्रतीक्षित वार्षिक मानसून सेल शुरू हो चुकी हैं, जिसमें एक से बढ़कर एक ऑफर्स पेश किए जा रहे हैं। सेंको हस्तनिर्मित डायमंड ज्वेलरी की एक शानदार रेंज पेश करता है, जो हर उत्सव के लिए उपयुक्त है। इसमें क्लासिक डायमंड्स से लेकर अनूठे रत्नों तक बहुत कुछ शामिल है। प्रत्येक ज्वेलरी को प्रकृति के जीवंत रंगों से प्रेरणा लेते हुए तैयार किया गया है, जो सुंदरता और पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलने वाले आकर्षण की पेशकश करती है, जिसके लिए सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स जाना जाता है। डायमंड ज्वेलरी में निवेश करने के इच्छुक ग्राहक मेकिंग चार्ज पर 25 प्रतिशत और डायमंड के मूल्य पर 10 प्रतिशत तक की छूट का आनंद ले सकते हैं। ग्राहकों को पुराने सोने के एक्सचेंज पर डायमंड ज्वेलरी की खरीदी के दौरान 0 प्रतिशत की कटौती और गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्जेस पर 35 प्रतिशत तक की छूट भी दी जा रही है। जोइता सेन, डायरेक्टर, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स, ने कहा, इसमें कोई दो राय नहीं है कि डायमंड्स महिलाओं को अतिप्रिय होते हैं। ऐसे में, सेंको में हम अपने ग्राहकों के खरीदारी अनुभव को बेहतर बनाने और ग्राहकों को बेहतर मूल्य देने के लिए समर्पित हैं।

### पंजाब में चार लोगों की गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़।** पुलिस ने सोमवार को कहा कि पंजाब के गुरदासपुर जिले में पुरानी दुश्मनी को लेकर ग्रामीणों के दो समूहों ने एक-दूसरे पर गोलीबारी की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। यह घटना रविवार रात बटाला के विथवान गांव में हुई, पुलिस ने कहा कि दोनों समूहों में 13 लोग शामिल थे। पुलिस ने कहा कि गोलीबारी में दोनों समूहों के दो-दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की और कहा कि घटना की आगे की जांच जारी है।